जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**Training The New Army!** On being sent solo one morning Shamshul failed to return beyond his fuel endurance time. The entire camp anxiously waited for his news.

**Weird & Wild Animal Behaviours**

**A Rivalry of Past vs Present** Messi vs Mbappe. Final within a final.



*मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान में कांग्रेस सरकार के चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर शनिवार को अपने सिविल लाइन्स, जयपुर स्थित निवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। गहलोत ने अपने मुँह से सरकार की योजनाओं की जमकर और बढ़-चढ़कर तारीफ की। मुख्यमंत्री ने तो इतना तक कह दिया कि, पहली बार वे ऐसा देख रहे हैं कि 4 साल के बाद भी सरकार के खिलाफ कोई माहौल नहीं है। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा तथा प्रदेश सरकार के कई अन्य मंत्री मौजूद थे।*

# सरकार के 4 साल पूरे होने पर गहलोत ने खुद की पीठ थपथपाई

## बोले, पहला मौका है जब सरकार के खिलाफ माहौल नहीं, इससे बड़ी उपलब्धि क्या होगी

जयपुर, 17 दिसम्बर (का.प्र.)। राज्य सरकार के 4 साल के कार्यकाल पूरा होने के मौके पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज खुद की पीठ थपथपाई और हर योजना को लेकर खुद की प्रशंसा की। उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने तो इतना तक कह दिया कि पहली बार ऐसा दिख रहा है कि 4 साल के बाद भी सरकार के खिलाफ माहौल नहीं है। उन्होंने इसे भी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि बता दिया।

मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा है कि यह पहला मौका है, जब सरकार के खिलाफ कोई माहौल नहीं है। फिर भी विपक्ष के लोग हमारी सरकार, मंत्री और विधायकों के बारे में अफवाह फैलाते हैं। गहलोत ने यह भी कहा कि "मैं जब पॉलिटिकल रिटायरमेंट ले लूंगा, तो पॉलिटिकल क्लास लूंगा, उसमें सारी स्किल और अनुभव का जिक्र किया जाएगा।" राजस्थान में गहलोत वर्सेस पायलट के बीच चल रहे राजनीतिक विवाद तथा इसके नुकसान को लेकर गहलोत ने कहा कि "राजस्थान कांग्रेस में कोई विवाद है ही नहीं। हमारे बीच तो

- **गहलोत ने कहा, "जब पोलिटिकल रिटायरमैंट ले लूंगा तो पोलिटिकल क्लास लिया करूंगा।"**
- **उन्होंने कहा, "वसुंधरा और गजेन्द्र सिंह के मनमुटाव का नुकसान प्रदेश की जनता क्यों भुगते, आदि, आदि"**

प्यार मोहब्बत की बातें होती हैं।"

गहलोत ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि ईस्टर्न राजस्थान कैनाल (ई.आर.सी.पी.) 13 जिलों की है, वहां पानी का भारी संकट है। जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत राजस्थान के हैं, लेकिन वे धोखा दे रहे हैं। ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं करने पर जब हमने इसका काम शुरू करने का फैसला किया तो अब कह रहे हैं, बंद कर दो। यह कहने की हिम्मत कैसे हो गई। हमने 9500 करोड़ का प्रावधान कर दिया। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री राजस्थान के हैं। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे और मंत्री गजेंद्र के क्या संबंध है, वह तो वह जाने, लेकिन ऐसे मामलों में आपस में मनमुटाव है तो पब्लिक उसे क्यों भुगते ? वसुंधरा की योजना शुरू की हुई थी और यह विभाग उनको बाद में मिला है, इसलिए अड़चन पैदा कर रहे होंगे। गहलोत ने कहा कि ओल्ड पेंशन स्कीम का भार 25 साल बाद पड़ेगा। जो कर्मचारी 35 साल सरकार की सेवा करता है, उसकी सुरक्षा क्यों नहीं हो ? अब जमाना सोशल सिक्योरिटी का है। विकसित देशों में सप्ताह में पैसा मिलता है। अब वक्त आ गया है। मोदीजी, देश में सोशल

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# दूरबीन से भी कहीं विकास नहीं दिख रहा है: राजेन्द्र राठौड़

## विधानसभा में विपक्ष के उप नेता राजेन्द्र राठौड़ ने कहा, करोड़ों रू. के विज्ञापनों से झूठी वाहवाही लूट रही है सरकार

जयपुर, 17 दिसम्बर। उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने वक्तव्य जारी कर कहा कि, "कांग्रेस सरकार अपने 4 वर्षीय कार्यकाल को विकास की उपलब्धियां बताते हुए जनता की गाढ़ी कमाई के करोड़ों रुपये विज्ञापन पर खर्च कर झूठी वाहवाही लूट रही है, जबकि, दूरबीन से भी विकास कहीं पर नहीं देख रहा है।

सरकार के खाते में उपलब्धियों के नाम पर लचर कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, कुशासन, महिला दुष्कर्म, किसान कर्जमाफी नहीं करना, महंगी बिजली, जर्जर सड़कें, बदहाल चिकित्सा व्यवस्था व सांप्रदायिक दंगे जैसे कई मुद्दे हैं, जिनकी वजह से राजस्थान इन 4 वर्षों में आगे बढ़ने की बजाय विकास के पायदान पर लुढ़का है।"

राठौड़ ने कहा कि, महज 0.5 फीसदी अधिक मत लेकर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार के पास कार्यकाल के अब महज 12 माह शेष बचे हैं जिसमें भी अंत के 6 माह चुनाव में बीत जाएंगे।

यानी, जो विकास कार्य 4 वर्षों में नहीं हुए वो आगामी 6 माह में होना तो असंभव है। जनता-जनार्दन का विश्वास भी अंतर्कलह से घिरी कांग्रेस सरकार से उठ चुका है, जिसका ट्रेलर भाजपा द्वारा प्रदेशभर में निकाली जा रही जन आक्रोश रैली में उमड़े जनसमूह से साफ दिख रहा है।

- **राठौड़ ने कहा, "कांग्रेस को सिर्फ 0.5 प्रतिशत वोट ज्यादा मिले थे, चार साल बीत गए पर कोई काम नहीं हुआ।"**
- **उन्होंने कहा, " भारत जोड़ो यात्रा में युवराज राहुल गांधी को खुश करने के लिए पूरा प्रशासनिक अमला झोंका हुआ है, गरीबों को लोभ लालच देकर भीड़ में शामिल किया जा रहा है।"**

राठौड़ ने कहा कि, भारत जोड़ो यात्रा में युवराज राहुल गांधी को खुश करने के लिए सरकार ने पूरा प्रशासनिक अमला झोंका हुआ है। यात्रा में मनोरंजन किया जा रहा है और भीड़ जुटाने के लिए मनरेगा श्रमिकों, गरीब बच्चों व महिलाओं को लोभ लालच देकर जबरन यात्रा में भीड़ का हिस्सा बनाया जा रहा है।

राठौड़ ने कहा, सरकार ने अपने नीतिगत दस्तावेज जन-घोषणा पत्र में किसान कर्जमाफी, बेरोजगारी भत्ता, महिला सुरक्षा, संविदाकर्मियों का नियमितिकरण, महंगाई नियंत्रण हेतु प्रभावी कदम उठाने एवं प्रदेश के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने जैसे करीब 500 से ज्यादा लोक-लुभावने वादे किए थे, जिनमें से अधिकतर घोषणाएं आज 4 वर्ष पश्चात् भी अधूरी हैं। सरकार घोषणाएं तो कर रही है लेकिन उन्हें पूरा करने के लिए सरकार के पास फंड नहीं है, क्योंकि आर्थिक कुप्रबंधन की वजह से राज्य की अर्थव्यवस्था पूरी तरह डगमगाई हुई है। राज्य में प्रति व्यक्ति पर 71 हजार रुपये का कर्जभार हो गया है।

राठौड़ ने कहा कि, शांतिप्रिय राजस्थान आज अपराधियों की पनाहस्थली के रूप में कुख्यात हो रहा है। स्टाम्प पेपर पर बच्चियों की नीलामी हो रही है। एन.सी.आर.बी. की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक दुष्कर्म में राजस्थान देश में पहले पायदान पर है। वहीं अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अत्याचारों में देश में दूसरे पायदान पर है। वहीं के आंकड़ों के अनुसार 30.7 प्रतिशत बेरोजगारी दर के साथ राजस्थान देश में दूसरे पायदान पर है। राज्य में बेरोजगार युवाओं की संख्या 67 लाख है जिसमें 23 लाख ग्रेजुएट बेरोजगार हैं। इन्हें ना तो रोजगार मिल रहा है और ना ही बेरोजगारी भत्ता।

राठौड़ ने कहा कि, राजस्थान में पेट्रोल-डीजल पर सर्वाधिक वैट है, महंगी बिजली की मार से विद्युत उपभोक्ता बेहाल हैं, किसानों की कर्जमाफी तो की नहीं, अब उनकी जमीनें कुर्क हो रही हैं, साथ ही इंडिया करप्शन सर्वे 2021 व ट्रांसपैरेंसी इंटरनेशनल के अनुसार देश में सर्वाधिक भ्रष्ट राज्य राजस्थान है।

## किसान आंदोलन

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 17 दिसम्बर। भारतीय किसान संघ और अमरावती परीक्सरन समिति (ए.पी.एस.) ने कई तरह के कन्सेशन्स दिए जाने की मांग को लेकर दिल्ली के किसानों का शनिवार को धरना आयोजित किया। धरना तीन दिन तक जारी रहेगा।

किसानों की कार्य स्थिति सुधारने और न्यूनतम आय का सहयोग बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार पर दबाव बढ़ाने को लेकर रामलीला मैदान पर सोमवार को विरोध प्रदर्शन की योजना है।

- **किसान की मांगों की पूर्ति के लिये तीन दिन प्रदर्शन आयोजित किये गये हैं दिल्ली में।**

सोमवार की शाम को कई सरकारी भवनों के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया जाएगा जिससे यातायात में व्यवधान आ सकता है। अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाए रखने की मांग को लेकर शनिवार को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया गया।

# कांग्रेस का डी.एन.ए. वादा खिलाफी: अरूण सिंह

जयपुर, 17 दिसम्बर । भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने सरकार के 4 साल पूर्ण होने पर कहा कि, जनता को झूठे वादे और झूठा विश्वास दिला कर कांग्रेस सत्ता में आई थी।

आज मुख्यमंत्री किसानों का संपूर्ण कर्जा माफ नहीं करने की बात स्वीकार कर रहे हैं और केन्द्र पर दोषारोपण कर रहे हैं। जबकि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में किसानों से संपूर्ण कर्जा माफ करने का वादा किया था।

- **भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने आरोप लगाया कि, कांग्रेस जनता को झूठा विश्वास दिला कर सत्ता में आई थी।**
- **उन्होंने कहा, भारत जोड़ो यात्रा में राहुल की राह पर सरकार को तिनका भी मंजूर नहीं, पर चार साल में जनता की राह में कांटे ही कांटे बिछा दिए हैं।**

अरुण सिंह ने आगे कहा कि बेरोजगारों से भत्ते देने का वादा किया था कांग्रेस ने पर कांग्रेस की यात्रा में बेरोजगार ना केवल काले झंडे दिखा रहे है बल्कि आत्मदाह करने की कोशिश भी कर रहे हैं।

किसानों का कर्जा माफ नही कर सरकार किसानों पर लाठीचार्ज कर रही है। किसान को फसल के दाम नहीं मिल रहे । कर्जामाफी तो नहीं की, बल्कि 18817 किसानों की जमीन कुर्क कर दी गई।

कांग्रेस का इतिहास झूठे वादे करना ही है, कांग्रेस का डीएनए वादाखिलाफी का रहा है। मुख्यमंत्री आज किस प्रिंसिपल, पॉलिसी, प्रोग्राम की बात कर रहे हैं।

कांग्रेस के सिद्धांत इतने गिर गये हैं कि निकम्मा, नकारा और गद्दार शब्द पर पूरे चार साल निकल गए। पॉलिसी ऐसी है कि कोई नई योजना देखने को नहीं मिली, पिछली भाजपा सरकार की योजनाओं के नाम बदल कर जनता के सामने रखा जा रहा है। प्रोग्राम के लिए सरकार के पास विज़न ही नही हैं, मुख्यमंत्री ने हर नाकामी का सेहरा केन्द्र सरकार पर बांधने का काम किया है ।

प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने कहा कि, राहुल गांधी बेसिर पैर की बातें करने में एक्सपर्ट हो रहे हैं, उनके अधूरे दर्शनशास्त्र को जनता समझ चुकी है, सरकार को राहुल की राह में तो तिनका भी मंजूर नहीं, जबकि प्रदेश की जनता की राह में कांग्रेस सरकार ने चार साल में कांटे ही कांटे बिछाए हैं।

## वकेशन बैंच

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 17 दिसम्बर। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सी.जे.आई.) डी.वाय. चन्द्रचूड़ ने शुक्रवार को घोषणा की कि, शनिवार से शुरू होकर आगामी 2 जनवरी तक चलने वाले सुप्रीम कोर्ट के शीतकालीन अवकाश के दौरान अवकाशकालीन बैंचेज़ नहीं बैठेंगी।

- **सुप्रीम कोर्ट में इस बार सर्दी की छुट्टियों पर कोई वकेशन बैंच नहीं लगेगी।**

शनिवार को जब अंतिम कार्य दिवस की बैठक शुरू हुई तब सी.जे.आई. ने यह घोषणा की।

## ऑल इण्डिया ज्यूडिशरी सर्विस

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 17 दिसम्बर। विधि मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में दो सदस्यों के एक प्रश्न के उत्तर में ऑल इण्डिया ज्यूडिशियल सर्विस (ए.आई.जे.एस.) के गठन से इंकार किया।

सदस्यों ने जजों की कमी का समाधान करने और निचली न्यायिक सेवा को अधिक कुशल, एकरूप और नियमित करने के लिए भर्तियां करने को लेकर इस पर दबाव बनाया था। मंत्री ने कहा कि हितधारकों की अलग-अलग राय को देखते हुए फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। पिछले वर्ष संसद के शीतकालीन अधिवेशन में विधि मंत्री ने कहा था कि सरकार इस संबंध में एक राय बनाने के लिए हितधारकों के साथ सलाह-मशविरे में संलग्न है।

- **विधि मंत्री किरन रिजिजू ने संसद में जानकारी दी कि, यह सोच अच्छा है, पर अभी ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार में विचाराधीन नहीं है।**

शुक्रवार को दिए प्रत्युत्तर में मंत्री ने कहा कि सरकार समग्र न्याय प्रणाली को मजबूत करने के लिए ए.आई.जे.एस. के समुचित गठन के पक्ष में हैं। वास्तव में इस प्रकार के ऑल इण्डिया मैरिट सलैक्शन सिस्टम से न्याय क्षेत्र में विधि क्षेत्र के दक्ष नवीन लोगों का समावेश होगा और समाज के वंचित और सीमांत वर्ग को भी मौका मिलेगा।

# 'अशोक गहलोत स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स यदि होगा, तो उसमें झूठ बोलना, थोथी घोषणाएं और वादाखिलाफी करना सिखाया जायेगा'

## सतीश पूनिया ने गहलोत की पॉलिटिक्स की क्लास लेने की इच्छा पर व्यंग्य कसा

जयपुर, 17 दिसम्बर (कासं)। कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार के शासन के 4 वर्ष के शासन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि, राजस्थान के इतिहास में 1952 से लेकर प्रदेश की वर्तमान सरकार के जैसी नकारा, निकम्मी, भ्रष्ट, अकर्मण्य और अराजक सरकार मैंने आज तक नहीं देखी।

उन्होंने कहा कि "मैं कल रात को एक इवेंट देख रहा था जिसका सोशल मीडिया पर लाइव कंसर्ट था कांग्रेस के भारत जोड़ो का। उसमें सुनिधि चौहान ने गाया कि चोरी, चोरी किया रे, मुझे लगता है कि उस कंसर्ट ने कांग्रेस सरकार की बानगी पेश कर दी। ऐसे लगता है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी से ज्यादा लोकप्रियता सुनिधि चौहान की है। यदि भीड़ जुटाने के लिये किसी फिल्मी कलाकार का सहारा लेना पड़ा, वो भी कांग्रेस सरकार के चार साल के जश्न पर तो यह स्पष्ट हो जाता है कि सरकार की जमीन खिसक चुकी है।

मुख्यमंत्री गहलोत के बयान कि, "मैं सोच रहा हूं, जब भी पॉलिटिक्स से संन्यास लूंगा, तब टीएन शेषन की तरह राजनीति की ट्रेनिंग देने का स्कूल खोलूंगा।" पर पूनिया ने कहा कि, भगवान किसी को ऐसा दिन ना दिखाये कि उनके स्कूल में जाना पड़े, क्योंकि अशोक गहलोत स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स यदि होगा तो उसमें होगा "झूठ बोलना कैसे सीखा जाता है, थोथी घोषणायें और वादाखिलाफी कैसे की जाती है, आदि सीखा जा सकता है।"



*डॉ. सतीश पूनिया ने शनिवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में गहलोत सरकार के कामकाज की कड़ी आलोचना की और कहा कि प्रदेश सरकार का शासन अकर्मण्यता, वादाखिलाफी और थोथी -बयानबाजियों की एक मिसाल है। उन्होंने अशोक गहलोत के राजनैतिक क्लास लेने पर तंज कसा और कहा, गहलोत स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स में झूठ बोलने और वादा खिलाफी की ट्रेनिंग अवश्य मिल सकती है।*

- **सतीश पूनिया ने गहलोत सरकार के चार साल पूरे होने पर, भाजपा की ओर से यह घोषणा भी की कि, 2023 में भाजपा की सरकार आने पर राजस्थान में किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा, बुलडोज़र चलाया जाएगा, किसी भी काले कारनामे करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा।**
- **पूनिया ने कहा, राहुल गांधी ने भारत की सेना के खिलाफ अमर्यादित बयान दिया है, उससे लग रहा है कि, राहुल गांधी सहित पूरी कांग्रेस पार्टी चीन के साथ खड़ी है।**

पूनिया ने कहा कि कांग्रेस सरकार के 4 वर्ष के शासन की हकीकत, जंगलराज, अराजकता, तुष्टिकरण की राजनीति, बहुसंख्यकों पर अत्याचार, पुजारियों की जलाकर हत्यायें की गई, जिसमें करौली, भीलवाड़ा, जोधपुर, उदयपुर की घटनायें सबके सामने हैं।

उन्होंने कहा कि गैंगस्टर, माफिया, पेपर माफिया के कब्जे में राजस्थान, महिलाओं, दलितों, आदिवासियों पर अत्याचार, किसानों से सम्पूर्ण कर्जमाफी और युवाओं से भर्तियों को लेकर वादाखिलाफी, कर्जमाफी का वादा पूरा नहीं करने से काफी संख्या में किसान सुसाइड कर चुके हैं। प्रदेश में शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार इत्यादि मामलों में बुरे हालात हैं। और कांग्रेस सरकार के अंदर कुर्सी को लेकर चल रहे झगड़े से राजस्थान विकास में काफी पीछे हो गया है, जिसके दोषी अशोक गहलोत हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 2022-2023 के बजट में

( शेष पृष्ठ 7 पर )

## पंजाबी नुस्खा

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 17 दिसम्बर। पंजाब सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय को एक शपथ पत्र में यह वचन दिया है कि उसकी नई एक्साइज पॉलिसी में निकट भविष्य में 40 प्रतिशत एल्कोहल वाली देशी शराब उपलब्ध कराने पर विचार किया गया है। शपथ पत्र में कहा गया है कि यह शराब राज्य में गैर कानूनी रूप से बनने वाली नकली शराब का स्वास्थ्यवर्द्धक विकल्प होगी।

यह शपथ पत्र पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार को दी गई उस चेतावनी के उत्तर में दिया गया था, जो अदालत में बिहार जैसी देशी-शराब दुखान्तिका के संकट को देखते हुये पंजाब सरकार को दी थी। न्यायमूर्ति एम.आर. शाह की अध्यक्षता वाली बैंच ने बिहार के सारन जिले में हुई देशी-शराब दुखान्तिका, जिसमें 39 लोग मर गये थे, की ओर संकेत करते हुये कहा, "क्या आपने बिहार का आज (का समाचार) देखा है? संक्षेप में, हम ऐसी स्थिति से बचना चाहते हैं।" बैंच ने अगली सुनवाई के लिये 10 फरवरी की तारीख दे दी।

- **जहरीली शराब से निपटने के लिये पंजाब सरकार ज्यादा नशे वाली देशी शराब बेचेगी।**

शपथ पत्र में कहा गया है: फील्ड ऑफिसरों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वे जमीनी जानकारी हासिल करने के बाद बताएं कि उन्हें 40 डिग्री वाली

( शेष पृष्ठ 7 पर )

## विचार बिन्दु

अतिथि जिसका अन्न खाता है, उसके पाप धुल जाते हैं। -अथर्ववेद

# भारत को रोगों की वैश्विक राजधानी के कलंक से मुक्त करने हेतु घर-घर औषधि योजना

हाल ही में एक ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हुई जो अत्यंत पढ़े-लिखे परिवार से है, और औसत आमदनी के सन्दर्भ में भारत के ऊपर के 5 प्रतिशत लोगों में शामिल है, लेकिन 55 साल की उम्र में ही ऑटोइम्यून डिजीज, मेटाबोलिक सिंड्रोम, डायबिटीज और कॉग्निटिव इंपेयरमेंट जैसी बीमारियों का शिकार है। यह व्यक्ति उस क्लिनिकल स्थिति में फंस गया है जिसे मल्टीमॉर्बिडिटी कहा जाता है और उसे मुट्ठी भर गोलियां खानी पड़ती हैं क्योंकि इस पॉलीफार्मेसी के बिना यह व्यक्ति बमुश्किल ही जीवित रह पायेगा। अगर यह व्यक्ति अपनी डायबिटीज को नियंत्रण में नहीं करता तो अगले 10 वर्ष में कम से कम 26 प्रकार की क्लिनिकल समस्याओं का शिकार होगा और परिवार की सारी आमदनी स्वास्थ्य को संभालने में खर्च करेगा। इसमें ऑटोइम्यूनिटी और कॉग्निटिव इंपेयरमेंट को संभालने का खर्चा भी जोड़ लें तो धनी होते हुये भी यह व्यक्ति अपनी सारी कमाई और पेंशन दवाई में खर्च करने के बावजूद उन 63 प्रतिशत लोगों में शामिल होगा जो समय पूर्व मृत्यु का शिकार हो रहे हैं। ध्यान दीजिये, यह व्यक्ति केवल अपने परिवार पर ही बोझ नहीं है बल्कि देश पर भी बोझ है क्योंकि ऐसे लोगों के कारण ही भारत गैर-संचारी रोगों की वैश्विक राजधानी बनता जा रहा है। ऐसी दुर्दशा में इस व्यक्ति को स्वास्थ्य-साक्षर बनाना और घर-घर औषधि योजना जैसे अद्वितीय नवाचार की मदद से संकट से उबारा जा सकता है। यदि ऐसा व्यक्ति इन नवाचारों से अपने आप को स्वस्थ कर लेता है तो परिवार के कल्याण के साथ-साथ देश का भी कल्याण होगा। आज आप भारत के ऊपर बीमारियों के बोझ पर प्रकाशित शोधपत्रों का विश्लेषण करें तो एक बात बिल्कुल साफ हो जाती है कि ऐसे पढ़े-लिखे किन्तु स्वास्थ्य-निरक्षर लोगों के कारण ही भारत गैर संचारी रोगों की राजधानी होता जा रहा है।

(देखें, वी.आर. वर्मा इत्यादि, बीएमसी पब्लिक हेल्थ, 21(1): 881, 2021; आर. सागर इत्यादि, द लैंसेट साइकैट्री, 7(2): 148-161, 2020; डी. प्रभाकरन इत्यादि, द लैंसेट ग्लोबल हेल्थ, 6(12): ई 1339-1351, 2018)।

लम्बे समय से स्वास्थ्य बजट का 97 प्रतिशत बायो-मेडिकल चिकित्सा पद्धति में खपाकर भी रोगों की वैश्विक राजधानी बनता जा रहा देश यह क्यों नहीं समझ पा रहा है कि आयुर्वेद की अगुआई के बिना निरोगी भारत की कल्पना अर्थहीन छलावा है। आयुर्वेद के बिना भारत का कोई परिवार या समाज निरोगी नहीं रह सकता। तमाम ज्ञात-अज्ञात कारणों से निरोगी परिवार, समाज या राज्य की कल्पना वर्तमान में ऐसे दर्शन पर आधारित है जिसमें बीमार व्यक्ति को उपचार के द्वारा स्वस्थ कर वापस स्वास्थ्य प्रदान कर कर्तव्यों की इतिश्री कर ली जाती है। यह रणनीति आवश्यक तो है परंतु निरोगी राज्य की कल्पना को साकार करने के लिये अपर्याप्त है। निरोगी राज्य की कल्पना, सिद्धांत, क्रियान्वयन और परिणाम केवल मरीजों की ओर ही सारी शक्ति केंद्रित कर साकार नहीं किये जा सकते। निरोगी राज्य की कल्पना तब साकार होती है जब स्वास्थ्य-साक्षरता और घर-घर औषधि योजना जैसे कार्यक्रमों से स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा की जाये।

आयुर्वेद की इस रणनीति का लाभ यह है कि आने वाले समय में जब नये कोहोर्ट या जत्थे समय बीतने के साथ बीमारी में नहीं फंसते तब जनसंख्या में निरोग रहने वालों के संख्या बढ़ने लगती है।

आइये कुछ उदाहरण देखते हैं। तथाकथित आधुनिक चिकित्सा पद्धति को लम्बे समय से स्वास्थ्य बजट का 97 प्रतिशत देने के बावजूद 195 देशों के बीच स्वास्थ्य संबंधी सतत विकास लक्ष्य में भारत का 145वां स्थान है। वर्ष 2018 में भारत और अमेरिका के वैज्ञानिकों द्वारा प्रकाशित साझा शोध के अनुसार वर्ष 1990 से 2016 के मध्य के 26 वर्षों में भारत में हृदय रोग से होने वाली मौतों में 34 प्रतिशत बढ़त हुई है, जबकि अमेरिका में यह दर 40 प्रतिशत कम हुई है। जर्नल ऑफ़ दि अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी (72.1:79-95, 2018) में प्रकाशित इस अध्ययन से ज्ञात होता है कि वर्ष 2016 में भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रमशः इन बीमारियों के कारण अनुमानित 62.5 और 12.7 मिलियन वर्ष का जीवनकाल नष्ट हुआ। इनमें इस्चेमिक हार्ट डिजीज और स्ट्रोक 15 से 20 प्रतिशत मृत्यु के लिये जिम्मेवार हैं। भारत में प्रत्येक एक लाख जनसंख्या में 5,681 लोग कार्डियोवैस्कुलर बीमारी से पीड़ित हैं। कुल संख्या के रूप में देखें तो भारत में 54.6 मिलियन लोग कार्डियोवैस्कुलर बीमारी से पीड़ित हैं, जो अमेरिका के 33.6 मिलियन लोगों की तुलना में 70 प्रतिशत ज्यादा है। प्रश्न यह है कि भारत में बढ़त क्यों और अमेरिका में घटत क्यों? इसका उत्तर आप केवल उस रणनीति में पा सकते हैं जिसकी चर्चा हमने इस आलेख के प्रारंभ में किया है।

**दुर्भाग्य है कि समकालीन समाज आयुर्वेद की औषधियों को किनारे कर बीमारों की बीमारी दूर करने में पूरी ताकत और 97 प्रतिशत धन केवल आधुनिक चिकित्सा पद्धति में नष्ट कर रहा है। नष्ट क्यों? क्योंकि, जैसा हमने पहले कहा, तथाकथित आधुनिक चिकित्सा पद्धति में लम्बे समय से 97 प्रतिशत धन खपाकर भी भारत को स्वस्थ नहीं रखा जा सका। हम रोगों की वैश्विक राजधानी बन गये हैं।**

भारत में कुल होने वाली मृत्य की संख्या में से 60 प्रतिशत से अधिक केवल गैर-संचारी रोगों के कारण है। देश के अस्पतालों में चिकित्सार्थ भर्ती होने वाले कुल मरीजों में 40 प्रतिशत गैर-संचारी रोगों के होते हैं। भारतीय परिवारों, समाज और सरकार को इन बीमारियों की बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल द्वारा किये गये एक अध्ययन के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था को वर्ष 2030 के पूर्व गैर-संचारी रोगों के कारण 4.58 लाख करोड़ डॉलर की हानि हो सकती है।

मानसिक बीमारियों का कुल वैश्विक बोझ कुल 32.4 प्रतिशत इयर्स लिव्ड विद डिसेबिलिटी और कुल 13 प्रतिशत डिसेबिलिटी एडजस्टेड लाइफ इयर्स या विकलांगता-समायोजित जीवन-काल के बराबर है।

इनमें से एक तिहाई प्रकरण केवल चीन और भारत में हैं जो कि सभी विकसित देशों से अधिक हैं।

और तो और, वर्ष 2013 से 2025 के बीच मानसिक, न्यूरोलॉजिकल और मादक द्रव्यों के विकारों के बोझ में चीन में 10 प्रतिशत और भारत में 23 प्रतिशत बढ़ने की आशंका है।

अमेरिका में योग और आयुर्वेद का 28 से 30 बिलियन डालर का बाज़ार खड़ा है। योग और आयुर्वेद जैसे विशुद्ध भारतीय विचार पर अमेरिकी अर्थव्यवस्था इतनी क्यों मेहरबान हो रही है? अगर इस धन का अंदाज़ा न लग रहा हो तो तुलना कर के समझ लीजिये कि वर्ष 2011 में भारत में एफडीआई की आवक केवल 36.5 बिलियन डालर ही थी। यह भी जान लीजिये कि विश्व में केवल 65 देश ही ऐसे हैं जिनका जी.डी.पी. 80 बिलियन डॉलर से ऊपर है।

केवल मॉडर्न मेडिसिन के भरोसे तो अमेरिका जैसे दिग्गज और विकसित देश ही स्वस्थ नहीं रह पाये, तो भारत का क्या कहना। पर भारत के नागरिक अभी भी आयुर्वेद और योग की हैसियत को नहीं समझ पाये। एक तरफ जहाँ दुनिया योग, आयुर्वेद और उससे जुड़े परचून में छप्पन हजार करोड़ रुपये या 80 बिलियन डॉलर का भारी-भरकम बाज़ार खड़ा कर चुकी है, वहीं भारत के नागरिक अभी भी आयुर्वेद और योग जैसी विधाओं को कोई विशेष महत्त्व नहीं देते। इसी प्रकार जहाँ आज दुनिया स्वास्थ्य के लिये वेलनेस टूरिज्म, जिसमें आयुर्वेद की चिकित्सा के लिये आने वाले पर्यटक भी सम्मिलित हैं, से जुड़ी अर्थव्यवस्था में 438.6 बिलियन डॉलर का वैश्विक बाजार खड़ा कर चुकी है, वहीं भारतीय समाज आज भी मॉडर्न मेडिसिन में अपने स्वास्थ्य बजट का 97 प्रतिशत फूंकते हुये तमाम रोगों की वैश्विक राजधानी बनकर भी चिंतित नहीं है।

दुनिया भर की सरकारें अपना काम करती रहती हैं और करना भी चाहिये। सरकारें इस भ्रम में जीतीं है कि यह उनकी मजबूरी है कि उन्हें सबसे पहले बीमार व्यक्तियों के उपचार को प्राथमिकता देनी पड़ती है। सरकारों और उनके अफसरों के इस भ्रम को टिकाऊ-सत्य बनाने में आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों से जुड़ी दवा कंपनियां जी जान से जुटी रहती हैं। क्यों? क्योंकि लोगों के बीमार पड़ने में ही धन कमाया जा सकता है। बीमार हो जाने के बाद मौत की ओर बढ़ती जनसंख्या पर टिकी इन वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के बाज़ार में धनवर्षा होती है। जबकि आयुर्वेद का सिद्धांत इसके ठीक उलट है। जैसा कि हम बता चुके हैं, आयुर्वेद में स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा को प्राथमिकता दी जाती है। यह प्राथमिकता कोई संयोग मात्र नहीं है बल्कि दीर्घकालिक अनुभवजन्य ज्ञान के आधार पर प्राचीन भारत के ऋषि-वैज्ञानिकों द्वारा दिया गया एक ऐसा ठोस सिद्धांत है जो आज भी यथावत उपयोगी है। किसी परिवार के सभी सदस्य जो आज बिल्कुल स्वस्थ हैं, यदि उनमें ऐसा निवेश किया जाये जिससे उनके स्वास्थ्य का अनुवर्तन होता रहे तो स्वाभाविक है कि वह परिवार कभी बीमारी में नहीं गिरेगा। बस इतना ही करना है। यही आयुर्वेद का सिद्धांत है। जैसा कि हमने पहले कहा, आयुर्वेद का दूसरा सिद्धांत बीमारों की बीमारी दूर करना है। कीजिये, लेकिन आयुर्वेद को पीछे रखकर नहीं बल्कि आयुर्वेद को प्राथमिकता देते हुये अन्य पद्धतियों की मदद लीजिये।

दुर्भाग्य है कि समकालीन समाज आयुर्वेद की औषधियों को किनारे कर बीमारों की बीमारी दूर करने में पूरी ताकत और 97 प्रतिशत धन केवल आधुनिक चिकित्सा पद्धति में नष्ट कर रहा है। नष्ट क्यों? क्योंकि, जैसा हमने पहले कहा, तथाकथित आधुनिक चिकित्सा पद्धति में लम्बे समय से 97 प्रतिशत धन खपाकर भी भारत को स्वस्थ नहीं रखा जा सका। हम रोगों की वैश्विक राजधानी बन गये हैं।


जब तक निरोगी परिवार, निरोगी समाज और निरोगी राज्य की कल्पना में मन, वाणी, और कर्म से आयुर्वेद को प्राथमिकता नहीं दी जायेगी, तब तक स्थिति बदलने के आसार नहीं हैं। दुर्भाग्य है कि भारत के नागरिक और नीति-निर्माता दोनों ही आयुर्वेद के साधारण किंतु अत्यंत प्रभावशाली सिद्धांत को समझने में पूर्णतया असफल रहे। असल में हमने आयुर्वेद को इतना उपेक्षित किया कि आज वैद्यों के पास ना तो पर्याप्त औषधियां उपलब्ध हैं और ना ही पर्याप्त सुविधायें उन्हें प्रदान की गई हैं। एलोपैथी के प्रति देश के अंधे मोह के पक्ष में ना तो अभी कोई प्रमाण है और ना ही कोई इस तरह का अनुभव उपलब्ध है जिससे यह विश्वास किया जा सके कि भारत में आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवायें केवल आधिनुक चिकित्सा पद्धति की मदद से बेहतर की जा सकेंगी।

अज्ञान के अन्धकार से बाहर ज्ञान के उजाले में आइये। इससे पहले कि भारत के नागरिकों का स्वास्थ्य विध्वंश हो जाये, चेत जाइये। आयुर्वेद के बिना निरोगी राज्य या समाज की कल्पना सिर्फ़ और सिर्फ़ आत्म-छलावा है। सबसे पहले स्वस्थ व्यक्ति को स्वस्थ रखने के लिये आयुर्वेद में पर्याप्त निवेश को प्राथमिकता दीजिये, उसके बाद बीमारों की बीमारी दूर करने हेतु आयुर्वेद को प्राथमिकता देते हुये अन्य चिकित्सा पद्धतियों की मदद लीजिये। निरोगी राज्य या समाज की कल्पना साकार करने हेतु राजस्थान सरकार की तरह पूरे देश में घर-घर औषधि योजना जैसे नवाचारों में निवेश और क्रियान्वयन अनिवार्य है।


**-अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**(इंडियन फारेस्ट सर्विस में वरिष्ठ अधिकारी)**
**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं।)**

## 266वीं जयन्ती पर विशेष

# सतनामी पंथ के प्रवर्तक - गुरु घासीदास का दर्शन अमर रहेगा



यादराम सिंह यादव



सत्य, अहिंसा व समानता के महान् सन्त गुरु घासीदास का जन्म 18 दिसम्बर 1756 को ग्राम-विरोधपुरी, जिला-बलौदं (छत्तीसगढ़) वर्तमान रायपुर (मध्य प्रदेश) के एक गरीब-अछूत परिवार में पिता महंगूराम तथा माता अमरौतिन के घर में हुआ था। घासीदास ने बाल्यकाल से ही मराठ (सवर्णो) के अन्याय अत्याचारों के कड़वे अनुभव सहन किये थे। बड़े होने पर वह सामाजिक भेदभाव, छुआछूत, पशु हिंसा, मूर्तिपूजा का विरोध करते थे। उन्होंने समाज के शोषित-अछूतों को समान-मानवीय अधिकार होने का समर्थन किया था।

सामाजिक विषमताओं एवं बुराईयों को दूर करने के लिए उन्होंने सर्वप्रथम जगन्नाथपुरी (छत्तीसगढ़) की यात्रा की। अपने गांव लौटने पर उन्होंने सतनाम विचारधारा की घोषणा की। गुरु घासीदास ने लोगों में ईमानदारी, परिश्रमी तथा भाईचारा बनाने के लिए 'सतनामिन' नियम बताए। अपनी नयी सतनामी विचारधारा में समाज में ब्राह्मणों को सर्वोच्च मानने से इन्कार किया।

गुरु घासीदास के अनुसार उनके नये पंथ में सभी इंसान बराबर हैं। सत्य ही ईश्वर है, जो निर्गुण एवं निराकार हैं तथा सर्वव्यापी हैं।

उन्होंने अपनी विचारधारा को हरेक मनुष्य में प्रचारित किये बिना, समाज में पूर्णतः सुधार होना असंभव बताया। इसके लिए उन्होंने अपने सतनामी पंथ को मानने वालों को सर्वप्रथम नशा (शराब) को निषिद्ध किया तथा पशु हिंसा व बध नहीं करने को कहा। उन्होंने मांसाहार त्याग कर शाकाहार भोजन अपनाने का नया सिद्धान्त दिया। इस प्रकार उन्होंने सामाजिक व्यवस्था सुधारने के लिए सात दिव्य सन्देश तथा 42 अमृतवाणियाँ दी थी। उनमें आडम्बर तथा अन्धविश्वास को छोड़ने की बात कही थी।

गुरु घासीदास के सात दिव्य संदेश- 1) सतनाम को मानो, सत्य ही ईश्वर है। 2) सभी जीव समान है, जीव हत्या पाप है तथा पशु बलि अंधविश्वास है 3) मांसाहारी मत बनो, नशा मत करो। 4) मूर्ति पूजा मत करो। 5) दोपहरी में हल मत जोतो, बैलों पर दया करो। 6) परायी नारी को माता-बहिन मानो। आचरण की शुद्धता पर जोर दो। 7) चोरी करना पाप है, हिंसा करना पाप है। सादा जीवन उच्च विचार रखो।

सन्त गुरु घासीदास भारत की सन्त परम्परा में सर्वोपरि थे। उनके पंथ में सत्य से साक्षात्कार करना ही जीवन का परम लक्ष्य माना है। उन्होंने समाज के लोगों में एकता, भाईचारे तथा समानता का संदेश दिया। जिससे उच्च वर्गों विशेषकर ब्राह्मणों की कर्मकाण्डी व्यवस्था से दुखी लोगों में सनातनी पंथ से नयी जागृति आयी। उनके सात वचन-सत्य सिद्धान्त के रूप में प्रतिष्ठित हैं।

उन्होंने आमजन को व्यवसाय, गरीबी, धर्म एवं जाति से जोड़कर वर्णो-जातियों में बांटने की व्यवस्था का पुरजोर विरोध किया। बाबा घासीदास के संदेशों का समाज के गरीब, पिछड़े समुदाय पर गहरा असर पड़ा था, और इससे धीरे-धीरे हजारों लोग जुड़ते गये। उनके सतनामी पंथ के अनुयायी लोग छत्तीसगढ़ में लोक गीत, संगीत तथा नृत्यों के जरिये बाबा घासीदास के जीवन दर्शन का समय-समय पर संगीतमय लोकभाषा में प्रचार-प्रसार करते रहते हैं। छत्तीसगढ़, पंजाब तथा मध्यप्रदेश-हरियाणा में उनके द्वारा सनातन पंथ के आज लाखों अनुयायी उनके पंथ के सिद्धान्तों व विचारधारा का पालन करते है। गुरु घासीदास बहुत बड़े सामाजिक सुधारक एवं दूरदृष्टा थे। उनके पंथ के हजारों-लाखों अनुयायी सतनामी धर्म अपना कर बने। सन् 1901 की जनगणना के अनुसार सतनामी पंथ के चार लाख अनुयायी थे। सन् 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में शहीद होने वाला प्रथम व्यक्ति वीर नारायन सिंह सतनामी था। सन्त घासीदास के अनुयायी गीतों एवं वाणियों का काफी बड़ा संग्रह है।

महान् सन्त गुरु-घासीदास ने कहा कि 'मनखे-मनखे-एक समान' अर्थात् मानव -मानव एक समान है। उनका व्यक्तित्व सत्य, अहिंसा, करूणा, दया, समानता तथा भाईचारे का सन्देश देता है। उनके सिद्धान्त भगवान बुद्ध, सन्त कबीर के सिद्धान्तों से भी मेल खाते हैं। उनका परिनिर्वाण सन् 1850 ई. में हुआ था।

उनकी मृत्यु के पश्चात् उनकी शिक्षाओं को उनके पुत्र सन्त बालकदास ने आगे बढ़ाते हुए लोगों तक पहुँचाया था। गुरु घासीदास ने सन् 1820 में सतनाम पंथ की स्थापना की थी। इसीलिए उन्हें सतनाम पंथ का संस्थापक माना जाता है। जैतखाम अर्थात् सफेद रंग का झंडा इस पंथ वाले अपने स्थान पर फहराते हैं।

इस पंथ के लोग आपस में मिलने पर 'सतनाम' बोलकर सम्बोधन करते हैं। तत्कालीन समय में सतनामी पंथ के अनुयायी अपना पुस्तैनी चमड़े का धन्धा त्याग देने के बाद कृषि फार्म व मजदूरी करने लगे थे। गुरु घासीदास ऐसे पहले सन्त हुए, जिन्होंने देवताओं की मूर्तियों को कचरे में फैंक दिया था, तथा सतनामियों को निर्गुण, निराकार, सर्वव्यापी एक ईश्वर के लिए किसी भी धार्मिक स्थलों पर नहीं जाने का सन्देश दिया था।

गुरु घासीदास जाति व्यवस्था को मानव समाज के लिए सबसे बड़ा कोढ़ मानते थे। उनकी सोच थी कि जब तक जाति व्यवस्था रूपी कोढ़, देश से खत्म नहीं होगा, तब तक राष्ट्रीय एकता नहीं बन सकती। इसके चलते अछूत-पिछड़ा समाज सम्मान की जिन्दगी जी नहीं सका है। गुरु घासीदास ने जाति विहीन समाज की रचना करने के लिए सनातनी धर्म की स्थापना की थी।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा, उनकी स्मृति में 'सामाजिक चेतना एवं न्याय के क्षेत्र में गुरु घासीदास सम्मान' स्थापित किया है, जो प्रतिवर्ष दिया जाता है। उनकी स्मृति में विलासपुर जिला छत्तीसगढ़ में गुरु घासीदास सेन्ट्रल-यूनिवर्सिटी के नाम से जून 1983 में प्रारम्भ की गयी है। इसके अलावा गुरु घासीदास नेशनल पार्क कोयरा का नाम उनकी स्मृति को स्थायी बनाने के लिए रखा गया है। भारत सरकार के डाकतार विभाग ने गुरुघासीदास की स्मृति में 18 दिसम्बर, 1987 में एक विशेष डाक टिकिट जारी किया है।

इस प्रकार महान् सन्त-गुरु घासीदास के द्वारा स्थापित सतनाम पंथ के सिद्धान्त एवं विचारधारा आज भी सामयिक एवं प्रासंगिक है। ऐसे महान योगी समाज सुधारक सन्त को कोटि-कोटि नमन है।

**यादराम सिंह यादव,**
**स्वतंत्र लेखक एवं साहित्यकार**

# झुंझुनूं में सरकारी विभागों पर बिजली विभाग का करीब 35 करोड़ का बकाया

**■ सरकारी विभागों से रिकवरी करना डिस्कॉम के लिए परेशानी का सबब बना**

**झुंझुनूं,** (निसं)। आम उपभोक्ता बिल की राशि समय पर जमा नहीं कराए तो उसका बिजली कनेक्शन तत्काल काट दिया जाता है। वहीं सरकारी महकमों से रिकवरी करना आर्थिक घाटे से जूझ रहे डिस्कॉम के सामने बड़ी चुनौती बना हुआ है। झुंझुनूं जिले में कुल बकाया 51 करोड़ रुपए में से 35 करोड़ से ज्यादा तो अकेले सरकारी विभागों के हैं। हालांकि डिस्कॉम ने बकाया वसूली के लिए अभियान तो शुरू कर रखा हैं। लेकिन इस अभियान में भी सरकारी विभागों से रिकवरी करना डिस्कॉम के लिए परेशानी का सबब बना हुआ हैं। जिलेभर में सरकारी महकमे बिजली का उपभोग तो कर रहे हैं, लेकिन बिल की राशि समय पर जमा नहीं करा रहे हैं। इससे हालात यह बन गए हैं कि बिजली उपभोक्ताओं पर कुल बकाया 51 करोड़ रुपए में से 35 करोड़ रुपये सरकारी विभागों में बकाया है। पीएचईडी, जनता जल योजना, नगर निकाय, ग्राम पंचायत, पुलिस सर्वाधिक बकाया वाली सूची में शामिल है। नगर निकायों में डिस्कॉम का सर्वाधिक बकाया है।

अजमेर डिस्कॉम का पीएचईडी में 11 करोड़ रुपए तो जनता जल योजना में संचालित कुओं के 3.41 करोड़ रुपए बकाया हैं। ग्राम पंचायतों में 68 लाख रुपए तो नगर निकायों में 18 करोड़ रुपए बकाया है। इसी तरह पुलिस विभाग में 8 लाख रुपए बकाया है। अन्य सरकारी महकमों में 1.64 करोड़ रुपए बकाया हैं। जिसको लेकर डिस्कॉम की टीम ने सरकारी विभागों को बकाया जमा करवाने को लेकर नोटिस थमाया है। अधीक्षण अभियंता विरेन्द्र सिंह ने बताया की बकाया वसूली को लेकर टीम बनाई गई है।

जो लगातार बकाया वसूली को लेकर फिल्ड में जुटी हुई है 31 मार्च तक बकाया वसूली को लेकर अभियान जारी रहेगा।

# मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया, गुरु घासीदास ने



पन्नालाल मेघवाल

गुरु घासीदास समाज में व्याप्त वर्ण व्यवस्था, जात-पात, छुआछूत, ऊंच-नीच, पशु-बलि, कुप्रथाओं एवं झूठ-कपट के घोर विरोधी थे। उन्होंने समाज में व्याप्त छुआछूत की भावना के विरुद्ध मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। उनकी सत्य के प्रति अटूट आस्था थी। उन्होंने समाज के लोगों को सात्विक जीवन जीने की प्रेरणा दी। उन्होंने न सिर्फ सत्य की आराधना की, बल्कि समाज में नई जागृति पैदा की।

उन्होंने ऐसे समय में समाज को एकता, भाईचारा एवं समरसता का संदेश दिया। उनके पिताजी का नाम मंहगूदास तथा माताजी का नाम अमरौतिन था। धर्मपत्नी का नाम सफुरा था। उनके दो पुत्र बालकदास एवं अमरदास थे।

गुरु घासीदास ने अपनी तपस्या से प्राप्त ज्ञान और शक्ति का उपयोग मानवता की सेवा में किया। इस प्रभाव के चलते लाखों लोग गुरु के अनुयायी हो गए। वे बचपन से ही समाज में व्याप्त पशुबलि तथा अन्य कुप्रथाओं का विरोध करते रहे। सत्य से साक्षात्कार करना ही गुरुजी के जीवन का परम लक्ष्य था।

गुरु घासीदास की मुख्य रचनाओं में उनके सात वचन सतनाम पंथ के सप्त सिद्धांत के रूप में प्रतिष्ठित हैं। जिसमें सतनाम पर विश्वास, मूर्ति पूजा का निषेध, वर्ण भेद से परे, हिंसा का विरोध, व्यसन से मुक्ति, पर स्त्री गमन की वर्जना और दोपहर में खेत न जोतना सम्मिलित हैं।

गुरू घासीदास ने समाज में व्याप्त जातिगत विषमताओं को नकारा। उन्होंने ब्राम्हणों के प्रभुत्व को नकारा और कई वर्णों में बांटने वाली जाति व्यवस्था का विरोध किया। गुरू घासीदास ने मूर्तियों की पूजा को वर्जित किया। वे मानते थे कि उच्च वर्ण के लोगों और मूर्ति पूजा में गहरा सम्बन्ध है। सतनाम पंथ के अनुसार खेती के लिए गायों का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिये। गुरू घासीदास के संदेशों का समाज के पिछड़े समुदाय में गहरा असर पड़ा। सन् 1901 की जनगणना के अनुसार उस वक्त लगभग 4 लाख लोग सतनाम पंथ से जुड़कर उनके अनुयायी बने।

इनके द्वारा दिये गये उपदेशों से समाज के असहाय लोगों में आत्मविश्वास, व्यक्तित्व की पहचान और अन्याय से जूझने की शक्ति का संचार हुआ। छत्तीसगढ़ में इनके द्वारा प्रवर्तित सतनाम पंथ के आज भी लाखों अनुयायी हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार ने उनके सम्मान में वर्ष 1987 में एक डाक टिकट जारी किया गया था। संजय-डुबरी टाइगर रिजर्व के एक हिस्से का नाम गुरु घासीदास के नाम पर रखा गया था। इसके हिस्से को अब गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान कहा जाता है। उनके नाम पर एक केंद्रीय विश्वविद्यालय का नाम भी गुरु घासीदास विश्वविद्यालय रखा गया।

गुरु घासीदास का जीवन-दर्शन युगों तक मानवता का संदेश देता रहेगा। इनका व्यक्तित्व ऐसा प्रकाश स्तंभ है, जिसमें सत्य, अहिंसा, करुणा तथा जीवन का ध्येय उदात्त रुप से प्रकट है। छत्तीसगढ़ शासन ने उनकी स्मृति में सामाजिक चेतना एवं सामाजिक न्याय के क्षेत्र में गुरु घासीदास सम्मान स्थापित किया है।

**पन्नालाल मेघवाल,**
**वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार।**

# भगवान जगन्नाथ के वार्षिकोत्सव में उमड़े श्रद्धालु



**श्रद्धालुओं ने मांगी मन्नतें, कढ़ी बाजरे की प्रसादी का उठाया लुफ्त।**


**कोटपूतली,** (निसं)। नारेहडा-पावटा मार्ग से करीब 2 किलोमीटर पश्चिम दिशा में पहाड़ियों के बीच स्थित ग्राम पुरुषोत्तमपुरा के प्राचीन भगवान श्री जगन्नाथ का शनिवार को विशाल मेला एवं भंडारा लगा।

मेले में लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान श्री जगन्नाथ के प्रसाद चढ़ाकर धोक लगाई व मन्नतें मांगी। इस मौके पर मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया। मेले में लगी स्टालों पर महिल-पुरुषों और बच्चों ने जरूरतमंद सामान की खरीददारी की। सुबह 9 बजे कढ़ी बाजरे की प्रसादी का सबसे पहले भगवान श्री जगन्नाथ की प्रतिमा को भोग लगाया गया। इसके बाद प्रसादी दिन भर मेले में आने वाले भक्तों को वितरित की गई।

शाम 06 बजे भगवान जगन्नाथ की महाआरती उतारी गई। इस मौके पर जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, भाजपा नेता मुकेश गोयल, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, पूर्व प्रधान विक्रम सिंह तंवर, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री विनोद सिंह तंवर, ने भी शिरकत की।

मेले की खास बात यह है मेले वाले दिन उड़ीसा के भगवान जगन्नाथ को लगाए जाने वाला भोग की बजाए यहां भोग लगता हैं। जिस दिन यहां मेला भरता है उस दिन उड़ीसा में स्थित जगन्नाथ धाम के पट बंद रहते हैं। गांव में पौष माह कृष्ण पक्ष की नवमी को भरने वाले मेले में कोलकत्ता, मुम्बई, दिल्ली, पंजाब सहित अनेक प्रदेशों के भक्तजन आते हैं।

## राशिफल रविवार 18 दिसम्बर, 2022



पंडित अनिल शर्मा

पौष मास, कृष्ण पक्ष, दशमी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2079, हस्त नक्षत्र प्रातः 10:18 तक, शोभन योग प्रातः 5:23 तक, वणिज करण दिन 3:37 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 10:30 से तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-वृष, बुध-धनु, गुरू-मीन, शुक्र-धनु, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग सूर्योदय से दिन 10:18 तक है। आज भद्रा दिन 3:37 से रात्रि 3:33 तक है। आज श्री पार्श्वनाथ जयन्ती (जैन) है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 8:31 से 9:48 तक, लाभ-अमृत 9:48 से 12:33 तक, शुभ 1:40 से 2:58 तक।


**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 7:14, सूर्यास्त 5:32

### मेष




परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। किसी भी कारण से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

### वृष




परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। पारिवारिक कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। स्वभाव पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

### मिथुन



घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

### कर्क




आवश्यक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है और अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। नये-पुराने मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बनेंगे।

### सिंह




आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। अनावश्यक धन हानि हो सकती है। महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### कन्या




अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आवश्यक कार्य योजनानुसार सम्पन्न हो सकते हैं। घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### तुला




घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ बनी रहेगी। मित्रों/रिश्तेदारों के कारण समय खराब हो सकता है।

### वृश्चिक




आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।

### धनु




अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

### मकर




नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। शुभ कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

### कुंभ



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### मीन



परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बनेंगे। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

# ताई की हत्या कर शव के आठ टुकड़े किए, फिर जंगल में फैंका

## जयपुर के विद्याधर नगर में श्रद्धा हत्याकांड जैसी घटना, आरोपी भतीजे ने शव के टुकड़े करने के लिए बाजार से 1500 रुपये में मार्बल कटर खरीदा


हत्यारा युवक अनुज शर्मा।


हत्या के बाद शव के कटर से टुककर उन्हें सूटकेस में भरकर ले जाता हुआ आरोपी सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में दिखाई दिया।


आरोपी की निशानदेही से पुलिस ने शव के टुकड़े, सूटकेस, बाल्टी व मार्बल कटर बरामद किया।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** दिल्ली के श्रद्धा हत्याकांड की तरह जयपुर के विद्याधर नगर इलाके में महिला के मर्डर की वारदात सामने आयी है। ताई की टोकाटोकी से नाराज कलियुगी भतीजे ने सिर में हथौड़ा मारकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद बाजार से 1500 रुपये में मार्बल कटर खरीदकर महिला के शव के 8 टुकड़े कर उन्हें बैग व बाल्टी में भरकर सीकर-दिल्ली रोड लेकर गया। घर से करीब 10 किलोमीटर दूर जंगल में तीन अलग-अलग जगहों पर शव के टुकड़े छिपा दिये। आरोपी ने पुलिस से बचने के लिए खुद ही थाने पहुंचकर ताई की गुमशुदगी भी दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने जब उसका पीछा कर सख्ती से पूछताछ की तो यह सनसनीखेज खुलासा हुआ। इसके बाद विद्याधर नगर थाना पुलिस ने हत्यारे युवक अनुज शर्मा उर्प अचिंत्य गोविन्ददास को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर बॉडी के टुकड़े, मार्बल कटर, बाल्टी, चाकू व कार समेत अन्य सामान बरामद किया है। मर्डर के बाद आरोपी हरिद्वार चला गया था, वापस लौटते समय पुलिस ने उसे अम्बाबाड़ी जयपुर के पास ही दबोच लिया।

डीसीपी (नॉर्थ) परिस देखमुख ने बताया कि विद्याधर नगर सेक्टर-2 स्थित लालपुरिया अपार्टमेंट में सरोज शर्मा (64) पत्नी राधेश्याम शर्मा का मर्डर हुआ है। पुलिस ने हत्यारे देवर के बेटे अनुज शर्मा पुत्र बद्रीप्रसाद को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी अनुज ने बताया कि उसकी ताई कैंसर पीड़ित थी। अनुज ही इलाज के लिए उनको हॉस्पिटल लाया ले जाया करता था। बचपन से ही ताई टोका-टाकी करती रहती थी। बच्चों के साथ खेलने भी नहीं देती थी। भांकरोटा से बीटेक करने के बाद एक साल जयपुर में जॉब किया। इसके बाद ईस्कॉन मंदिर में दीक्षा ले ली। ज्यादातर समय अध्यात्म में जाने लगा। घर आने पर ताई की टोका-टाकी फिर भी बंद नहीं हुई। गत 11 दिसम्बर को भी अनुज घर से बाहर जाने वाला था, लेकिन उसकी ताई ने मना कर दिया। जिस पर दोनों में झगड़ा हो गया। इसी दौरान अनुज ने सरोज देवी के सिर में हथौड़ा मारकर उसकी हत्या कर दी। उसने दिल्ली के श्रद्धा हत्याकांड की तरह शव ठिकाने लगाने की सोची। आरोपी पहले शव को रसोई से घसीटकर बाथरूम में ले गया। शव काटने के लिए पहले तो बाजार से बड़ा चाकू खरीदा, लेकिन जब उससे हड्डियां काटने में परेशानी हुई तो दुबारा बाजार गया और अल्का सिनेमा के पास सीकर रोड स्थित हार्डवेयर की दुकान से 1500 रुपए में मार्बल कटर खरीदा। इसके बाद शव को 8 टुकड़ों में काटा, छोटे टुकड़ों को नाले में पानी डालकर बहा दिया। शव के टुकड़ों को बड़े सूटकेस भरा, छोटे टुकड़ों का प्लास्टिक की बाल्टी में डालकर ऊपर से पॉली बैग से पैक किया। शव ठिकाने लगाने के लिए घर से निकल रहा था, तभी मेहमान आ गए। वो कुछ देर रुके, लेकिन शक नहीं हुआ। मेहमानों के जाने के बाद शाम करीब 4:42 पर सूटकेस और बाल्टी लेकर लिफ्ट में तीसरी मंजिल से नीचे आया।

आरोपी ने कार की पिछली सीट पर सूटकेस और बाल्टी को ड्राइवर साइड की सीट पर रखा। अपार्टमेंट से निकलने के बाद ही मोबाइल में गूगल मैप लगाया। सुनसान जगह के लिए सीकर हाईवे पर गया। गूगल मैप से घर से करीब 10 किलोमीटर दूर दिल्ली रोड पर पहुंचा। दिल्ली रोड स्थित जंगलों को देखकर बॉडी के टुकड़ों को फेंकने के लिए रुक गया। वहां सूटकेस और बाल्टी को घसीटते हुए जंगल में 200 मीटर अंदर वन विभाग की चौकी के पीछे लेकर पहुंचा। एक जगह सिर और पंजे और उससे कुछ दूरी पर दूसरी जगह धड़ का हिस्सा फेंक दिया। उससे करीब 50 मीटर अंदर तीसरी जगह पर पैरों के साथ ही शरीर के अन्य हिस्से फेंक दिए। इसके बाद बाल्टी में मिट्टी भरकर शव के पार्ट्स को दबा दिया।

- शव के टुकड़ों को सूटकेस और बाल्टियों में भरकर घर से 10 किलोमीटर दूर सीकर-दिल्ली रोड पर ले जाकर फैंक दिया
- पडौसियों और परिजनों को ताई के गुम होने की झूठी कहानी सुनाई, पुलिस को चकमा देने के लिए खुद ही थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज करवायी
- जब मृतका की बेटियों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो आरोपी अनुज घर से बड़ा सूटकेस और बाल्टी लेकर बाहर जाते दिखा, इस पर बेटियों को हत्या का शक हुआ
- इसी बीच आरोपी अनुज हरिद्वार रवाना हो गया, जैसे ही वह जयपुर पहुंचा तो पुलिस ने उसे अम्बाबाड़ी के पास से ही गिरफ्तार कर लिया

आरोपी अनुज ने शव ठिकाने लगाने के बाद वापस घर आया और रसोई और बाथरूम में खून के धब्बों को वॉशिंग पाउडर से घिस-घिसकर साफ किया। उसके बाद पडौसियों को ताई के गुम होने की झूठी कहानी बनाकर सुना दी। पडौसियों को कहा कि दोपहर करीब 2-3 बजे ताई सरोज शर्मा मंदिर गई थीं, वह मिल नहीं रही हैं। उनके साथ मिलकर कॉलोनी और रिश्तेदारों के यहां तलाश करने का नाटक किया। रात को थाने जाकर ताई सरोज देवी की गुमशुदगी दर्ज करवाई।

डीसीपी धर्मेन्द्र सागर ने बताया कि आरोपी के पिता ब्रदीप्रसाद 10 दिसम्बर को बेटी शिवी को लेकर उसकी शादी के रिश्ते की बात करने इंदौर गए थे। घर पर अनुज और उसकी ताई सरोज थे। मृतका सरोज देवी की बेटी पूजा (38) शादी के बाद बीकानेर और मोनिका (40) अजमेर अपने ससुराल में रहती हैं। सरोज देवी का बेटा अमित कनाड़ा में सॉफ्टवेयर कंपनी में जॉब करता है। आरोपी की मां अनुराधा की कोविड की सेकेंड वेब में मौत हो गई थी।

मर्डर के अगले दिन 12 दिसंबर को आरोपी के पिता और बहन भी घर लौट आए। इसके बाद उसने ताई की बेटी पूजा को कॉल कर बताया कि वह कहीं चली गई है। उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट विद्याधर नगर थाने में करवा दी है। मां के लापता होने की जानकारी मिलते ही अजमेर से मोनिका चाचा के घर आई। 13 दिसम्बर को मोनिका ने देखा अनुज दीवार पर लगे खून के धब्बे को साफ कर रहा था। मोनिका को देखकर वह घबरा गया। पूछने पर बोला, मुझे नकसीर आ गई थी। जो दीवार पर लग गई, उसके खून को साफ कर रहा हूं। शक होने पर एक कहानी गढ़कर बहन को सुना दी। बोला कि, दोपहर का खाना बनाते समय ताई से झगड़ा हो गया था। ताऊ ने हाथ उठाया तो उसने धक्का दे दिया। ताई का सिर किचन के स्लैब से लगने से खून बहने लगा। इसके बाद ताई गुस्से में घर छोड़कर चली गई। कहानी सुनाने के बाद अमित हरिद्वार जाने की कहकर निकल गया।

मोनिका ने अपनी छोटी बहन पूजा को कॉल कर बताया। इस पर पूजा भी अपने पति के साथ 15 दिसंबर को बीकानेर से चाचा के घर पहुंची। घर में लगे सीसीटीवी फुटेज को देखा तो उसमें अनुज बड़े सूटकेस और बाल्टी लेकर घर से निकलते दिखा। देर शाम को वापस सूटकेस और बाल्टी लेकर वापस आते दिखा। चचेरे भाई पर मां की हत्या का पूरा शक होने पर दोनों बहनों ने शुक्रवार शाम थाने पहुंचकर मामला दर्ज करवाया। इसी दौरान चचेरा भाई अनुज हरिद्वार से जयपुर आ गया। अनुज के घर पहुंचने का पता चलते ही पुलिस ने उसे राउंडअप कर लिया।

डीसीपी धर्मेन्द्र सागर ने बताया कि पुलिस ने अनुज से पूछताछ की तो उसने गुमराह करने की कोशिश की। सख्ती करने पर मर्डर करना कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर बॉडी के मिट्टी में दबाए टुकड़ों को बरामद कर लिया है। पुलिस ने हथियार, सामान और कार को भी जब्त किया है। कावंटिया हॉस्पिटल में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाया गया है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि लालपुरिया अपार्टमेंट में कुल 48 फ्लैट है। घटना को जहां अंजाम दिया गया वह फ्लैट तीसरी मंजिल पर था। मृतका बहुत ही आध्यत्मिक थी और अनुज उनकी बहुत सेवा करता था। उन्होंने कटर के चलने की आवाज सुनी तो लोगों ने सोचा कि किसी फ्लैट में कंट्रक्शन का काम चल रहा होगा। इसलिए किसी ने ध्यान नहीं दिया। उधर आरोपी मीडिया को देखकर पहले तो मुंह छिपाता रहा। फिर मीडिया को बोला कि मुझे एक अच्छे वकील की जरूरत है। यह मेरा लीगल राइट है। मुझे एक अच्छा वकील दिलवाया जाए, जिससे वह जमानत ले सकें। हालांकि उसके हत्या क्यों की इस सवाल पर उसने गर्दन नीची कर ली।

## नेशनल मेडिकल लेबोरेटरी साइंस कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ


सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के सुश्रुत सभागार में तीसरी नेशनल मेडिकल लेबोरेटरी साइंस कॉन्फ्रेंस आईसीएलएस-2022 का उद्घाटन भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व मंत्री डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने किया।

**जयपुर।** जयपुर के सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के सुश्रुत सभागार में तीसरी नेशनल मेडिकल लेबोरेटरी साइंस कॉन्फ्रेंस आईसीएलएस-2022 का शुभारंभ हुआ।

कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व मंत्री डॉ. अरुण चतुर्वेदी, डॉ एसएस अग्रवाल, आरयूएचएस के पूर्व डीन पैरामेडिकल डॉ. अरूण चोगले, महासचिव डॉ. पंकज कोल और आईसीएमएल के अध्यक्ष कप्तान सिंह शेरावत तथा सह संयोजक गोपाल शर्मा कांफ्रेंस ने किया

इस अवसर पर अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि करोना महामारी में मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी ने सैंपल कलेक्शन एवं जांच में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि पैरामेडिकल को एलाइड हेल्थ साइंस में बदल दिया गया है। केंद्र सरकार की ओर से एक नेशनल कमिशन ऑफ एलाइड एंड हेल्थ केयर बिल 2021 के रूप में संसद में पारित किया गया है। आईसीएमएलएस राजस्थान ब्रांच के महासचिव राजेश कुमार शर्मा ने सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 'पुराने अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर नए प्रमाण पत्र जारी करें'

- नर्सिंग ऑफिसर भर्ती-2022 के जुड़े मामले में राजस्थान हाईकोर्ट ने आदेश दिया

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने नर्सिंग ऑफिसर भर्ती-2022 के जुड़े मामले में 108 एम्बुलेंस सेवा के पूर्व कार्मिकों को पुराने अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर नए अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने को कहा है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश दिनेश कुमार की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता पूर्व में 108 एम्बुलेंस सेवा में ईएमटी के पद पर कार्य कर चुका है। वहीं उसे अपने सेवाकाल का अनुभव प्रमाण पत्र भी वर्ष 2018 में टोंक सीएमएचओ व संयुक्त चिकित्सा निदेशक ने दिया था। वहीं गत 16 नवंबर को विभाग की ओर से निकाली गई भर्ती में आवेदक से नए फॉर्मेट में अनुभव प्रमाण पत्र मांगा है। जिसके चुनौती देते हुए कहा गया कि प्रदेश में पूर्व में 108 एम्बुलेंस सेवा संचालित करने वाली कंपनियां बदल चुकी है और कर्मचारियों का सेवा रिकॉर्ड भी उन्हीं कंपनियों के पास है। ऐसे में विभाग की ओर से नए अनुभव प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने पुराने अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर नए प्रमाण पत्र बनाने के आदेश देते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

## हेमू कालाणी जन्म शताब्दी पर जन जागरण रथयात्रा रवाना

**जयपुर** (कासं)। क्रान्तिकारी स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी बलिदानी हेमू कालाणी के जन्म शताब्दी वर्ष में जयपुर से जन जागरण रथयात्रा रवाना हुई। शहर के अमरापुर स्थान से रवाना हुई यह जन जागरण रथ यात्रा प्रदेशभर में 5000 किलोमीटर दूरी तय करेगी और साथ ही 28 जिलों से होकर गुजरेगी।

भारतीय सिंधू सभा राजस्थान की ओर से प्रमुख क्रांतिकारी वीर सपूत हेमू कालाणी का जन्म शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। हेमू कालाणी ने सिंध प्रांत में अंग्रेजों के विरुद्ध क्रांति की अलख जगाई थी। अंग्रेजों ने महज 17 वर्ष की उम्र में हेमू कालाणी को फांसी पर लटका दिया था। आज की नई पीढ़ी को हेमू कालाणी के बलिदान की जानकारी देने के लिए जनजागरण यात्रा निकाली जा रही है। रथ यात्रा के दौरान जिलों में अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही बलिदानी हेमू कालाणी जन जागरण रथ यात्रा का रथ जयपुर महानगर की अलग-अलग कॉलोनी में भी जाकर लोगों में अलख जगाएगा।

अमरापुर स्थान पर शनिवार सुबह महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने विधिवत पूजन अर्चन के बाद यात्रा का शुभारंभ किया, वहीं अमरापुर संत स्वामी भगत प्रकाश, क्षेत्रीय संघ प्रचारक निंबाराम ने धर्म ध्वजा फहराकर रथ यात्रा को रवाना किया। इस दौरान जयपुर में उपस्थित संत महात्माओं ने आशीर्वाद देकर धर्म जागरण व जन जागरण की मंगल कामना की गई।

सिंधु सभा के राष्ट्रीय मंत्री महेंद्र तीर्थानी ने बताया कि जयपुर से रवाना हुई जन जागरण यात्रा 28 जिलों से गुजरते हुए 17 जनवरी 2023 को किशनगढ़ के बालकधाम में विश्राम करेगी। यात्रा के दौरान जगह जगह देशभक्ति और धर्म के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने कहा कि लोगों को बताया जाएगा कि बलिदानी हेमु कालाणी ने किस तरह अंग्रेजों के विरुद्ध लोगों को स्वतंत्रता के लिए जागृत किया। महज किशोरावस्था में ही अंग्रेजों ने फांसी लटका दिया, यह लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत का काम करेगा। रथयात्रा रविवार को जयपुर के विभिन्न मार्गो से निकलेगी। रविवार को प्रात: 9 बजे रथयात्रा राजापार्क सिन्धी कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर से प्रारंभ होगी। जहां से जवाहर नगर सेक्टर 2 गीता मंदिर, सेक्टर 5 झूलेलाल मंदिर होते हुए मालवीय नगर सेक्टर 1,2,3,4 से गुजरेगी।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का ब्लैक पेपर जारी

**जयपुर** (कासं)। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने शनिवार को कांग्रेस सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने पर अल्पसंख्यक मोर्चा का ब्लैक पेपर जारी किया। इस मौके पर पूनियां ने कहा कि मुस्लिम समाज की सरकारी नौकरियों में ना के बराबर उपस्थिति व शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा होने का प्रमुख कारण कांग्रेस के 70 साल का कुशासन है, उसने हमेशा ही मुस्लिम समाज का इस्तेमाल किया है, उनकी तरक्की और तालीम के लिए कोई काम नहीं किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री दीया कुमारी, प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार अजय पाल सिंह, मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एम. सादिक खान, मोर्चा प्रदेश महामंत्री हमीद खान मेवाती, मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष जावेद कुरैशी, फरमान कुरेशी एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खालिद गौड़ उपस्थित रहे।

## जयपुर में शनिवार को 4 नए करोना संक्रमित मिले

- केवल 2 ही मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस बढ़कर 80 हो गए हैं

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में शनिवार को 4 नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं केवल 2 ही मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस बढ़कर 80 हो गए हैं। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

प्रदेश में केवल जयपुर में ही शनिवार को 4 नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच अन्य किसी जिले में कोई भी नया मरीज नहीं मिला है। हालांकि इससे पहले शुक्रवार को राज्य में 14 रोगी पाए गए थे। जयपुर में आज बाइस गोदाम, गणगौरी बाजार और मानसरोवर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं एक मरीज का पता गलत पाया गया है।

उधर राज्य में शनिवार को 2 ही मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस बढ़कर 80 हो गए हैं। इनमें से जयपुर में 64 संक्रमितों का इलाज चल रहा हैं। प्रदेश में शनिवार को करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9653 लोगों की मौत हो चुकी है।

## खाई में कार गिरने से एक की मौत

**जयपुर।** राजधानी के ब्रह्मपुरी इलाके में स्थित नाहरगढ़ की पहाड़ी पर शनिवार सुबह एक कार बेकावू होकर खाई में गिर गई। हादसे में कार सवार एक जने की मौत हो गई। वहीं चार लोग घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को कार से निकालकर एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के अनुसार नाहरगढ़ की पहाड़ी पर कार अंनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। कार में सवार पांच लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान एक जने की मौत हो गई।

## बीजेपी ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री का पुतला फूंका

- जयपुर समेत प्रदेश के तमाम जिलों में किया विरोध-प्रदर्शन

**जयपुर** (कासं)। भाजपा ने पूरे राजस्थान में पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के पुतले फूंके। दरअसल भुट्टो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए अमर्यादित व अभद्र टिप्पणी की थी, जिसका बीजेपी ने खुलकर विरोध किया है। शनिवार को जयपुर में भी राज महल पैलेस सर्किल पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां के नेतृत्व में पाकिस्तान के विदेश मंत्री का पुतला दहन किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर दुनिया में आतंक परोसने वाला देश पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की अमर्यादित टिप्पणी के खिलाफ आज विरोध प्रदर्शन और पुतला फूंका गया हम ईट का जवाब पत्थर से देना जानते हैं। जिला मीडिया प्रभारी सुमित श्रीमाल ने बताया विरोध प्रदर्शन, पुतला दहन में प्रदेश महामंत्री भजन लाल शर्मा, प्रदेश मंत्री लक्ष्मीकांत भारद्वाज, अशोक सैनी, जिला अध्यक्ष राघव शर्मा, जितेंद्र शर्मा, रामानंद गुर्जर, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष हिमांशु शर्मा, प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सादिक खान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बालाजी मंदिर का पाटोत्सव मनाया

**जयपुर।** सीकर रोड स्थित गदरी बधाल के पास स्थित बालाजी मंदिर का तृतीय पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महंत ओम शर्मा ने बताया कि इस मौके पर शाकाहारी केक काटकर श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। इससे पूर्व हनुमान जी महाराज का पंचामृत अभिषेक कर सिंदूरी चोला धारण कराया गया। नवीन पोशाक धारण कराकर सामूहिक रूप से महाआरती की गई। मंदिर को फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया।

## पद्मश्री मधु पंडित दास को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की मानद उपाधि

**जयपुर,** (का.सं.)। इस्कॉन, बेंगलुरु के प्रेसीडेंट व अक्षयपात्र फाउंडेशन के चेयरमेन पद्मश्री मधु पंडित दास को जयपुर की पूर्णिमा यूनिवर्सिटी द्वारा मानद उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया गया। शनिवार को आयोजित यूनिवर्सिटी के नौवें दीक्षांत समारोह में उन्हें खाद्य सुरक्षा व मानव कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की मानद उपाधि प्रदान की गई।

आर्मी ट्रेनिंग कमांड (एआरटीआरएसी), शिमला के जीओसी इन चीफ एवीएसएम, वीएसएम लेफ्टिनेंट जनरल सुरिन्दर सिंह महल समारोह के मुख्य अतिथि थे। उनके साथ यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन शशिकांत सिंघी व प्रेसीडेंट डॉ. सुरेश चंद्र पाढ़ी द्वारा उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में वॉकहार्ट फाउंडेशन के सीईओ डॉ. हुजैफा खोराकीवाला को भी डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के विभिन्न कोर्सेज के 638 स्टूडेंट्स को डिग्री प्रदान की गई।



मानव कल्याण क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पूर्णिमा यूनिवर्सिटी ने इस्कॉन, बेंगलुरु के प्रेसीडेंट व अक्षयपात्र फाउंडेशन के चेयरमेन पद्मश्री मधु पंडित दास को सम्मानित किया।

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए पद्मश्री मधु पंडित दास ने स्टूडेंट्स को भारतीय संस्कारों की महत्ता समझाई। उन्होंने कहा कि आज हम पाश्चात्य संस्कृति का अनुसरण कर रहे हैं, लेकिन ज्ञान की दृष्टि से भारत हमेशा से काफी समृद्ध रहा है।

उल्लेखनीय है कि पद्मश्री मधु पंडित दास आईआईटी, बॉम्बे के एलुमनी हैं, जिन्हें पूर्व में बेंगलुरु यूनिवर्सिटी की ओर से भी मानद उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है। मानव कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 67 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर उन्हें भारत सरकार की ओर से प्रतिष्ठित पद्मश्री पुरस्कार व वर्ष 2019 में अंतरराष्ट्रीय गांधी शांति पुरस्कार प्रदान किया गया है। उन्हें आईआईटी, बॉम्बे की ओर से डिस्टिंग्विश्ड एलुमिनस अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।

अक्षय पात्र फाउंडेशन की ओर से भारत के 14 राज्यों व दो केंद्र शासित प्रदेशों के 65 स्थानों पर प्रतिदिन दो मिलियन से अधिक बच्चों को भोजन कराया जाता है। अपनी शुरुआत से फाउंडेशन जयपुर, अजमेर व हैदराबाद में अब तक 3.5 बिलियन भोजन और महामारी के दौरान 25 करोड़ से अधिक भोजन परोस चुका है।

नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

NAME CHANGE

I Leela Ram Meena S/o Prahlad Kumar Meena R/o Gagwana, Dausa, Rajasthan 321608, have changed my name to Vikash Meena.

खोया-पाया

मकान नंबर 261/760 प्रताप नगर सांगानेर का मूल अलॉटमेंट लेटर क्रमांक 1647 दिनांकित 30.06.2007 कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करे। प्रमोद पंडित मो. 9460281035

राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि. जयपुर
5वीं व 6वीं मंजिल नेहरू सहकार भवन, 22 गोदाम सर्किल, जयपुर
Phone: 0141-2741805, E-mail: rschfjaipur@yahoo.com
क्रमांक-468/22 दिनांक:-16.12.2022

आम सूचना

आवासन संघ की केसरीचन्द चौधरी नगर योजना का भवन संख्या-5/5, जो श्री अरूण कुमार जोशी पुत्र श्री चन्द्रप्रकाश जोशी को आबंटित कर दिनांक 29.04.1986 को कब्जा देकर संघ द्वारा लीज डीड एवं कन्वेंस डीड जारी की गई, जो दिनांक 11.12.1986 को रजिस्टर्ड हुई। उक्त भवन श्री अनिल कुमार गुप्ता पुत्र श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता द्वारा जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 21.09.2002 के द्वारा क्रय कर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर अपने नाम ट्रांसफर करने हेतु निवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त भवन हस्तातंरण पर आपत्ति हो तो संघ कार्यालय में 15 दिवस में प्रमाण सहित प्रस्तुत करें अन्यथा आवेदक के नाम हस्तान्तरण कर दिया जावेगा।
(ज्योति गुप्ता), प्रबंध निदेशक आवासन संघ लि. जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
क्रमांक:- DHC-II/2379 जाहिर आम सूचना दिनांक: 16/12/22

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा वाणिज्यिक भूखण्ड संख्या एस-299, सेक्टर-3, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 9.00 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्रीमती शशि अग्रवाल पत्नी श्री विनोद कुमार अग्रवाल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 808 दिनांक 24.08.2017 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 854 दिनांक 30.08.2017 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त भूखण्ड का भौतिक कब्जा दिनांक 20.11.2017 को प्राप्त कर लिया गया था। तत्पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 3402 दिनांक 03.11.2017 को श्रीमती शशि अग्रवाल पत्नी श्री विनोद कुमार अग्रवाल के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इसके पश्चात श्रीमती शशि अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 11.05.2022 को हो जाने के कारण इनके पति श्री विनोद कुमार अग्रवाल पुत्र श्री बद्री प्रसाद अग्रवाल ने मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त वाणिज्यिक भूखण्ड को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त वाणिज्यिक भूखण्ड के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति / आवेदक श्री विनोद कुमार अग्रवाल पुत्र श्री बद्री प्रसाद अग्रवाल के पक्ष में उक्त वाणिज्यिक भूखण्ड के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है। सम्पदा प्रबन्धक, वृत द्वितीय, जयपुर

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
मुकदमा नम्बर 21/2022 (नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि प्रार्थी श्री सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री हनुमान प्रसाद, निवासी वी.पी.ओ. माजरी कलॉ तहसील नीमराणा जिला अलवर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रन्यास सेठ श्री नामदेव चेरिटेबल ट्रस्ट नीमराणा अलवर में न्यास कार्यकारणी के चुनाव करा नव निर्वाचित कार्यकारिणी को दर्ज अभिलिखित करवाने हेतु जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है।

अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुवे परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 16.12.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 18.01.2023
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर

# आदर्श कोऑपरेटिव बैंक के एटीएम से 35 लाख रूपए चोरी किए

## इन 35 लाख में अजमेर से निकाले साढे छह लाख रुपये शामिल हैं

**अजमेर, (कासं)।** एटीएम मशीन से छेड़छाड़ कर लाखों रुपए की रकम निकालने का सनसनी मामला सामने आया है। शातिर बदमाशों ने अजमेर सहित प्रदेश भर में आदर्श कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के एटीएम को निशाना बनाया। एटीएम से रकम निकलती रही और अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। जब एटीएम का बैलेंस चेक किया गया, तब एटीएम खाली मिले, तब मामले का खुलासा हुआ। बदमाशों ने प्रदेशभर के 15 एटीएम में वारदात को अंजाम देकर लाखों रुपए निकाले लिए। अजमेर में भी कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित आदर्श कोऑपरेटिव बैंक के एटीएम से तीन दिन में 6 लाख 66 हजार रुपए निकाले। आदर्श कोऑपरेअिव बैंक लिमिटेड अजमेर के शाखा प्रबंध ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया है। उल्लेखनीय है कि मामले में जालौर पुलिस ने 3 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इधर अजमेर कोतवाली थाना पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है।

अजमेर के कचहरी रोड स्थित आदर्श को-ऑपरेटिव बैंक मैनेजर अरुण जैन ने बताया कि 11 से लेकर 13 नवंबर 2022 तक 6 से 7 अज्ञात शातिर बदमाशों द्वारा कचहरी रोड स्थित बैंक के एटीएम से छेड़छाड़ कर तीन दिनों में बदमाशों ने अलग अलग ट्रांजैक्शन करते हुए 6 लाख 66 हजार रुपए निकाल लिए। जैन ने बताया कि मामले का खुलासा उस समय हुआ जब उनकी और अन्य शाखाओं के काम पूरे होने पर शाखाओं के एटीएम का नगद मिलान किया तो उन्हें एटीएम की बैलेंस शीट में डिफरेंस आया और फिजिकल बैलेंस जीरो मिला, जब इसकी जांच की गई और सीसीटीवी फुटेज देखी गई तो पता चला तीन दिनों में अलग अलग बदमाशों ने रात 8 बजे बाद ट्रांजैक्शन कर पूरा एटीएम ही खाली कर दिया।

बैंक मैनेजर जैन ने बताया कि जांच के बाद जब मामले की जानकारी अधिकारियों को दी गई तो पता चला कि पाली, माउंट आबू और जालोर सहित अन्य शहरों की ब्रांच में भी ऐसी वारदात घटित हो चुकी हैं । बदमाशों ने प्रदेश भर के 15 बैंक एटीएम बूथ को निशाना बनाते हुए इस तरह की वारदात अंजाम देकर 35 लाख 66 हजार 500 रुपए निकाल लिए है। ये सभी घटना नवंबर के पहले सप्ताह के आस -पास होना बताई जबकि अजमेर की घटना के बाद 15 नवंबर को एटीएम मशीन को बंद कर दिया गया।



अजमेर स्थित आदर्श कोऑपरेटिव बैंक जहां बदमाशों ने एटीएम में वारदात को अंजाम दिया।

- **प्रदेश के 15 एटीएम में वारदात कर 35 लाख रुपए निकाले**
- **एटीएम से रकम निकलती रही और अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लगी**

जैन ने बताया कि आदर्श को ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड जो कि भारतीय रिजर्व बैंक से लाइसेंस धारी बैंक है।

कोतवाली थाना अधिकारी सुधीर शर्मा ने बताया कि बैंक मैनेजर अरुण जैन द्वारा गत माह 15 नवंबर को थाने में परिवाद तो दिया गया था लेकिन किसी तरह की जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। बैंक अधिकारियों से जब सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य सबूत मांगे तो उन्होंने नहीं दिए, जिसके बाद घटना के एक माह बाद बैंक मैनेजर जैन ने शुक्रवार देर शाम को सबूत और सीसीटीवी फुटेज पुलिस को उपलब्ध कराए हैं। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बीकानेर पुलिस ने जोधपुर में 007 गैंग के गुर्गे को पकड़ा

## करोड़ों रुपए की सवा तीन किलो ड्रग बरामद

**बीकानेर, (कासं.)।** सीकर में हुई राजू ठेहट हत्याकांड की कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए जोधपुर पहुंची बीकानेर पुलिस ने एक ठिकाने पर छापामारी कर 007 गैंग के एक गुर्गे को पकड़ा है। पकड़े गए बदमाश हनुमान सिंह के कब्जे से पंप एक्शन गन बरामद की है। इससे की गई पूछताछ के बाद जब बीकानेर और जोधपुर ग्रामीण पुलिस मनीष सुखाणी के घर पहुंची तो वहां एक गाड़ी में 3.300 ग्राम एमडी (ड्रग) बरामद की। जिसका बाजार मूल्य करोड़ों रुपए है।


पुलिस ने सुखाणी के घर से दो गाड़ियों को भी जब्त किया है। बीकानेर एसपी योगेश यादव के निर्देशन में एएसपी अमित कुमार बुडानिया ने गिरफ्तार आरोपी हनुमान सिंह के खिलाफ लोहावट थाने में आर्म्स एक्ट और राजू ठेहट हत्याकांड के षड़यंत्र में शामिल होने के आरोप में मामला दर्ज करवाया है। इस कार्रवाई में सीकर पुलिस, एसओजी और डीएसटी टीम का विशेष सहयोग और सामंजस्य रहा।

एएसपी अमित कुमार बुडानिया ने बताया कि राजू ठेहट हत्याकांड के षड़यंत्र में शामिल बीकानेर के चार आरोपियों को अब तक पकड़ा जा चुका है। राजू ठेहट हत्याकांड के बाद अब तक चार आरोपियों को पकड़ा जा चुका है। हत्याकांड के षड़यंत्र में शामिल और शूटर को रुपए भेजने वाले आरोपी शकील, रोहित गोदारा का फेसबुक अकाउंट मैनेज करने वाले श्रीडूंगरगढ़ के राकेश और गणेश सहित किसमीदेसर के उमेश गहलोत को हथियार सप्लाई करने के आरोप में गिरफ्तार किया जा चुका है।

## ट्रेलर में लगी आग पर दो घंटे में पाया काबू

**सुजानगढ़, (निसं)।** निकटवर्ती गांव कसुम्बी के पास कार को साइड देने के चक्कर में पलटने से एक ट्रेलर में आग लग गई। जसवंतगढ थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि लोढसर से जसवंतगढ़ की ओर एक ट्रेलर रोडी से भर कर जा रहा था। कसुम्बी के पास सिंगल रोड पर सामने से आ रही कार को साइड देने के प्रयास में ट्रेलर का पीछे का हिस्सा पलट गया तथा आगे के हिस्से में आग लग गई। आगजनी में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। ट्रेलर को सवार चालक रामकुमार पुत्र तेजाराम नायक निवासी 113 आरडी चक जसवंतसर पीएस महाजन जिला बीकानेर चला रहा था। सुजानगढ़ नगरपरिषद की फायर ब्रिगेड टीम के कर्मचारियों ने व ग्रामीणों ने दो घंटे तक प्रयास कर आग पर काबू पाया।


## टाइगर के आने से दहशत फैली


डांग क्षेत्र में मिले टाइगर के पगमार्क।

**मासलपुर/करौली, (निस)।** मासलपुर के डांग क्षेत्र में टाइगर के आने से लोगों में दहशत फैल गई। वन विभाग की टीम ने टाइगर के पग मार्क लिए । मासलपुर बंद खंड के ज्ञानी का बेड़ा के पास टाइगर आने से क्षेत्र के लोगों में दहशत फैल गई ।

ज्ञात रहे गत 2 सप्ताह पहले भी मासलपुर वन खंड क्षेत्र में टाइगर के पग मार्ग लिए गए थे । शनिवार को फिर से ज्ञानी का बेड़ा क्षेत्र में टाइगर के आने के बाद वन विभाग की टीम ने पग मार्क लिए। क्षेत्रीय वन अधिकारी रमेश मीणा के साथ दर्शन सिंह गुर्जर, बनवारी, पुखराज, नवाब, लखन आदि वन कर्मियों ने टाइगर के पग मार्क लिए।

# पुलिस की मौजूदगी में दो राउण्ड फायरिंग कर फरार हुए बदमाश


पुलिस अधिकारियों को पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने खरी खोटी सुनाई।

**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली में चोर व बदमाशों के हौंसले बुलंद नजर आ रहे हैं। शुक्रवार की मध्य रात्रि करीब 2 बजे कस्बे के राजमार्ग से लगती हुई पुरानी सब्जी मंडी के पास व्यस्ततम मार्केट में सामने आई, जहां अज्ञात चोरों ने इलैक्ट्रिक की दुकान में आरामपूर्वक ना केवल चोरी की बल्कि पुलिस को आता देखकर दो राउण्ड फायरिंग कर मौके से फरार भी हो गये।

इस सम्बंध में पीडित महावीर प्रसाद सैनी ने बताया कि पुरानी सब्जी मंडी में उसकी सैनी इलैक्ट्रीक्स वर्क्स नाम से दुकान है। जिसमें चार-पांच चोर देर रात्रि करीब 2 बजे शटर तोडकर लाइट एवं सीसीटीवी कैमरे का तार काटकर करीब 2-2.50 लाख रूपयों का सामान चोरी करके मौके से जा रहे थे। इतने में पड़ौसी सुरेश उर्फ लाला द्वारा सूचना दिये जाने पर पीड़ित पुलिस सहित मौके पर पहुंचे तो भागते हुए चोरों ने पुलिस की मौजूदगी में अशोक सैनी नामक एक व्यक्ति पर दो राउण्ड फायरिंग भी की। पूरी घटना वहां लगे अन्य सीसीटीवी कैमरे में दर्ज भी हो गई। पुलिस ने क्षेत्र में नाकाबंदी तो करवाई लेकिन बदमाशों का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने मौके से दो खाली कारतुस भी बरामद किये।

- **शुक्रवार की मध्य रात्रि को करीब 2 बजे कस्बे के शरण मार्केट की घटना**
- **पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने स्टेट हाईवे पर लगाया जाम**

घटना के बाद पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना के नेतृत्व में दुकानदारों ने कोटपूतली-नीमकाथाना स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया। पूर्व संसदीय सचिव कसाना ने वहां पहुंचे डीएसपी गौतम कुमार व एसएचओ सवाई सिंह को जमकर खरी-खोटी सुनाई। कसाना ने कहा कि गृह राज्यमंत्री का क्षेत्र होने के बावजूद भी कोटपूतली चोर, डकैत व लुटेरों का गढ़ बन गया है। लगातार चोरी की घटना होने के बावजुद भी पुलिस उनका खुलासा नहीं कर पा रही है। इस सम्बंध में डीएसपी गौतम कुमार का कहना है कि देर रात्रि को बिजली व्यवस्था ना होने के कारण चोर मौके से भागने में कामयाब रहे, जल्द ही उनकी पहचान कर पकड लिया जायेगा।

# पत्नी पीड़ित ने खुद को आग लगाई

## सीसीटीवी कैमरें में कैद हुई घटना

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के चीरघर मोड़ पर शुक्रवार की देर शाम सनसनीखेज घटनाक्रम हुआ। एक व्यक्ति ने खुद को पेट्रोल डालकर जला दिया मगर लोगों ने उसे बचा लिया ,बाद में पत्नी पीडित होने की कहानी सामने आई।

पुलिस ने पत्नी को बुलाकर पूछताछ की तो पता लगा कि वह उससे मारपीट करने के साथ सिगरेट से दागता था। पुलिस ने आग से जले पति को एमजीएच के बर्न यूनिट में भर्ती करवाया है । जबकि पत्नी के बयान लेकर बाद में छोड दिया। घटनाक्रम में लोगों ने देखा तो पानी डालकर आग बुझाई और उसे अस्पताल भिजवाया। मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। इसके बाद पुलिस को सूचना मिली तो मौके पर पहुंची।

देवनगर थानाधिकारी जयकिशन सोनी ने बताया कि बालोतरा के रहने वाला राकेश माली ने त्रिपुरा की एक युवती आरती से ढाई तीन साल पहले शादी की थी। वह उसे वहां से ब्याह कर लाया था। दो साल तक दोनों साथ रहे। करीबन 8-10 महीने पहले आरती अपने पति को छोड़कर जोधपुर आ गई। वह तलाश रहा था। राकेश ने बालोतरा एसडीएम से 97 सीआरपीसी का सर्च वारंट भी जारी करवा रखा है। शुक्रवार को राकेश को पता चला कि उसकी पत्नी चीरघर स्थित स्पा सेंटर पर काम करती है।


वहां पहुंचा तो उसने उसे पहचान लिया। आरती से उसने घर चलने के लिए कहा तो उसने मना कर दिया और कहा कि वह यहीं पर काम करेगी। राकेश ने कहा कि वह या तो वह उसे जला देगा या फिर खुद जल जाएगा। कई बार कहने के बाद भी जब आरती नहीं मानी तो वह पेट्रोल पंप से बोतल में पेट्रोल भरकर लाया और स्पा सेंटर के सामने ही उसने खुद पर पेट्रोल छिडक़ लिया और आग लगा ली। यह देख आस-पास के लोग घबरा गए और अपनी दुकान व घर से पानी लेकर उस पर छिड़काव किया । आग बुझने तक राकेश काफी झुलस गया। तुरंत एंबुलेंस बुलवाई, साथ ही पुलिस को भी सूचना दी गई। पुलिस ने उसे एमजीएच में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

- **30 प्रतिशत तक झुलसा, एमजीएच में इलाज जारी**

थानाधिकारी सोनी ने बताया कि घटना के बाद पुलिस स्पा सेंटर से आरती को पूछताछ के लिए देवनगर थाने लेकर आई। आरती ने बताया कि शादी के कुछ दिन तक तो राकेश ने उसे ठीक से रखा। कुछ दिन बाद वह उसके साथ मारपीट करने लगा। कई बार तो उसे सिगरेट से दागा। इतना पीटता था कि मुंह पर कई निशान रह जाते थे, होठ फंट जाते थे। इस कारण उसे मजबूरी में छोड देना पड़ा । आरती से पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया है।

# आधा दर्जन परिवारो को नहीं मिल रहा पी.एम. आवास योजना का लाभ

## परिवार कच्चे घरों में तिरपाल डालकर जीवन यापन करने को मजबूर


मालोड़ी की ढाणी में अपना कच्चा घर दिखाता पीएम योजना का पात्र परिवार।

**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बे के वार्ड नंबर एक मालोड़ी की ढाणी में रहने वाले आधा दर्जन से अधिक परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिलने से वंचित हैं।

जानकारी के अनुसार पिछले कई वर्षो से मालोड़ी की ढाणी निवासी भैरुराम सैनी पुत्र बुद्धाराम सैनी, कृष्ण सैनी पुत्र गोपाल सैनी, ओमप्रकाश, हेमराज, हरीश सैनी, पप्पू राम सैनी आदि परिवार कच्चे घरों में तिरपाल डालकर जीवन यापन कर रहे। ये ग्रामीण बताते है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए कई बार ग्राम पंचायत कार्यालय में आवेदन किया, लेकिन आज तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला । जबकि सरकार द्वारा सन् 2016-18 में ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना का सर्वे भी करवाया गया। लेकिन आज तक इन परिवारों के नाम सर्वे लिस्ट में नहीं आया। जिससे सरकार की योजना का लाभ इन लोगों को नहीं मिल पा रहा।


इधर सरपंच मन्नी देवी ने बताया कि पूर्व में 56 परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना में चयनित हैं। जिनमें से 7 परिवारों का कार्य निर्माणाधीन हैं। बचे हुए परिवारों का जिला परिषद् से स्वीकृति आने के बाद निर्माण किया जायेगा। वहीं ग्राम पंचायत में बचे हुए गरीब पात्र परिवारों के नाम भी प्रधानमंत्री आवास योजना का पोर्टल खुलने पर जुडवा दिया जायेगा।

# हिस्ट्रीशीटर ब्लेकिया और उसके साथियों को सजा सुनाई

**झुंझुनूं, (निसं)।** एडीजे कोर्ट नंबर एक ने एक मामले में युवक के अपहरण और जान से मारने की नियमत से मारपीट करने के मामले में बगड़ थाने के हिस्ट्रीशीटर नितेश उर्फ ब्लेकिया उर्फ कालू समेत उसके दो अन्य साथियों को 10-10 साल के कारवास की सजा सुनाई है। सजा सुनाते वक्त हिस्ट्रीशीटर नितेश उर्फ ब्लेकिया को कडी सुरक्षा के बीच झुंझुनूं के एडीजे कोर्ट में लाया गया क्योंकि नितेश उर्फ ब्लेकिया, फिलहाल अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में बंद है। जिसे वहां से लाया गया तो पूरे कोर्ट कैंपस को पुलिस छावनी में बदल दिया गया।

- **एडीजे जज सोनिया बेनीवाल ने 10-10 साल की सजा सुनाई**
- **अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर को झुंझुनूं के एडीजे कोर्ट में लाया गया**

कोर्ट के लोक अभियोजक कमल किशोर शर्मा ने बताया कि एडीजे कोर्ट संख्या एक की न्यायाधीश सोनिया बेनीवाल ने मामले में सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपियों को दोषी माना है तथा 10 साल की सजा सुनाई है। आपको बता दें कि वर्ष 2019 में बगड थाने के हिस्ट्रीशीटर नितेश उर्फ ब्लेकिया और उसके साथी कालीपहाडी निवासी प्रमेंद्र और अलीपुर निवासी सचिन मूंड ने कंवरपुरा निवासी गौतम का उसके गांव से अपहरण किया और मारपीट करते हुए उसे चिड़ावा के चूंगी नाका के पास मरा हुआ समझकर पटककर चले गए। इस मामले में घायल गौतम के पर्चा बयान पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर किया था। मामले में बगड़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 11 जुलाई 2019 को हिस्ट्रीशीटर नितेश उर्फ ब्लेकिया और उसके साथी प्रमेंद्र और सचिन मूंड को गिरफ्तार कर लिया था।


हिस्ट्रीशीटर नितेश उर्फ ब्लेकिया।

## दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की कैद

**बौंली, (निसं)।** सवाई माधोपुर परिवार व पोक्सो न्यायालय ने एक नाबालिग का अपहरण करने व उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी विमल कुमार बेरवा निवासी डिगो थाना लालसोट जिला दौसा को मामले की गंभीरता को देखते हुए विभिन्न धाराओं में 20 वर्ष का कठोर कारावास व 50हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। पीड़िता व राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ट लोक अभियोजक अनिल कुमार जैन ने न्यायालय को अवगत कराया कि पीड़िता की मां ने अपने देवर के साथ जिले के एक थाने में उपस्थित होकर मामला दर्ज कराते हुए बताया था कि 19 अगस्त 2020 को हम सभी घर पर बैठे हुए थे इसी दौरान विमल, विकास, व अशोक बेरवा निवासी डिगो तहसील लालसोट हाल निवासी घटानेनवाडी तहसील बौंली करीब शाम 6:00 बजे आए व घर पर कौन है पूछताछ की जब हमने बताया कि हम बच्चे बच्चियों के अलावा कोई भी नहीं है तो करीब 2:00 बजे जब मैं सोच करने के लिए उठी तो मेरी नाबालिग पुत्री नहीं मिली यह तीनों आरोपी उसे बहला-फुसलाकर जबरन ले गए एवं घर में रखे 25हजार800 भी निकाल कर ले गए। पुलिस ने अनुसंधान के बाद बालिका को दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में चालान पेश किया।

# भूंगरा गैस सिलेंडर विस्फोट : एमजीएच मोर्चरी पर धरना जारी

## 18 दिसंबर को धरना स्थल से कलेक्ट्रेट तक रैली निकालने और काला दिवस मनाने का फैसला

**जोधपुर, (कासं)।** शेरगढ़ तहसील के भूंगरा गांव में दस दिन पहले हुए भीषण गैस सिलेंडर विस्फोट में मृतकों की संख्या रात तक 33 हो गई । कईयों का अभी उपचार जारी है। कुछ गंभीर झुलसे लोगों का एमजीएच आईसीयू में उपचार चल रहा है। इधर केंद्र एवं राज्य सरकार से उचित मुआवजा दिए जाने की मांग पर दिया जा रहा धरना आज भी जारी रहा। शेरगढ़ पूर्व विधायक बाबू सिंह राठौड़ और सूरसागर विधायक सूर्यकांता व्यास, रानीवाड़ा विधायक नारायण सिंह देवल भी सुबह धरनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने अग्निकांड में मृतकों के आश्रितों एवं परिजन से बात कर सांत्वना प्रदान की। घायलों की अस्पताल के बर्न यूनिट में जाकर कुशलक्षेम भी पूछी। डॉक्टर्स से इलाज के बारे में जानकारी भी जुटाई।

मांग को लेकर शवों को भी उठाने से मना कर देने पर हॉस्पिटल मैनेजमेंट की चिंता बढ़ गई है। दरअसल, इन 4 दिन में 8 शव मॉर्च्युरी में पड़े हैं। इनमें बच्चे और महिलाएं शामिल हैं । हॉस्पिटल मैनेजमेंट का कहना है कि बॉडी पहले से जली हुई है ऐसे में इंफेक्शन का खतरा भी बढ़ गया है। हालांकि इन शवों को मॉर्च्युरी के डीप फ्रीजर में रखा गया है।

धरने पर बैठे लोगों द्वारा रविवार को काला दिवस मनाने की तैयारी की जा रही है। परिजनों और समाज के लोगों ने सरकार की ओर से मांगें नहीं माने जाने तक बॉडी लेने से इनकार कर दिया है। धरना स्थल पर शनिवार को भी बड़ी संख्या में समाज के लोग जुटे। समाज की ओर से राज्य और केंद्र सरकार से मृतकों के परिजनों को 50 लाख और हादसे में घायल हुए मरीजों को 25 लाख की आर्थिक सहायता और एक आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग की जा रही है। रविवार को निकाले जानी वाली रैली को विभिन्न समाजों के संगठनों ने भी समर्थन दिया है।

ओम बन्ना टाइगर फोर्स के माधो सिंह उदट ने कहा कि रविवार को काला दिवस मानएंगे। मांगें नहीं मानी तो सीएम के घर के सामने आत्मदाह करूंगा। सरकार पर तंज कसते हुए उदट ने कहा कि पीड़ितों के लिए सरकार जोरदार प्रयास कर रही है। जयपुर में चुन्नी मुन्नी का डांस चल रहा है। यहां अर्थियां पड़ी हैं, धरना चल रहा है। उन्होंने कहा कि कल जो आक्रोश रैली होगी उसमें जोधपुर के 36 कौम के लोग शामिल होंगे । लोग काले झंडे और काली पट्टियां लेकर चलेंगे। रविवार को काला दिवस मनाएंगे। माधो सिंह उदट ने बताया कि रविवार को होने वाली रैली में 1 लाख लोग शामिल हो सकते हैं। यहां धरों में अंतिम संस्कार के लिए लोग नहीं बचे हैं। ऐसे माहौल में सरकार राहुल गांधी की यात्रा में व्यस्त है।

- **कुछ गंभीर झुलसे लोगों का एमजीएच आईसीयू में उपचार चल रहा है**
- **मोर्चरी में से शव नहीं उठाने से इंफेक्शन का खतरा भी बढ़ा**

शेरगढ़ से पूर्व विधायक बाबू सिंह राठौड़ ने कहा कि अगर सरकार शांतिपूर्ण तरीके से बात नहीं मानती है तो आंदोलन को उग्र किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। बाबू सिंह ने कहा कि यह घटना दुखद है। सरकार को मानवीय दृष्टिकोण दिखाना चाहिए। धरने की नौबत नहीं आनी चाहिए थी, लेकिन धरना देना पड़ा। कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन देने व सकारात्मक जवाब नहीं आने पर अब 36 कौम के लोग आक्रोशित हैं।

उन्होंने कहा कि कल होने वाली रैली में बीकानेर से देवी सिंह भाटी 500 वाहन लेकर आएंगे। इसके अलावा करणी सेना के लोग आएंगे । आरएलपी, सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी संस्थाओं के लोग भी जुटेंगे। हम लाशों की राजनीति नहीं करना चाहते लेकिन पीड़ित परिवारों को न्याय मिलना चाहिए। मीटिंग में फैलला करेंगे कि शवों को उठाएं या नहीं। कल की रैली के बाद भी अगर राजस्थान सरकार ने मांगें नहीं मानी तो जयपुर से एक भी मंत्री को बाहर नहीं निकलने देंगे। राहुल गांधी की यात्रा को भी रोकेंगे।

जय राजपूताना के संस्थापक भंवर सिंह ने कहा कि जोधपुर गैस सिलिण्डर ब्लास्ट को लेकर सरकार से सीधी सी मांग की है। मृतकों के परिजनों को 50 लाख और सरकारी नौकरी की मदद दी जाए। घायलों को 25 लाख की मदद की जाए। जब तक ये मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक शव नहीं उठाए जाएंगे।

महात्मा गांधी अस्पताल की अधीक्षक डॉ. राजश्री बोहरा ने बताया कि अर्जुन नाम के एक बच्चे की बॉडी 4 दिन से मॉर्च्युरी में है। कोई शव दो दिन से है कोई तीन दिन से । संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है। डीप फ्रीजर की भी लिमिट होती है। पहले ही बॉडी से स्किन उतरी हुई है। ज्यादा समय बीतने से डीप फ्रीजर में रखी बॉडी का डिकंपोजिशन शुरू हो जाता है। ऐसे में संक्रमण तेजी से फैल सकता है। जो लोग संक्रमित बॉडी लेकर जाएंगे उन पर खतरा होगा। इसलिए शवों को सम्मान पूर्वक ले जाना चाहिए।

# फर्जी कंपनियां बनाकर बैंकों से करोड़ों रुपये ठगने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार

## आरोपी दंपत्ति ने बीते 15 साल से अलग-अलग राज्यों में कई बैंकों की रकम हड़पी

**जयपुर** (कासं)। सोडाला थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेज के माध्यम से फर्जी कम्पनी बनाकर बैंकों को करोड़ों का चूना लगाने वाले शातिर दम्पति (बंटी-बबली) गिरफ्तार किया है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि मास्टर माईड दम्पति पहले फर्जी तरीके से छद्म नाम पते की आईडी तैयार करते है और उसी आईडी से कम्पनी बनाकर व खाता खोलकर करोड़ों रुपयों का टर्न ऑवर दिखाते है व उसके बाद बैंक के क्रेडिट कार्ड व फाइनेंस करवाए गए वाहनों को खुर्द-बुर्द कर चूना लगाते है। आरोपित महंगी कारों और लग्जरी लाइफ जीने के शौकीन है। पुलिस ने आरोपियों के पास से स्वयं के फोटो लगे नकली नाम-पते के अलग-अलग दस्तावेज बरामद किए गए है।

डीसीपी जयपुर दक्षिण योगेश गोयल ने बताया कि सोडाला थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेज के माध्यम से फर्जी कम्पनी बनाकर बैंकों को करोड़ों रुपुये का चूना लगाने वाले शातिर दम्पति किठौर जिला मेरठ उत्तर प्रदेश निवासी सुरेश नागर उर्फ सुरेश कुमार उर्फ अमित कुमार और उसकी पत्नी संजू उर्फ अंजू सिंह उर्फ रेखा को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दंपत्ति पिछले 15-20 साल से अलग-अलग राज्यों में ऐसे ही ठगी कर रहे हैं, लेकिन आज तक कहीं भी नहीं पकड़े गए। इस कारण आरोपियों को हौसला बढ़ गया। पुलिस ने आरोपी दंपत्ति के कब्जे से विभिन्न बैंकों की 40 चैक बुक, 21 हाई वैल्यू क्रेडिट कार्ड, ई-वैल्यू क्रेडिट कार्ड, 40 डेबिट कार्ड व फर्जी खोली गई फर्मों की रबर मुहरें बरामद की है।

आरोपित पति-पत्नी है जो कि कभी किसी राज्य तो कभी किसी राज्य में जा-जाकर और अपनी स्वयं की निजी पहचान को छुपाते हुए अपनी फोटो लगे नये नाम-पता की आईडी तैयार के बाद फर्जी सिम और फर्जी दस्तावेज तैयार करवाकर दूध डेयरी आदि के नाम से फर्जी कम्पनी खोलते है और उसमें अपनी कंपनी से दूसरी कंपनी में स्वयं की लाखों का टर्न ऑवर दिखाकर अपनी बैंक वैल्यू को बढाते है, ताकि बैंकों को उन पर विश्वास हो जाए। इसके बाद बैंकों से महंगे क्रेडिट कार्ड जारी करवाकर वाहन खरीदते हैं और कुछ समय तक किस्त समय पर चुकाने के बाद वाहनों को खुर्द-बुर्द कर देते हैं। गत 15 दिसम्बर को एक्सिस बैंक के रीजनल मैनेजर फोड कंट्रोल यूनिट राजस्थान ने सोडाला थाने में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को चिन्हित करते हुए धर-दबोचा।


सोडाला थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेज के माध्यम से फर्जी कम्पनी बनाकर बैंकों को करोड़ों का चूना लगाने वाले शातिर दम्पति को गिरफ्तार किया।

- आरोपी फर्जी आईडी कार्ड से कम्पनी बनाकर व बैंकों में खाता खोलकर करोड़ों रुपयों का टर्न ऑवर दिखाते और उसके बाद बैंकों से फाइनेंस करवाकर वाहन खरीदकर उन्हें खुर्द-बुर्द कर देते थे
- पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से विभिन्न बैंकों की 40 चैक बुक, 21 हाई वैल्यू क्रेडिट कार्ड, ई-वैल्यू क्रेडिट कार्ड, 40 डेबिट कार्ड व फर्जी फर्मों की रबर मुहरें बरामद की

## कैनल बॉय भर्ती का साक्षात्कार स्थगित

**जयपुर,** (का.सं.)। राज्य विशेष शाखा में श्वान दल के लिए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी केनल बॉय के 8 पदों पर चयन हेतु साक्षात्कार स्थगित किए गए हैं। यह साक्षात्कार 22 दिसंबर से लिये जाने थे। उपमहानिरीक्षक पुलिस आसूचना परम ज्योति ने बताया कि राजस्थान पुलिस की राज्य विशेष शाखा जयपुर में श्वान दल के लिए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की कैनल-बॉय श्रेणी में 8 पदों पर चयन हेतु 10 दिसंबर 2022 तक ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे।

उन्होंने बताया कि आवेदन कर्ताओं का 22 दिसंबर 2022 से साक्षात्कार लिया जाना प्रस्तावित था। अपरिहार्य कारण की वजह से स्थगित किए गए साक्षात्कार की अग्रिम तारीख से बाद में सूचित किया जाएगा।

## मोबाइल-लैपटॉप चोर गिरफ्तार

**जयपुर** । मानसरोवर पुलिस ने पीजी-हॉस्टल में मोबाइल-लैपटॉप चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी का एक लैपटॉप और चार मोबाइल फोन बरामद किया गया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी दिलीप कुमार सोनी ने बताया कि पीजी/हॉस्टल में मोबाइल-लैपटॉप चोरी करने वाले एक शातिर चोर राहुल यादव उर्फ दीपू (18) निवासी कान्हा विहार वैशाली नगर को गिरफ्तार कर उसके पास से 23 नवम्बर को पीजी/हॉस्टल से चुराया गया एक लैपटॉप और चार मोबाइल फोन बरामद किए गए है।

# फ्रैंच शिक्षिका डॉ. निधि रायसिंघानी सम्मानित



**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान विश्वविद्यालय में यूरोपिय भाषाओं के अध्यापन में सक्रिय रूप से योगदान दे रहीं यूरोपिय भाषा विभाग की शिक्षक डॉ.निधि रायसिंघानी को राज्यपाल कलराज मिश्र द्वारा यूरोपियन भाषाओं में विशेष रूप से फ्रैंच विषय की शिक्षा में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया है।

राज्यपाल मिश्र के द्वारा डॉ.निधि रायसिंघानी को राज्यपाल कलराज मिश्र द्वारा यूरोपियन भाषाओं विशेष रूप से फ्रैंच विषय की शिक्षा में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। राज्यपाल द्वारा डॉ.निधि रायसिंघानी को टी.एन.मिश्रा चैरिटेबल ट्रस्ट पुरूस्कार से सम्मानित किया गया है।

राजस्थआन विश्वविद्यालय के यूरोपियन भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.निधि रायसिंघानी पिछले 18 वर्षों से फ्रेंच का अध्यापन करवा रही हैं, राजस्थान में फ्रेंच से एकमात्र नेट परीक्षा पास करने वाली महिला डॉ.निधि रायसिंघानी द्वारा हाल ही फ्रैंच दूतावास के समन्वय से अनेक कार्यक्रम विश्वविद्यालय में आयोजित किए गए हैं, जो विशेष चर्चा में रहे हैं, इन कार्यक्रमों में वॉल आॅर्ट प्रोजेक्ट की मेजबानी विश्वविद्यालय द्वारा की गई है।

प्रो.निधि रायसिंघानी के व्यक्तिगत प्रयासों से ही राजस्थान विश्वविद्यालय के 30 से अधिक छात्रों को स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत फ्रांस के विभिन्न विश्वविद्यालयों में भेजा गया है, विश्वविद्यालय के यह चयनित छात्र फ्रांस के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों जीन मौलिन, लिओन एण्ड पैक्स, मार्सिली यूनिवर्सिटी ऑफ फ्रांस जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में अध्ययन कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के कई छात्रों को फ्रांस में अध्ययन के साथ ही रोजगार के अवसर भी प्राप्त हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय के यूरोपियन भाषा विभाग में स्पेन के दूतावास के सहयोग से स्पैनिश भाषा का अध्यापन भी छात्रों को करवाया जा रहा है। व विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो.राजीव जैन की पहल से चीनी भाषा का एक अध्ययन केन्द्र खोले जाने की प्रक्रिया भी प्रगति पर है। इस संबंध में हाल ही चीनी दूतावास के एक उच्च प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति से व्यापक विचार विमर्श भी किया है।

# पंचायत के फर्जी पट्टे से सेक्टर रोड पर कब्जा

## जेडीए टीम ने प्रताप नगर में कोचिंग हब के सामने से हटाया अतिक्रमण



**जयपुर ( कासं )**। प्रताप नगर स्थित कोचिंग हब के सामने से जाने वाली 160 फीट की सेक्टर रोड से अतिक्रमण हटाया। यहां मोहन लाल मीणा ने फर्जी पट्टे के आधार पर करीब ढाई वर्ष पहले निर्माण कर लिया और उसके बाद कोर्ट से स्टे ले लिया। शनिवार को कार्रवाई के दौरान जेडीए ने निर्माण हटा दिया। जेडीसी रवि जैन ने बताया कि करीब 15 वर्ष पुराने फर्जी पट्टे के आधार पर मोहन लाल मीणा निवासी सन्नी नगर, श्योपुर ने यह निर्माण कर लिया था। कोर्ट में पैरवी की के बाद यह साफ हो गया कि पट्टा फर्जी है। कोर्ट आदेश के बाद जेडीए ने अवैध निर्माण हटा दिया। इस निर्माण के हटने से कोचिंग हब आने जाने वाले लोगों की राह सुगम होगी।जोन-9 के उपायुक्त जगत राजेश्वर ने बताया कि पट्टे के मामले में जांच तहसील कार्यालय और नगर निगम में करवाई। दोनों जगह से यह पट्टा जारी नहीं हुआ था। जेडीए ने पंचायत का फर्जी पट्टा बनाने के संबंध में प्राथमिकी भी दर्ज करवाई है। इसी प्रकार चौमूं के ग्राम बरालो की ढाणी में एक बीघा भूमि पर अवैध रूप से बस रही कॉलोनी को ध्वस्त किया। वहीं, जोन 13 के धोलाई बस स्टैंड स्थित ठााम लक्ष्मी नारायणपुरा में एक बीघा निजी खातेदारी की जमीन पर अवैध रूप से गोदाम विकसित किया जा रहा है। पास ही जेडीए स्वामित्व की आधा बीघा जमीन पर भी कब्जा कर लिया था। कार्रवाई कर इसे ध्वस्त कर दिया।

## बजरंगबली की शरण से मिट जाते हैं दुख : अकिंचन

**जयपुर** । हरिनाम संकीर्तन परिवार के तत्वावधान में 108 हनुमत कथाओं की श्रृंखला में जेएलएन मार्ग मालवीयनगर स्थित श्री वैंकटेश्वर मंदिर में आयोजित 74वीं हनुमत कथा के दूसरे दिन व्यासपीठ से अकिंचन महाराज ने दोपहर दो से शाम पांच बजे तक कथा श्रवण करवाया। उन्होंने सब सुख लहै तुम्हारी सरना, तुम रक्षक काहू को डरना चौपाई की सारगर्भित व्याख्या करते हुए कहा कि हनुमान जी की शरण में आने पर सभी सुख मिल जाते हैं और जब भक्त के रक्षक हो अर्थात भक्त की रक्षा कर रहे हो तो फिर मुझे किसी बात का डर नहीं है। बजरंग बली की शरण मात्र में जीवन के तमाम सुख सिमटे हुए हैं। अगर इनकी कृपा हमारे ऊपर हो तो फिर किसी का भय व्यक्ति को नहीं सताता। हनुमान जी जितेंद्रिय, बुद्धि में श्रेष्ठ, बल में श्रेष्ठ, वायुपुत्र, वानरों में अग्रणी और भगवान श्री राम के अत्यंत प्रिय है। इस कलियुग में श्री हनुमान जी को जागृत अवस्था वाला देव माना जाता है। मुसीबत के समय में इनके स्मरण मात्र से ही सारी मुश्किलें छू मंतर हो जाती है और आगे बढ़ने का नया रास्ता दिखाई देता है। आयोजक शकुंतला पारीक एवं अन्य ने राम दरबार की आरती उतारी। हरिनाम संकीर्तन परिवार के प्रवक्ता कृष्ण स्वरुप बूब ने बताया कि कथा 18 दिसंबर तक दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होगी।

# महाराजा सवाई भवानी सिंह स्कूल ने पन्द्रहवां वार्षिकोत्सव मनाया

**जयपुर,** (का.सं.)। महाराजा सवाई भवानी सिंह स्कूल जगतपुरा ने अपना 15वाँ वार्षिकोत्सव धूमधाम से बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित किया। कार्यक्रम की थीम 'उड़ान' थी। जिसमें भारत की आजादी के 75 वर्षो की गौरवशाली उपलब्धियों को दर्शाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राजेंद्र सिंह थे जिन्हें 'जल पुरूष' के नाम से जाना जाता है। वे एन.जी.ओ. तरुण भारत संघ के संस्थापक है उन्हें उनकी जल प्रबंधन की तकनीको के लिए दुनिया भर में पहचाना और सम्मानित किया गया है। इसी अवसर पर स्कूल की संस्थापक निदेशक राजकुमारी दीया कुमारी सांसद भी उपस्थित थी। जो राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर अनेक गतिविधियों के माध्यम से समाज को अपनी सेवाएँ प्रदान कर रही है।

कार्यक्रम का प्रारंभ एम. एस. बी. एस. स्कूल के छात्रों द्वारा बनाई गई फड़ पेंटिग जो कि राजस्थान की परंपरागत लोक शैली में चित्रित है। जिसमें 'जल संकट' की समस्या और जल संरक्षण के स्थाई समाधान को दर्शाया गया है। नए भारत की कविता को कथक व शैडो डांस भारत की जय जयकार के रुप में प्रस्तुत किया साथ ही भारत के 75 साल की उपलब्धियों को चार्ट के माध्यम से दर्शाया। गुजरात को-ऑपरेटिव की शुरुआत किस प्रकार हुई इसको सुन्दर ढंग से नाटक के रुप में प्रस्तुत किया। गुजरात के गरबा नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसके बाद स्पेस में भारत की उपलब्धि बताते हुए भारत के पहले रोकेट के पीछे हुई कहानी को सुन्दर ढंग से प्रस्तुत किया। जिससे दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भारत की नारियों ने हर क्षेत्र में अपना स्थान बनाया है उनकी कहानी को ध्यान में रखते हुए स्कूल की छात्राओं ने उनके व्यक्तित्व को प्रस्तुत किया। जिसमें नृत्य के क्षेत्र में-भरतनाट्यम - रुक्मिणी देवी अरूंडेल, गोरीमा हाजारिका आदि। एंटरप्रेन्योर-शहनाज हुसैन, फागुनी नायर आदि। सेना के क्षेत्र में-पुनिता अरोरा, पद्मावति बंदोपाध्याय आदि। खेलकूद में-पी.वी. सिंधु, मीरो बाई चानू, दीपा करमाकर आदि। समाजसेविका-अरुणा राय, शाहीन मिस्त्री आदि। नारियों के संघर्ष, इच्छा शक्ति और साहस को शत-शत नमन किया। विश्व-विख्यात कवि संगीतकार दार्शनिक रविन्द्रनाथ टैगोर की कविता गीत एकला चलो की सुंदर प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्राचार्या वैदेही सिंह ने आगंतुको का धन्यवाद किया कि वह समय निकालकर उपस्थित हुए और युवा प्रतिभावान कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।


महाराजा सवाई भवानी सिंह स्कूल जगतपुरा के वार्षिकोत्सव समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

## सार-समाचार

### 200 बच्चों को यूनिफॉर्म स्वेटर बांटे



**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान यूथ फाउण्डेशन (आरवाईएफ) की ओर से प्रहलाद राय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खोरी, शाहपुरा, जयपुर के 200 विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म के स्वेटर वितरित किए गए हैं। प्रधानाचार्य धर्मवीर रुलानिया ने बताया कि आरवाईएफ के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, प्रदेश सचिव पीयूष गौतम, प्रदेश उपाध्यक्ष सरलेश राणा, मधु अग्रवाल, जयपुर शाखा सचिव पारुल अग्रवाल तथा समाजसेवी अरुण कुमार मालपानी ने सभी बच्चों को यूनिफॉर्म के स्वेटर और खाद्य सामग्री बांटी। फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष फाउंडेशन सदस्यों के सहयोग से 2000 जरूरतमंद स्कूली बच्चों को यूनिफॉर्म के स्वेटर वितरित किए जाएंगे।


### मुहाना में लुटेरी दुल्हन गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। मुहाना थाना पुलिस ने लुटेरी दुल्हन गैंग का खुलासा करते हुए लुटेरी दुल्हन को गिरफ्तार किया गया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। वहीं इस मामले में पुलिस ने पूर्व में इस गिरोह के मुख्य सरगना सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) योगेश गोयल ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने लुटेरी दुल्हन गैंग का खुलासा करते हुए लुटेरी दुल्हन मनिषा चौरसिया उर्फ एकता (30) निवासी महाराज गंज यूपी हाल निवासी दिल्ली को गिरफ्तार किया गया है। वहीं इस मामले में आरोपी दुलारे सिंह जादौन एवं गोविन्द शर्मा को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। इस संबंध में 19 जुलाई 2022 को मुहाना निवासी युवक ने दर्ज करवाया था कि आरोपित गोविन्द शर्मा ने उसकी शादी के लिए दुलारे सिंह और राहुल गुप्ता से मिलवाया था। जिन्होंने राहुल गुप्ता की बहन बताकर उसकी शादी मनीषा नाम की लड़की से शादी करवा दी। शादी करवाने के एवज में उससे 3 लाख रुपए कैश लिए। सप्ताह भर मनीषा उसकी पत्नी बनकर घर पर रही। रात के समय मौका पाकर घर से गहने और 2 लाख रुपए कैश लेकर फरार हो गई। जब पीड़ित ने सम्पर्क साधा तो झूठे दहेज और दुष्कर्म के मुकदमों में फंसाने की धमकी दी।

### 11वीं कक्षा की छात्रा से गैंगरेप

**जयपुर** (कासं)। खोह-नागोरियान इलाके में एक किशोरी से गैंगरेप का मामला सामने आया है। एसीपी (मालवीय नगर) देवी सहाय मीणा ने बताया पीड़िता की उम्र 16 साल है और वह 11वीं कक्षा की छात्रा है। आरोप है 15 दिसंबर की दोपहर वह लाइब्रेरी पढ़ने के लिए जा रही थी। इस दौरान रास्ते में कृष्ण कुमार बहला फुसलाकर बाइक पर बिठा कर दोस्त के कमरे पर ले गया, जहां उसका दोस्त पहले से मौजूद था। इस दौरान कमरे पर कृष्ण कुमार और उसके दोस्त ने किशोरी से बारी बारी से दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल कराया है। वहीं, मामले की जांच में जुटी है। इसी प्रकार बजाज नगर इलाके में एक युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। थानाधिकारी देवेंद्र सिंह जाखड़ ने बताया मूलतया उदयपुर निवासी 30 वर्षीया युवती इलाके में रह कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटी हुई है। पीड़िता की इंस्टाग्राम पर बरकत नगर निवासी सौरभ गोयल से दोस्ती हुई थी। आरोप है सौरभ ने शादी का झांसा देकर कई माह तक खुद के घर पर देहशोषण किया। अब उसने शादी से इंकार कर दिया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### राहुल यादव अध्यक्ष निर्वाचित



**जयपुर** । राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ की विभागीय समिति निदेशालय कॉलेज शिक्षा के चुनाव में राहुल यादव अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं एसोसिएट प्रोफेसर अनिल ने बताया की कुल 90 वैद्य मतों में से राहुल यादव को 55 एवं महेश चौधरी को 35 मत प्राप्त हुए है। इसके साथ ही राहुल यादव अध्यक्ष निर्वाचित हुए है। राहुल यादव को राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राजेश पारीक एवं प्रांतीय महामंत्री देवेंद्र सिंह नरूका ने उनकी इस जीत पर बधाई दी।

### योगेश मिश्रा को पीएचडी की उपाधि

**जयपुर,** (का.सं.)। योगेश कुमार मिश्रा को राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर ने इतिहास एवं भारतीय संस्कृति विषय में आम्बेर-जयपुर रियासत में पर्यावरण चेतना: जल प्रबन्धन के विशेष सन्दर्भ में शीर्षक पर पीएच.डी.उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोध कार्य प्रो.कृष्णगोपाल शर्मा, इतिहास एवं भारतीय संस्कृति विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के निर्देशन में पूर्ण किया।

# देश के टॉप-3 में राजस्थान पुलिस, अभियोजन व जेल विभाग शामिल

## नेशनल क्राईम रिकॉर्ड ब्यूरो ने कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्यो के लिए राष्ट्रीय अवॉर्ड्स की घोषणा की



नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की ओर से राजस्थान को मिले अवार्ड्स को पुलिस महानिरीक्षक एससीआरबी शरत कविराज ने प्राप्त किया।

**जयपुर** (कासं)। नेशनल क्राईम रिकॉर्ड ब्यूरो ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्यों के लिए राष्ट्रीय अवाड्र्स की घोषणा की है। इस घोषणा के अनुसार देश के टॉप 3 में राजस्थान पुलिस, अभियोजन एवं जेल विभाग को चुना गया है।

पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए राजस्थान पुलिस कर्मियों को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि राजस्थान पुलिस को बेस्ट प्रैक्टिसेज का लिए टॉप 3 में चुनकर अवार्ड प्रदान किया गया है। राजस्थान पुलिस के लिये यह ट्रॉफ़ी पुलिस महानिरीक्षक एससीआरबी शरत कविराज ने प्राप्त की। इससे पूर्व उन्होंने चुनिन्दा 23 राज्यों के प्रतिनिधियों के साथ राजस्थान पुलिस की बेस्ट प्रैक्टिसेज पर प्रजेंटेशन दिया। इन प्रैक्टिसेज को देश के अन्य राज्य भी लागू करेंगे। राजस्थान के अभियोजन विभाग एवं जेल विभाग को वर्ष पर्यन्त उत्कृष्ट कार्य के लिये टॉप 3 में शामिल किया गया है।

## सिंगर दीप जंडू के संगीत पर झूमे लोग

**जयपुर,** (का.सं.)। सालसा, बैलेरिना, बचाटा और अरेबियन बेले डांस फॉर्म्स के साथ आने वाले नए साल का आगाज़ किया गया। कुछ ऐसा ही नजारा था बाइस सहकार मार्ग स्थित ज़र्ज़ा क्लब का, जहां भारी संख्या में जयपुराइट्स ने इंटरनेशनल डांस फॉर्म्स और म्यूज़िक का आनंद लिया। इस दौरान कनाडा से आए इंटरनेशनल आर्टिस्ट दीप जंडू ने अपने लाइव म्यूज़िक परफॉरमेंस से समां बांधा। कार्यक्रम के बारे में बताते हुए गौरव प्रताप सिंह और राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि इस कार्यक्रम के बारे में बताया कि हमारी कोशिश है कि जयपुर पार्टी लवर्स के लिए हम गुलाबी को एक शानदार पार्टी हब बना दे जिससे इस नए साल उनके पास काफी विकल्प हो। इसके चलते हम नए साल तक लगातार सेलेब्रिटी सिंगर्स, डीजे और आर्टिस्ट्स को जयपुर लाते रहेंगे। अभी इसी कड़ी में जल्द ही नेहा कक्कड के पति और सिंगर रोहन प्रीत सिंह भी जयपुर में अपनी परफॉरमेंस देने के साथ शहरवासियों को अपनी धुनों पर नचाएंगे।

## अभ्रदता करने का आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। जिला परिषद सदस्य के साथ अभद्रता करने का मामला सामने आया है। मानसरोवर पुलिस ने आरोपी अमर अहलावत को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार परिवादी रामरतन नासना ने परिवाद दर्ज कराया था कि आरोपी अमर अहलावत ने फोन पर उसके साथ अभद्रता की। उसे जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी अमर अहलावत को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया।

# रामचंद्रजी मंदिर के मयूर महल में विराजे मुरलीधर



**जयपुर,** (का.सं.)। पुष्प-इत्र वर्षा के सुगंधमय वातावरण में भजनों की स्वर लहरियों पर थिरकते श्रद्धालु...., मोर पंखों से तैयार महल में विराजे श्याम प्रभु....., भक्ति के सागर में गोते लगवाते भजन प्रस्तोता....। यह नजारा था शनिवार को चांदपोल के श्री रामचन्द्र जी मंदिर का। अवसर था श्री श्याम बस सेवा समिति खाटूश्यामजी का 11वां वार्षिकोत्सव। समिति के अध्यक्ष चेतन अग्रावाल ने बताया कि काले हनुमान मंदिर के महंत गोपालदास महाराज, शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज, ध्वजाधीश गणेश मंदिर के युवाचार्य पं. आनंद मेहता, चांदपोल परकोटा गणेश मंदिर के युवाचार्य पं. अमित शर्मा के सान्निध्य में भजन संध्या का श्री गणेश मंगलाचरण से हुआ। मोर पंख से तैयार अनूठे और अलौकिक मयूर महल में सांवरे सरकार को विराजमान कर अखंड ज्योति प्रज्जवलित की गई। सभी ने भक्तिभाव से खाटूनरेश की सामूहिक महाआरती के बाद गोपाल सेन ने मेरे लाड़ले गणेश प्यारे-प्यारे..., हे दु:ख भंजन मारूति नंदन सुन लो मेरी पुकार....भजनों के साथ भावाजंलि अर्पित की।

कोलकाता से आए सौरभ शर्मा ने ओ सांवरे ओ सांवरे प्रचलित भजन सुनाकर श्रोताओं को भक्तिसागर में गोते लगवाए। वहीं डॉ. मिताली नाग ने हो रह्यो बाबा की नगरी में केसर चंदन को छिड़काव... भजन सुनाकर रोम रोम पुलकित कर दिया।

इससे पूर्व महेश परमार ने मन की बातां सांवरियां ने..., विवेक शर्मा ने तेरह पेड्या पाछै म्हारे श्याम...,गोविंद शर्मा ने कब आएगा मेरा सांवरिया..., अमित नामा ने भटके क्यूं दर बदर..., अविनाश शर्मा ने हम हाथ उठाके कहते हैं हम हो गए खाटूवाले...जैसे भजनों पर श्रोताओं को जमकर नचाया।

स्थानीय विधायक अमीन कागजी, पूर्व विधायक मोहन लाल गुप्ता, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल सहित अनेक विशिष्टजनों ने बाबा के दरबार में धौक दी। समिति के उपाध्यक्ष रवि ठेकेदार, महामंत्री अभिषेक अग्रवाल, मंत्री ओमप्रकाश अग्रवाल, संगठन मंत्री अरूण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल, प्रचार मंत्री मनोज अग्रवाल एवं अन्य ने आयोजन की बागडोर संभाली।



## World Arabic Language Day

With an estimated 390 million speakers, Arabic is one of the most widely spoken languages in the world. It is also one of the six official languages of the United Nations, as well as the liturgical language of 1.6 billion Muslims. Being one of the only modern languages to be written and read in a right-to-left form, Arabic is a fascinating language with a long history. For all of these reasons and many more, we can all agree that Arabic is more than deserving of its very own day.

#BED-TIME

# Getting Outside Could Improve Your Sleep

Our bodies have a natural circadian clock that tells us when to go to sleep at night.



Getting outside during the day, even when it's cloudy, may benefit your sleep, research with college students suggests.

As reported in the Journal of Pineal Research, the study finds that University of Washington students fell asleep later in the evening and woke up later in the morning during-of all seasons-winter, when daylight hours on their Seattle campus are limited and the skies are notoriously overcast.

The team behind this study believes it has an explanation: The data show that in winter students receive less light exposure during the day. Other research has indicated that getting insufficient light during the day leads to problems at night, when it's time for bed.

"Our bodies have a natural circadian clock that tells us when to go to sleep at night," says senior author Horacio de la Iglesia, a professor of biology. "If you do not get enough exposure to light during the day when the sun is out, that 'delays' your clock and pushes back the onset of sleep at night."

The study used wrist monitors to measure sleep patterns and light exposure for 507 undergraduate students from 2015 to 2018. Data indicated that students were getting roughly the same amount of sleep each night regardless of season. But, on school days during the winter, students were going to bed on average 35 minutes later and waking up 27 minutes later than summer school days.

This finding surprised the team, since Seattle-a high-latitude city-receives nearly 16 hours of sunlight on the summer solstice, with plenty of evening light for social life, and just over eight hours of sunlight on the winter solstice.

"We were expecting that in the summer students would be up later due to all the light that's available during that season," says de la Iglesia.

Based on student sleep data, the researchers hypothesized that something in winter was "pushing back" the students' circadian cycles. For most humans, including college students, the innate circadian cycle governing when we're awake and asleep runs at about 24 hours and 20 minutes-and is "calibrated" daily by input from our environment. For the students in the study, sleep data indicated that their circadian cycles were running up to 40 minutes later in winter compared to summer.

The team focused on light as a potential explanation for this winter delay. But light has different impacts on circadian rhythms at different times of the day.

"Light during the day-especially in the morning-advances your clock, so you get tired earlier in the evening, but light exposure late in the day or early night will delay your clock, pushing back the time that you will feel tired," says de la Iglesia. "Ultimately, the time that you fall asleep is a result of the push and pull between these opposite effects of light exposure at different times of the day."

Data show that daytime light exposure had a greater impact than evening light exposure in the study. Each hour of daytime light "moved up" the students' circadian phases by 30 minutes. Even outdoor light exposure on cloudy or overcast winter days in Seattle had this effect, since that light is still significantly brighter than artificial indoor lighting, says de la Iglesia. Each hour of evening light-light from indoor sources like lamps and computer screens-delayed circadian phases by an average of 15 minutes.

"It's that push-and-pull effect," says de la Iglesia. "And what we found here is that since students weren't getting enough daytime light exposure in the winter, their circadian clocks were delayed compared to summer."

The study offers lessons not just for college students.

"Many of us live in cities and towns with lots of artificial light and lifestyles that keep us indoors during the day," says de la Iglesia. "What this study shows is that we need to get out-even for a little while and especially in the morning-to get that natural light exposure. In the evening, minimize screen time and artificial lighting to help us fall asleep."

Lead author of the paper is Gideon Dunster, an associate manager with the Allen Institute for Cell Science, who conducted the study as a doctoral student at the University of Washington. Co-authors are from the National Institute of Neurological Disorders and Stroke; the Salk Institute; the University of Colorado, Boulder; and the University of Washington. Funding came from the National Science Foundation.



"Gp Capt Chandan Singh now asked Sqn Ldr Sultan to design an emblem to be painted on the armed helicopter. He also asked them to give it a name and number. This created a lot of excitement and animated discussion among them. Finally they decided that the helicopter's vertical stabilizer is to be painted with a red roundel having a map of East Pakistan superimposed on it in green colour. Also the call sign would be EBR for East Bengal Rifles. Gp Capt Chandan Singh approved and the armed Chetak donned Bangladeshi colours. I believe it was the first for Bangladesh Air Force! In all my subsequent log book entries IAF serial no 364 stands changed for EBR."



Sagat leading Niazi to the prisoner of war camp after surrender.

# Training The New Army! (...2)

#MEMORIES




Maj Chandrakant Singh VrC *(Retd)*
*Military Historian*


Gp Capt Chandan Singh discussed the need of a target to enable us to practice firing the RPs. He came up with the idea of parachutes. I proposed that as some of the neighbouring hill slopes were covered with grass I could hover low over the slope since the high gradient would not permit a landing. From the hover three airmen could jump out with a parachute and fix the parachute on the hill with hammer and nails. I would fly overhead and pick them up once the parachute had been spread and nailed down. Returning to Dimapur a short while later I reported that we had a clear and safe target for day and night firing. I got a prompt go ahead. I was now really enjoying the freedom from rules, regulations and red-tape."

"Gp Capt Chandan Singh now asked Sqn Ldr Sultan to design an emblem to be painted on the armed helicopter. He also asked them to give it a name and number. This created a lot of excitement and animated discussion among them. Finally they decided that the helicopter's vertical stabilizer is to be painted with a red roundel having a map of East Pakistan superimposed on it in green colour. Also the call sign would be EBR for East Bengal Rifles. Gp Capt Chandan Singh approved and the armed Chetak donned Bangladeshi colours. I believe it was the first for Bangladesh Air Force! In all my subsequent log book entries IAF serial no 364 stands changed for EBR."

"Another incident is worth mentioning, Flt Lt Ghoshal brought in an Otter Aircraft with rocket pods mounted under each wing. One of his pupils was Flt Lt Shamshul Alam. On being sent solo one morning Shamshul failed to return beyond his fuel endurance time. The entire camp anxiously waited for his news. He returned a little later after sunset safely. I was told that he flew right over East Pakistan to Calcutta, was given fuel and returned. After dinner the next night Sqn Ldr Sultan loaded his revolver and called Shamshul and they walked off to a dark part of the runway. We feared the worst. In the ensuing hush the noise made by the insects sounded deafening. A while later Sultan returned with a chastened looking Shamshul following behind much to our collective relief."

On 2 Dec I flew to Kailashahar but the strike was to be launched from Teliamura which was closer to the East Pakistan border. Here too was located the HQ of IV CORPS commanded by Lt Gen Sagat Singh whose reputation as a can do leader was widespread. We all believed if anybody could deliver Bangladesh it would surely be him. On the night of 3 Dec Sqn Ldr Sultan along with Flt Lt Alam got airborne with a full load of fuel and rockets. Their checks and procedures were well imbibed which got them to keep their navigation lights on. They were so visible. I got on to the hand held radio set and told them to switch off the lights which they did and immediately became invisible but remaining audible. Their target was Narayanganj fuel depot. Mission was accomplished and the fuel storage tanks along with the fuel was destroyed. The glow from the burning fuel could be seen from the Indian Border fifty kilometers away.



A damaged helicopter with Gen Sagt seated inside.

### War with Pakistan started on 4 Dec

"Ground attack and close support missions started in right earnest. Gp Capt Chandan Singh was directing my flights and flew with me as passenger from time to time, to gauge the enemy status and our efficacy."

"I flew three missions on the night of 6 Dec. On the first night of my attack I recalled that the only way I could become aware of coming under fire from the enemy rifles and machine guns was when I looked directly into the flashes from their muzzles. Also the muted thuds that I heard were direct hits on my Chetak and not because of collusion with bats. Next morning i.e. 7 Dec I looked at the bullet holes. The bullet had gone through the fragile cowling. There was no armour plating of any kind for the vital engine parts or the pilots and the gunner."

"Also we established helicopter airworthiness norms early. After the bullet holes in the fuselage and the resultant vibration Ramakrishna and his team would do some patchwork then he would ask me "Will you fly the machine?" "Yes", I would say. "Then she is serviceable". Despite several bullet holes in the cowling, main and tail rotors we never grounded the helicopters. So much so that army jawans used to come to our camp to look at the flying sieve."

"I flew eleven missions on the 7th Dec, for the first day flight I was given fighter cover. The same day a special heli-borne operations were launched and a battalion of Gurkhas was flown deep into enemy territory and landed close to Sylhit. On landing the helicopters and troops came under heavy fire. I expended all my ammunition and came to base to reload and then returned to engage the target. I did this several times. But light was fading and only part of the Battalion had been landed and the troops on the ground were in an intense firefight with the enemy and in the dark I was afraid of hitting our own troops. Further sorties were put on hold due to darkness. It was then Group Captain Chandan Singh was threatened."

> In the ensuing hush the noise made by the insects sounded deafening. A while later Sultan returned with Shamshul following behind much to our collective relief."

"A Gurkha Officer approached him and asked why further troop induction was stopped. Gp Capt Chandan Singh explained that night landing was not possible' The officer lost his cool and yelled "My boys are dying. They need reinforcement. Commence flying now" etc etc. Group Capt Chandan Singh explained that night operations would result in more casualties to both his troops and the helicopters" but he would not be pacified. Group Captain Chandan Singh told him "There will be no more sorties tonight. You can pull out your pistol and shoot me". With that the officer turned away and we could breathe easy."

"On 16 December 1971, the day of the surrender I flew into Dacca with S/C Choudhury. The airfield was a desolate patch of potholed ground. Things were strewn all over. There was no owner, no security. People were loitering around all over and the Pakistan Army and Air force which had lorded over the place only a few hours earlier were nowhere to be seen. People were picking up whatever they could as mementoes. What did I take? I picked up a belt of F86 sabre jet cannon shells! At Dimapur it was broken into smaller lengths and shared. We flew back to Agartala at night and chatted till late with a sense of great relief and elation at what we and our comrades in arms in olive greens had achieved. We had removed a big threat to our country by breaking it into half and created a new nation which had never ever existed in the past. We wondered how the political leadership would handle this hereafter, about the direction the new nation would take and its relationship with India."

"On 18 December I was instructed to return my students to Dacca as also to handover the bullet ridden armed Chetak to them and fly back in the other Chetak. We shook hands with Sultan, Badrul, Alam and Shahabudin Ahmed who were now the founding fathers of the Air Force of an Independent Bangladesh and the bullet ridden battle Chetak their first aircraft. Shahabudin wrote his Dacca address on a Pakistani currency note and invited me to his home. I still have that note. Sultan on behalf of the others refused to hand over their carbines. We spent the night in what was till a couple of days ago the PAF Officers Mess but now the BAF officers Mess in Dacca. "

"Next morning Sultan saw me off with thanks and a case of Scotch! My report about the retention of the carbines was absorbed silently by Gp Capt Chandan Singh.

"For our role in the war I was awarded a Vir Chakra and Sultan, a Bir Uttam by the Government of Bangladesh. The first and only time that a crew of one aircraft has been awarded by two nations."

***To be continued...***


writetoarbit@rashtradoot.com




Helicopter of kilo flight armed with a machinegun.



Mi-4 helicopters served the Indian Air Force from 1962 to 1983.



Army para-dropped infantry into East Pak.

#HAPPENINGS@QATAR

# A Rivalry of Past vs Present




Boria Majumdar from Qatar


In Russia four years ago, France overcame a sluggish start in the group phase – just three goals in three matches – before exploding into life against Argentina (4-3) and Uruguay (2-0).

That Argentina game, of course, was the one that announced the thrilling talent of Kylian Mbappe to the world at large. Followers of European football had seen what he could do with Monaco and Paris Saint-Germain (PSG), but this was the first time he had sparkled on the world stage. And how Argentina led for nine second-half minutes before Benjamin Pavard's once-in-a-lifetime equaliser, but it was Mbappe that buried Messi's dream that day with two goals that showcased his searing pace, strength and clinical finishing.

He has already won a world cup and is on the cusp of another. It is universally accepted that he is the future. Someone who will dazzle the world and win many more accolades for his country. The presence of Kylian Mbappe on the pitch is in itself a cause of excitement. Each time the ball gets to him, there is a sense of something extraordinary happening. Take the semi-final against Morocco. France 1-0 up and the match was still in the balance. A slender one goal advantage isn't ever enough. That's when Mbappe got the ball. A lightning fast turn and a sudden burst of speed and he was in the penalty box in a nano second. And then it was wizardry. Three four Morocco shirts and Mbappe just zigzagged his way through. The ball wouldn't leave his feet and the world watched in awe. It was his stage. His amphitheatre. In front of President Macron, it was all Mbappe. He was the pied piper in a team sport and billions were just hooked on to what he was doing. When he released the ball, Morocco defence all decimated, all that the substitute had to do was tap the ball in. 2-0 France and the Moroccan miracle was over.

FIFA WORLD CUP Qatar2022

Second only to Just Fontaine in the all-time goal scorers list for France at 24, Mbappe is poised for greatness. He already is a great of our times. And Qatar 2022 has already seen the Mbappe imprint. Time and again he has taken France ahead, given them the edge a world champion side needs. Physically the strongest, his pace and his strength makes him a combination unstoppable. May be that's where he has an edge over Leo Messi, the greatest that has played the game in this generation. With age, skill, pace and hunger all rolled into one, Kylian Mbappe is all set to make the Lusail his own for one final time tonight. He is the one standing between Messi and a fairy tale finish. If Argentina stop him, they stop France. And if that happens, Messi could well be greater than even Maradona. Messi v Mbappe. Final within a final.





Kylian Mbappe.

#WILDLIFE

# Weird & Wild Animal Behaviours

The diverse animals that dwell on Earth have adapted to survive in their environments and interact with members of their and other species in ways that can be exquisitely fine-tuned-and sometimes downright weird. Every year researchers turn up new findings on the strange, cool and sometimes hilarious behaviours animals can exhibit, and 2022 was certainly no exception. Below we have rounded up a few of our favourites from the past year.

### Yum, Fossils For Lunch

Researchers got a big surprise when their underwater cameras showed colonies of fuzzy deep-sea sponges carpeting extinct volcanoes in the extreme conditions at the bottom of the frigid, ice-covered Arctic Ocean. How were these creatures surviving in an area notoriously thin on food? It turns out they have bacteria that help them digest the fossils of long-extinct tube worms.

### The Creepiest Nose Picking

Little kids aren't the only ones who pick their nose and eat what they dig up. An aye-aye-a type of lemur-was spotted on camera "digging for gold." And it did so with its three-inch-long middle finger, typically used in the animals' nocturnal hunts for insects in logs. When inserted in an aye-aye's nose, the finger can reach all the way to its throat! As for why aye-ayes practice extreme nose picking, scientists aren't sure, suggesting perhaps they do it because they can.

### Cockatoos Take on Humans

An innovation arms race may be raging between cockatoos and humans in the suburbs of Sydney, Australia. The highly intelligent birds have worked out ways to use their beak and feet to open residential garbage bins. Tired of the resulting trash-strewn streets, residents have tried to devise ways to keep the birds out, such as placing heavy rocks on the lids.



The birds have since learned to defeat at least one of these strategies, suggesting they may learn and adapt, forcing humans to look for more elaborate methods to ward them off. We, for one, welcome our bin-raiding avian overlords.

### Setting A Mucus Microbe Trap

Okay, so technically these aren't animals. But they are living organisms, and they bring plenty of weird to the table. Mixoplankton are protists, which are basically any eukaryote-an organism with one or more cells that have a nucleus and organelles-that isn't an animal, plant or fungus. They get energy through both photosynthesis and eating other microbes.


This year scientists discovered one species of mixoplankton, Prorocentrum cf. balticum, builds a bubble of mucus around its body overnight and then lures its prey (microbes) into this "mucosphere." That mucosphere is also rich in carbon, which is stored on the seafloor after the mucus is shed.

### Octopus Fiiiiight!

Like a New Yorker declaring, "Hey, I'm walkin' here!" gloomy octopuses living in dense conditions off the coast of Australia might communicate with their fellows-by throwing things. Underwater cameras captured the cephalopods collecting shells, silt and algae with their arms and hurling them at one another by using jets of water from their siphon to propel the scraps.

The researchers even observed the receiving octopuses ducking to avoid a hit. Scientists haven't yet worked out exactly what motivates the behaviour but suspect it is some form of communication.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# पचास गांवों में गहराया पेयजल संकट, भोपुर में हुई महापंचायत

## बीस गांवों के पंच-पटेलों ने किसान नेता रामनिवास मीना को समस्या बताई

**हिण्डौन सिटी,** (का.सं.)। गंभीर नदी में पानी नहीं होने से उपखंड क्षेत्र के 50 से ज्यादा गांवों में सिंचाई और पेयजल का बड़ा संकट पैदा हो गया है। इस संबंध में गांव भोपुर में 20 गांवों के पंच-पटेलों की एक बड़ी पंचायत हुई, जिसमें हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। पंच पटेलों और ग्रामीणों ने मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष भामाशाह रामनिवास मीना को समस्या से अवगत कराया । इस दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

ग्रामीणों ने भामाशाह रामनिवास मीना को अवगत कराया कि कई वर्ष पहले ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से भोपुर गांव के पास गंभीर नदी में एनीकट का निर्माण कराया था, जिसमें बाद में कुछ सरकारी सहयोग भी प्राप्त हुआ, लेकिन गंभीर नदी में पानी के तेज बहाव के कारण एनीकट टूट गया। ऐसे में पानी के अभाव में करीब 50 से ज्यादा गांवों के लोगों को पेयजल और सिंचाई की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मौजूदा दिनों में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं होने से खेतों में खड़ी रवि की फसल सूख रही है। सभी पंच-पटेलों ने किसान नेता रामनिवास मीना से एनीकट समस्या के समाधान की मांग की।

इस पर किसान नेता मीना ने ईआरसीपी के राष्ट्रीय परियोजना बनने से ही समस्या का स्थाई समाधान हो सकता है। सभी को ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के लिए एकजुट होना चाहिए। उन्होंने कहा कि चंबल का पानी



महापंचायत को सम्बोधित करते भामाशाह रामनिवास मीणा।

पांचना बांध में आएगा तो गंभीर नदी में पानी की कोई कमी नहीं रहेगी। इसके लिए पंच- पटेलों का कहना रहा कि शीघ्र ही गंभीर नदी में 50 गांवों की बड़ी पंचायत आयोजित की जाएगी, जिसमें

- **गंभीर नदी में 50 गांवों की बड़ी पंचायत आयोजित की जाएगी**

समस्या समाधान के संबंध में खुलकर चर्चा की जाएगी। पंचायत में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश गुर्जर, प्रदेश महामंत्री भरत सिंह, बद्री पटेल राजोली, युवा जिलाध्यक्ष हिम्मत सिंह ताजपुर, आशीष अवाना, रुद्र भोपुर, पंचायत समिति सदस्य सत्येंद्र सिंह कंजौली, हरगुण सिंह पेंचला, दिनेश मीना, देवेन्द्र खटाना आदि भी मौजूद रहे।

सैंकड़ों पंच पटेलों ने किसान नेता रामनिवास मीना को सिंचाई और पेयजल संकट से समाधान के लिए कई सुझाव दिए और ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना बनाने के संघर्ष में एकजुट होने का भी विश्वास दिलाया। इन गांवों में गहराया सिंचाई और पेयजल संकट-टोडाभीम और नादौती क्षेत्र के गांव भोपुर, बहादुरपुर, सहजनपुर, आखावाड़ा, निसूरा, आरेज, शेखपुरा, कंजौली, गाजीपुर, ताजपुर, मूड़नपुरा, केसरा का पुरा, लपावली, मूडाृया, सिंघनिया, देवलेन, महमदपुर, ढ हरा, अलीपुरा आदि गांवों में गंभीर नदी में पानी नहीं होने से सिंचाई और पेयजल संकट का संकट गहरा गया है। भोपुर गांव में हुई पंचायत में इनमें से 20 गांव के पंच-पटेल और हजारों ग्रामीण मौजूद रहे।

# बस की टक्कर से युवक की मौत, ग्रामीणों ने सड़क पर लगाया जाम

## हादसे के साढे तीन घंटे बाद प्रशासन से समझौते के पश्चात हटाया जाम

**सुजानगढ़,** (निसं)। निकटवर्ती कस्बे चाडवास में निजी बस की टक्कर से नौ वर्षीय बालक की मौत के पश्चात शव को सड़क पर रख कर परिजनों एवं ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों ने बस चालक के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने एवं मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर

- **नोखा-सीकर स्टेट हाइवे पर दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारें लग गई**
- **घटना के बाद चालक व परिचालक मौके से फरार हो गए**

नोखा-सीकर स्टेट हाइवे पर जाम लगा दिया। जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारें लग गई।

हादसे व सडक जाम की सूचना पर बीदासर तहसीलदार , वृताधिकारी प्रहलाद राय, छापर थाना प्रभारी सुमन परिहार ने मौके पर पंहुंच ग्रामीणों से वार्ता कर करीब साढे तीन घंटे बाद रास्ते को खुलवाया। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब साढे नौ



सुजानगढ़ चाड़वास बस स्टैण्ड पर प्रदर्शन करते ग्रामीण, कोने में मृतक गोविन्द।

बजे गोविन्द पुत्र ओमप्रकाश नायक उम्र 9 वर्ष चाडवास बस स्टैण्ड पर सड़क किनारे खडा था। इसी दौरान डीडवाना से बीकानेर जा रही निजी बस छापर की ओर से तेज रफ्तार से आई और उसने सड़क किनारे खडे बालक गोविन्द के टक्कर मार दी। हादसे में गोविन्द बुरी तरह से कुचल गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही बस स्टैण्ड पर खडे ग्रामीण मौके पर पहुंच गए तथा निजी बस को वहीं मौके पर रोक लिया, जबकि चालक व परिचालक मौके से फरार हो गए।

हादसे की सूचना पर मृतक के परिजनों सहित बडी संख्या में ग्रामीण गोविन्द के शव को सड़क पर रख कर प्रदर्शन करने लगे। हादसे एवं प्रदर्शन की सूचना पर छापर थाना प्रभारी , तहसीलदार द्वारकाप्रसाद शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक प्रहलाद राय, सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता आसाराम ने मौके पर पहुंच कर वार्ता की।

काफी देर तक चली वार्ता के पश्चात परिजनों को सरकारी नियमानुसार मुआवजा दिलाने, तीन दिन में स्पीड ब्रेकर बनवाने व वाहन चालक के खिलाफ कडी कार्यवाही करने का आश्वासन मिलने के बाद परिजनों ने हादसे के करीब साढे तीन घंटे बाद शव को घटनास्थल से हटा कर स्टेट हाइवे से जाम हटाया।

प्रदर्शन एवं वार्ता के दौरान रामेश्वरलाल स्वामी, हंसराज नायक, भागीरथ प्रजापत, रामचन्द्र ज्याणी, भंवरलाल दूत, भवानी नायक, बनवारी नायक, जस्सूराम नायक, राकेश नायक, मनोहर नायक, धनराज नायक, बजरंग नायक, जगदीश नायक, मनोज नायक, राकेश नायक, हनुमान साख, अमित प्रजापत, फूलचंद नायक, कुन्दनमल, प्रकाश, भोमाराम नायक, नारायण शर्मा, रामचंद्र नायक, सुखाराम, छोटूराम, पन्नालाल, जसुराम, सुमेरमल, भीकाराम, दिनेश व प्रकाश सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# बिजली बंद रहेगी

**कोटा,** (निसं)। विद्युत लाइनों के रखरखाव के कारण व यूआईटी के कार्यों के कारण रविवार को सुबह 10 से दोपहर 3.30 बजे तक राजेश मोटर्स, आरटीआई, राठी वाली गली, जवाहर स्टोन के आसपास, शोभा प्लास्टिक, हरियाली किसान मार्केट, ट्रैक्टर जोन, भामाशाह मंडी रोड, रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे, गोल्डी वाटर, रोड़ नं. 6, भामाशाह मंडी के आसपास, सुन्दर फ्लोर मिल के आसपास, जैन इलेक्ट्रोड, केशवपुरा सेक्टर 7, महावीरनगर विस्तार योजना सेक्टर 1,2 व 3, फायर ब्रिगेड ऑफिस, नामदेव आईटीआई, शिवज्योति स्कूल व आसपास का क्षेत्र, सुबह 10 से शाम 4 बजे तक एयरपोर्ट कॉलोनी, सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक रिद्धि राज टावर कुन्हाड़ी, बूंदी सिलिका, कर्णेश्वर महादेव मंदिर, माताजी रोड कुन्हाड़ी, देवली अरब रोड़, मानसरोवर, देवली अरब, गणेश नगर, अमृत धाम, शगुन विला, अश्विनी नगर, गणपति विहार, आरकेधाम, राधे विहार, लक्ष्मी विहार, मैरी कॉलोनी, धनपत राय कॉलोनी, गायत्री विहार प्रथम, द्वितीय व तृतीय, कोटिल्य नगर, नारायण विहार प्रथम, द्वितीय व तृतीय, कनक विहार, श्रीजी विहार, सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक मित्तल पैलेस, सुवालका बगीची, दुर्गानगर, संजोग रिसोर्ट, कृष्णा विहार का कुछ भाग, विकास नगर, पंचवटी नगर, सुभाषनगर, पंचवटी नगर सहित दर्जनों जगह विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

# युवक ने आत्महत्या की

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र की आरके कॉलोनी में किराये से रहने वाले झालावाड जिले के एक युवक ने शनिवार को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुभाषनगर थाना पुलिस ने बताया कि झालावाड जिले के उमरिया निवासी मुकेश (32) पुत्र रामेश्वर नागर अभी शहर की आरके कॉलोनी में पत्नी और आठ साल के बेटे के साथ किराये से रहता था। मुकेश, शुक्रवार रात फैक्ट्री गया था, जो आज सुबह घर लौटा। उसकी पत्नी सुबह मजदूरी पर, जबकि बेटा स्कूल चला गया। इसके बाद मुकेश ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद किया और गले में फंदा डालकर पंखे से लटक गया।

# 15 लाख ठगने वाला गिरफ्तार

**हनुमानगढ़,** (कासं)। पशुपालन विभाग में पशुधन सहायक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर नौ जनों से 15 लाख रूपए से अधिक की ठगी करने के मामले में जंक्शन पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने शनिवार को आरोपी को कोर्ट में पेश कर पीसी रिमांड मंजूर करवाया। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस आरोपी से ठगी गई रकम की बरामदगी के प्रयास करेगी। जांच अधिकारी हैड कांस्टेबल जसवंत ने बताया कि 17 सितम्बर को रज्जब खान (26) पुत्र सलीम निवासी वार्ड 11, भट्टा कॉलोनी, जंक्शन ने मुकदमा दर्ज करवाया था कि वह शिक्षित

- **पशुधन सहायक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नौकरी लगाने का दिया झांसा**

बेरोजगार है। दितिन शर्मा (40) पुत्र देशराज शर्मा निवासी वार्ड 60, सुरेशिया उसका जानकार है।

मई 2021 में दितिन शर्मा ने कहा कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और पशुधन सहायक के काफी पद रिक्त पड़े हैं। वह उसे और उसके जानकारों को नौकरी दिलवा सकता है। एक व्यक्ति को नौकरी दिलवाने के लिए 3 लाख 50 हजार रूपये लगेंगे। तब उसने दितिन शर्मा के कहे अनुसार अपने दोस्त राहुल कुमार, महेन्द्र, धर्मेन्द्र, जितेश, नीरज, सुरेन्द्र, संजय, अरविन्द से बात की तो सभी ने दितिन शर्मा की बातों पर विश्वास कर सभी थोड़े-थोड़े रूपये एकत्रित कर 15 लाख 7 हजार 4 रुपए दितिन शर्मा को अदा कर दिए। दितिन शर्मा ने कूटरचित कागजात तैयार कर उसे और उसके दोस्तों को डाक के जरिए भेज दिए। जब उसे इस धोखाधड़ी का पता चला तो दितिन शर्मा से रूपये वापस मांगे। तो उसने ठगी करने की बात कही और पैसे देने से इंकार कर दिया।

# हत्या का आरोपी बंदी खुली जेल से फरार

**बीकानेर,** (कासं)। हत्या के मामले में जेल में सजा काट रहे एक किसान को खुली जेल में रखा गया लेकिन वहां से चकमा देकर फरार हो गया। अब बीछवाल थाने में बंदी वसीम के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।

जयपुर निवासी वसीम को हत्या के एक मामले में दोषी मानते हुए सजा सुनाई गई थी। इस बीच जेल में उसके अच्छे व्यवहार के आधार पर खुली जेल में रहने का मौका दिया गया। वो कई दिनों से खुली जेल के शिविर में रह रहा था। जेल में जब बंदियों की हाजरी ली गई तो एक बंदी कम पाया गया। इस पर पड़ताल की गई तो वसीम गायब था। बताया जा रहा है कि वो गुरुवार से ही गायब था।

पता चलने पर बीछवाल थाने में जेल प्रभारी की ओर से मामला दर्ज कराया गया। घटना की जानकारी मिलने पर जेल में भी खलबली मच गई। खुली जेल प्रभारी ने इस बारे में जेल अधीक्षक को भी सूचना दी है। वहीं बंदी वसीम की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दल जुट गया है। उसकी तलाश जयपुर सहित कई ठिकानों पर की जा रही है। वहीं बंदी के साथ रहने वाले अन्य बंदियों से भी पूछताछ की जा रही है।

# यात्रा के दौरान राहुल गांधी के साथ पुष्पा मीना ने कदम से कदम मिलाए

**टोडाभीम,** (नि.सं.)। भारत जोड़ो यात्रा में टोडाभीम कांग्रेस की पंचायत समिति सदस्य पुष्पा मीना राहुल गांधी की यात्रा में शामिल होकर मीना हाईकोर्ट लालसोट से गिर्राज धरन मंदिर दौसा तक ग्रामीण परिधान में चली जो यात्रा में चर्चा का विषय रहा।

भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी व सचिन पायलट के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने वाली पंचायत समिति सदस्य पुष्पा मीना ने यात्रा के दौरान कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान पुष्पा मीना ने राहुल गांधी से चर्चा करते हुए पूर्वी राजस्थान में पानी की भारी कमी के बारे में अवगत करवाया व सत्ता-संगठन में महिलाओं की

- **कांग्रेस मीडिया टीम ने मुलाकात को साइट पर अपडेट किया**

भागेदारी की मांग को दोहराया।

पुष्पा मीना और राहुल गांधी की मुलाक़ात के सभी छाया चित्रों को कांग्रेस मीडिया टीम ने अपने सभी भारत जोड़ो यात्रा ऐप और साइट्स पर अपडेट किया है । इन छाया चित्रों को देख कर गर्व महसूस हो रहा है और एक कांग्रेस पार्टी ही है जो ज़मीन से जुड़े कार्यकर्ताओं और आदिवासी मीणा समाज को अपने साथ ले कर चलेगी।



यात्रा के दौरान राहुल गांधी से मिलकर पंचायत समिति सदस्य पुष्पा मीना खुश नजर आईं।

# शराब ठेके पर लूट का मामला

**पचेरी कलां,** (निसं)। पचेरी थाना इलाके के अलीपुर के पास शराब ठेके पर 25 नवंबर को हुई लूट और तोड़फोड की वारदात के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी धर्मा को पचेरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी बनवारी लाल ने बताया कि 25 नवंबर की रात को को शराब ठेके पर कैंपर में सवार होकर आए कुछ बदमाशों ने ठेके पर तोड़फोड़ की और गले में रखी नकदी लूट कर ले गए थे। इसके बाद सेल्समैन पुष्कर द्वारा 26 नवम्बर को पचेरी थाने में मामला दर्ज करवाया गया। मामला दर्ज होने के बाद आरोपियों की तलाशी को लेकर टीम गठित की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मुख्य आरोपी धर्मा को गिरफ्तार किया हैं। मामले में पचेरी पुलिस द्वारा पूर्व में आरोपी अशोक और मंजीत को गिरफ्तार किया गया था।

# युवक पर बाइक सवार बदमाशों ने किया फायर

**बीकानेर,** (कासं)। कोटगेट थाना क्षेत्र के इंडस्ट्रीयल एरिया की गली नंबर 5 में शाम करीब साढ़े सात बजे कार से बाहर निकले एक युवक पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने फायर कर उसे घायल कर दिया। युवक के पैर में गोली लगने के बाद उदयरामसर निवासी इमरान पुत्र कालू खां को पीबीएम के ट्रोमा सेंटर में भर्ती करवाया गया।

घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। वहीं कोटगेट थाने के एसएचओ गोविंद सिंह चारण ने हॉस्पिटल पहुंचकर घायल इमरान के बयान लिए। एसएचओ गोविंद सिंह ने बताया कि प्रथमदृष्टया पूछताछ में सामने आया कि इमरान और भीनासर निवासी पवन सेठिया के साथ किसी काम से जा रहे थे। इस बीच रानी बाजार इंडस्ट्रीयल एरिया चौराहे पर जैसे ही कार से इमरान खान नीचे उतरा उसके ऊपर बाइक सवार तीन बदमाशों ने फायर कर दिया। उन्होंने बताया कि युवक की जांघ के ऊपर गोली लगी है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश के लिए उनके ठिकानों पर दबिश दी है।

बीकानेर शहर हथियार तस्करों और अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त का ठिकाना बनता जा रहा है। पिछले दिनों सीकर में हुए राजू ठेहट हत्याकांड में भी बीकानेर के किसमीदेसर निवासी आरोपी उमेश गहलोत को हथियार आपूर्ति करने के आरोप में गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं हरियाणा के शूटर को रूपए पहुंचाने के आरोप में बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र के शकील और गैंगस्टर रोहित गोदारा की फेसबुक को मैनेज करने के आरोप में डूंगरगढ़ के दो आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

इंडस्ट्रीयल एरिया में हुई फायरिंग को पुलिस आपसी रंजिश और जुआ-सट्टा कारोबार से जोड़कर देख रही है। पुलिस ने बताया कि फायरिंग करने वालों की पहचान कर ली गई है। जल्द ही उन्हें गिरफेतार कर लिया जायेगा। जिस व्यक्ति के पैर में गोली लगी है। उसके ऊपर भी कई पुलिस थानों में मामले दर्ज हैं।

# 'कांग्रेस जश्न मनाने के बजाय नाकामियों पर पश्चाताप करे'

**अजमेर,** (कासं)। पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को चार साल का कार्यकाल पूरा होने पर जश्न मनाने की बजाय अपनी सरकार की नाकामियों और विफलताओं पर पश्चाताप करना चाहिए। शनिवार को जारी बयान में देवनानी ने कहा कि चार साल से जनता दुखी है लेकिन उसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। मुख्यमंत्री, मंत्रियों तथा शासन के किसी भी अधिकारी को जनता की फिक्र नहीं है। चार साल बेमिसाल का नारा झूठा और जनता को गुमराह करने वाला है। कांठोस सत्ता और संगठन में चल रही आपसी लड़ाई में मुख्यमंत्री गहलोत को केवल अपनी कुर्सी बचाने की चिंता है, जनता को राहत देने की नहीं।

देवनानी ने कहा कि प्रदेश में हत्या, बलात्कार, चोरी, डकैती, आगजनी, लूटपाट की घटनाओं सहित अपराध का ठााफ तेजी से बढ़ रहा है। अपराध के मामले में राजस्थान पूरे देश में नंबर वन पर आ गया है। महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। आमजन में दहशत और भय व्याप्त है। इन हालात के बावजूद सरकार जश्न मना रही है। इससे बड़ी बेशर्मी की बात और कुछ भी नहीं हो सकती है।

देवनानी ने कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में बिजली की दरें नहीं बढ़ाने और ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था लेकिन इन दोनों वादों पर सरकार आज तक खरी नहीं उतरी है। कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से अब तक नौ बार बिजली की दरें बढ़ ाकर जनता पर आर्थिक बोझ लाद दिया गया है। चार साल में मात्र एक लाख 20 हजार युवाओं को ही नौकरियां दी गई हैं। युवाओं को रोजगार के अन्य अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकार की ओर से आज तक कोई भी ठोस प्रयास नहीं किए गए। उल्टे भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होने से बेरोजगारों की मेहनत पर पानी फिरने के साथ-साथ उनका भविष्य अंधकारमय होने लगा है। कांठोस ने सत्ता में आने के दस दिन के भीतर किसानों का कर्ज माफ करने का वादा किया था, जो आज नहीं माफ नहीं हुआ है। जब किसान अपनी पीड़ा जताने के लिए राहुल गांधी से मिलने पहुंचने लगे, तो पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया।

देवनानी ने कहा कि पूरे प्रदेश में पानी का संकट बना हुआ है। पूर्ववर्ती भाजपा शासनकाल में अजमेर में 36 से 48 घंटे में नियमित रूप से पानी सप्लाई होता था लेकिन आज तीन-तीन, चार-चार दिन तक पानी नहीं आता है। कई बार से यह अंतराल पांच-पांच दिन तक पहुंच जाता है। यह स्थिति तो तब है, जबकि बीसलपुर बांध पूरी तरह भरा हुआ है। इसके बावजूद अजमेर के नागरिक प्यासे हैं।

# अवैध शराब से भरी पिकअप गाड़ी जप्त

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी,** (निसं)। अवैध शराब व कारोबार के खिलाफ सीकर पुलिस अधीक्षक कुंवर राष्ट्रदीप सिंह के निर्देश पर पुलिस की ओर से शुरू किए गए अभियान के तहत बलारां पुलिस ने शनिवार को कसवाली के पास अवैध शराब से भरी हुई पिकअप गाड़ी को जप्त कर चालक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पर खेतड़ी नगर व सिंघाना थाने में पूर्व में भी आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज हैं।

- **चालक गिरफ्तार, बलारां पुलिस की कार्रवाई**
- **पुलिस की गाड़ी देख भागने लगा आरोपी**

थानाधिकारी बाबूलाल मीणा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व पुलिस उप अधीक्षक श्रवण कुमार झोरड के सुपरविजन में हैंडकांस्टेबल शुभकरण मीणा के नेतृत्व में टीम में कांस्टेबल रामप्रताप,भालेन्द्र, श्रवण कुमार, प्रेम कुमार की टीम गठित की गई। उक्त टीम को दुरभाष पर मिली सूचना के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच की पुलिस की गाडी देखकर पिकअप चालक गाडी लेकर भागने लगा पुलिस ने पीछा कर गाडी व चालक नेपाल सिंह निवासी बाढा की ढाणी तन मानोटा थाना कापर जिला झुंझुनूं को गिरफ्तार किया।

# जल का अंडर ग्राउंड रिसोर्स पैदा करना सबसे बड़ी चुनौती: शेखावत

## पांच सालों की सरकारों पर निर्भरता सही नहीं, समाज उठाए बीड़ा : डॉ. सीपी जोशी

**उदयपुर,** (कासं)। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने कहा कि आज गंगा को छोडक़र देश की सभी नदियां मानसून पर निर्भर हैं। ऐसे में पानी का अंडर ग्राउंड रिसोर्स पैदा करना सुबसे बड़ी चुनौती है। भविष्य की परिस्थितियों को देखते हुए हमें अभी से ही यह सोचने की आवश्यकता है कि जमीनी स्तर पर पानी को कैसे सहेजा जाए। इस दिशा में योजना बनाकर काम करने की आवश्यकता है। शेखावत भारतीय जैन संघटना के शनिवार से शुरु हुए दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे।

इससे पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर अधिवेशन का आगाज किया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन किया गया। समारोह को गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के साथ भारतीय जैन संघटना के संस्थापक शांतिलाल मुथ्था, राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र लूंकड़, बीजेएस प्रदेशाध्यक्ष राजकुमार फत्तावत, अभय श्रीश्रीमाल अध्यक्ष जीतो एपेक्स आदि ने भी संबोधित किया। जल शक्ति मंत्री शेखावत ने कहा कि जैन संघटना के संस्थापक शांतिलाल मुथ्था द्वारा 35 वर्ष से किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और सामूहिक तौर पर सभी को सहभागिता करने का संदेश दिया।



भारतीय जैन संघटना के शुरु हुए अधिवेशन का मंत्री शेखावत ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया।

राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी ने कहा कि पानी को सुरक्षित रखने के लिए केवल पांच सालों की सरकारों पर निर्भर न रहकर उसकी बजाय समाज और विभिन्न संगठन बागडोर संभालें तो इसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि पानी को बचाने और शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए हम क्या कर रहे हैं , हमसे कमी रह गई है, इसके लिए भी समीक्षा की जानी चाहिए । नदियों के पास शहर बस जाने से पानी पर रुकावटें पैदा हो रही है। बांधों पर एनीकट बन गए हैं तो पानी चल नही रहा है, रुक गया है।

वक्ताओं ने कहा कि संगठन ने 37 वर्षों के अपने इतिहास में मुख्य रूप से आपदा प्रबंधन, सामाजिक विकास और

- **भारतीय जैन संघटना का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन शुरू**
- **देश में पानी की कहीं कमी नहीं, नियोजन की कमीः गडकरी**

शैक्षणिक कार्यों के सम्बन्ध में राष्ट्रीय स्तर पर कार्य किए हैं। केंद्रीय सडक़ और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने वर्चुअल संबोधन में कहा कि देश में पानी की कहीं कमी नहीं है कमी है तो नियोजन की। अगर हम सही नियोजन से योजनाओं को धरातल पर लाएंगे तो इसके सुखद परिणाम भी सामने आएंगे। उन्होंने भारतीय जैन संघटना के संस्थापक शांतिलाल मुथ्था को आईकॉन की संज्ञा दी। जोशी ने कहा कि मुथ्था को वे गत 35 सालों से जानते हैं, जिन्होंने मात्र 31 साल की आयु में अपना बिजनेस छोडक़र समाज सेवा को अपने जीवन का उद्देश्य बनाया।



आप के पास ऐसे खिलाड़ी होने चाहिए जो एक से एक को रोक सके, ऐसे खिलाड़ी जो 'डिफेंस' को भेद सके, जो जोखिम उठा सके।

- जुर्गेन क्लिंसमैन

जर्मनी के पूर्व फुटबॉल कप्तान, विश्व कप फुटबॉल में खिलाड़ियों को लेकर।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी ▶ **नेमार**



ब्राजील के फुटबॉल स्टार नेमार ने अपनी टीम के समर्थन के लिए भारतीय फैन्स का आभार जताया है। उन्होंने खास तौर पर केरल के फैन्स को समर्थन के लिए धन्यवाद कहा है। फीफा वर्ल्ड कप में ब्राजील की टीम क्वार्टर फाइनल में क्रोएशिया के हाथों हारकर बाहर हो गई थी। ब्राजील को विश्व कप जीतने का फेवरेट माना जा रहा था। दरअसल, विश्व कप के दौरान केरल में प्रशंसकों का अपनी पसंदीदा टीमों के लिए समर्थन व्यक्त करने के लिए सजावट के साथ सड़कों पर उतरना एक आम दृश्य है, लेकिन इस बार उनके द्वारा की गई तैयारियों को दुनियाभर में सराहा गया।

**क्या आप जानते हैं ?...** रूस की टेनिस खिलाड़ी दिनाश सकीना दो बार के ग्रैंड स्लैम विजेता मरात सकिन की छोटी बहन है।

# विश्व कप फुटबॉल का खिताबी मुकाबला फ्रांस और अर्जेंटीना में आज

## मेस्सी की महानतम खिलाड़ियों की फेहरिस्त में शामिल होने की राह में एमबापे बाधा

दोहा, 17 दिसंबर। अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनल मेस्सी के लिये अब नहीं तो कभी नहीं। रविवार को यहां होने वाले फीफा विश्व कप फाइनल में जब अर्जेंटीना की टीम फ्रांस के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो यह भी तय हो जायेगा कि मेस्सी आखिरकार खेल के महानतम खिलाड़ियों की फेहरिस्त में पेले और डिएगो माराडोना की जमात में शामिल हो पायेंगे या नहीं।

कईयों के लिये मेस्सी का करियर इससे भी परिभाषित होगा कि 35 साल की उम्र में आखिरकार वह अपनी टीम को फुटबॉल के इस महासमर की ट्राफी दिला पायेंगे या नहीं जो उनके करियर में चार चांद लगा देगी।

पर उनकी रास्ते में कोई कमजोर नहीं बल्कि गत चैम्पियन फ्रांस की टीम और उसका स्टार फुटबॉलर किलियान एमबापे खड़ा है। एमबापे फुटबॉल के महान खिलाड़ियों के तौर पर मेस्सी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर बढ़त बनाने के लिये बहुत अच्छी स्थिति में हैं।

एमबापे 80,000 दर्शकों की क्षमता वाले लुसैल स्टेडियम में होने वाले मैच में इतिहास रचने की ओर बढ़ रहे हैं। फ्रांस का यह 23 साल का फॉरवर्ड अपने पहले ही दो विश्व कप में चैम्पियन बनकर पेले का अनुकरण करने करना चाहता है और तीसरे खिताब की संभावना भी बनाना चाहता है और यह उपलब्धि केवल ब्राजील के इस महान खिलाड़ी के नाम ही है जिन्हें 2022 टूर्नामेंट के दौरान अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

एमबापे जब 19 वर्ष थे तो उन्होंने फ्रांस को 2018 में दूसरा विश्व कप खिताब दिलाया था और 1958 में 17 वर्षीय पेले के बाद फाइनल में गोल करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। पेले ब्राजील की 1962 विश्व कप जीत में चोट के कारण नॉकआउट चरण में नहीं खेले थे लेकिन एमबापे इस टूर्नामेंट में शुरू से ही फ्रांस के लिये अहम खिलाड़ी बने रहे।

बल्कि वह पांच गोल करके मेस्सी के साथ सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी की बराबरी पर हैं। 'गोल्डन बूट' का पुरस्कार कौन जीतता है तो यह फाइनल ही तय करेगा।

वहीं दूसरी ओर फ्रांस की टीम खड़ी है जो ब्राजील (1962 में) के बाद लगातार विश्व कप ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम बनने की कोशिश में जुटी है। माइकल प्लातिनी, जिनेदिन जिदान, थिएरी ऑनरी और अब एमबापे जैसे खिलाड़ी देने वाली टीम पिछले सात विश्व कप में चौथी बार फाइनल में पहुंची है जो किसी अन्य टीम से कहीं ज्यादा है।

कोच डिडिएर डेसचैम्पस 1998 में बतौर खिलाड़ी विश्व कप विजेता रहे थे और अब बतौर कोच टीम को लगातार दूसरी बार खिताब दिलाने की मुहिम में जुटे हैं। विटोरियो पोज्जो एकमात्र अन्य कोच थे जिन्होंने लगातार दो बार चैम्पियन बनी इटली को 1934 और 1938 में खिताब दिलाये थे।



फ्रांस की तरह अर्जेंटीना भी (1978 और 1986 के बाद) तीसरा विश्व कप खिताब जीतने की कोशिश में जुटी है ताकि वह सर्वकालिक सूची में चौथे स्थान पर पहुंच जाये। अगर ऐसा होगा तो माराडोना के मेक्सिको में 1986 प्रदर्शन के बाद टीम का 36 साल का इंतजार खत्म हो जायेगा।

उस जीत ने माराडोना को अर्जेंटीना में हमेशा के लिये 'हीरो' और फुटबॉल की दुनिया का 'आइकॉन' बना दिया था। मेस्सी अब उस स्तर की बराबरी पर दिखते हैं, रविवार को अपने रिकॉर्ड 26वें विश्व कप मैच में भले ही वह जीते या हारें।

मेस्सी ने जिस तरह से अर्जेंटीना को फाइनल में पहुंचाया, उससे उनकी तुलना माराडोना से की जा रही है। मेस्सी ने पांच गोल करने के अलावा तीन गोल करने में मदद कर अपनी टीम के प्रशंसकों को रोमांचित कर दिया जो कतर में पूरे विश्व कप के दौरान मैचों में बहुतायत में नजर आये। जिसे देखते हुए ऐसा लगता है कि यह मैच अर्जेंटीना के लिये घरेलू मैच की तरह होगा लेकिन फ्रांस के समर्थकों की संख्या भी कम नहीं होगी। पर विजेता चुनना मुश्किल है।

फ्रांस की टीम में अपार अनुभव है और अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखाने के बावजूद जीत दर्ज करने की काबिलियत है। डेसचैम्पस ने टूर्नामेंट से पहले पॉल पोग्बा, एनगोलो कांटे, प्रेसेनल किम्पेम्बे और करीब बेंजेमा जैसे अहम खिलाड़ियों के बाहर होने के बावजूद फ्रांस के प्रदर्शन का स्तर ऊंचा बनाये रखा। फ्रांस का डिफेंस काफी अच्छा है।

## मार्सिनियाक होंगे विश्व कप फाइनल के रेफरी

दोहा, 17 दिसंबर। पोलैंड के ज़ीमॉन मार्सिनियक को अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच रविवार को होने वाले फीफा विश्व कप फाइनल का रेफरी चुना गया है। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने कहा है कि मार्सिनियक के हमवतन पावेल सोकोलनिकी और तोमाज़ लिस्टकीविक्ज़ खिताबी मैच में असिस्टेंट रेफरी होंगे। फीफा ने शुक्रवार को जारी बयान में यह जानकारी दी। चार साल पहले रूस में पदार्पण करने वाले मार्सिनियक इस टूर्नामेंट में पहले भी अर्जेंटीना और फ्रांस के मुकाबलों में रेफरी रह चुके हैं। पोलैंड के 41 वर्षीय रेफरी मार्सिनियक ने अर्जेंटीना बनाम ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस बनाम डेनमार्क मैच में निर्णायक की भूमिका निभाई थी। उल्लेखनीय है कि असिस्टेंट रेफरी लिस्टकीविक्ज़ के पिता माइकल लिस्टकीविक्ज़ हैं, जिन्होंने विश्व कप 1990 के फाइनल में रेफरी की भूमिका निभाई थी।

## विश्वकप फाइनल से पहले फ्रांस की टीम में फ्लू फैला

दोहा, 17 दिसंबर। अर्जेंटीना के खिलाफ फीफा 2022 विश्व कप फाइनल से पहले फ्रांस की टीम में वायरस का प्रकोप जारी है। फॉरवर्ड खिलाड़ी रैंडल कोलो मुआनी ने कहा यह जानकारी दी। टीम के मैनेजर डिडिएर डेसचैम्प्स ने पहले खुलासा किया था कि दो खिलाड़ी - डिफेंडर दयोट उपामेकानो और मिडफील्डर एड्रियन रैबियोट को फ्लू जैसे लक्षणों के कारण टीम से अलग होना पड़ा और वह मोरक्को के खिलाफ नहीं खेल पाये। फ्रांस ने इस सेमीफाइनल मैच को 2-0 से जीत लिया था। मुआनी ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, थोड़ा सा फ्लू है जो फैल रहा है लेकिन इसमे घातक कुछ नहीं है। इस पर इस फ्रैंकफर्ट खिलाड़ी को एक संचार प्रवक्ता ने जल्दी से रोक दिया और कहा, रैंडल एक डॉक्टर नहीं है, हम आपको बाद में समझाएंगे। डेसचैम्प्स ने स्वीकार किया है कि उनके खिलाड़ी काम के भारी बोझ और ठंडे मौसम से प्रभावित हो सकते हैं। लेकिन वह इस बात पर कायम रहे कि प्रभावित खिलाड़ी लुसैल स्टेडियम में रविवार को होने वाले मैच से वंचित होने का खतरा नहीं है। हाल के दिनों में क़तर में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के शुरुआती दिनों में दैनिक अधिकतम तापमान की तुलना में काफी गिर गया है।

## क्रोएशिया ने फीफा विश्व कप में हासिल किया तीसरा स्थान



अल रैयान, 17 दिसंबर। क्रोएशिया ने मिस्लाव ओर्सिच के निर्णायक गोल से शनिवार को फीफा विश्व कप 2022 के कांस्य पदक मैच में मोरक्को को 2-1 से हराकर टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया।

खलीफा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में जोस्को ग्वार्डिओल ने सातवें मिनट में गोल करके क्रोएशिया का खाता खोला, लेकिन मोरक्को ने नौवें मिनट में अशरफ दारी के गोल से मैच में वापसी कर ली। ओर्सिच ने 42वें मिनट में गोल जमाया जो क्रोएशिया की जीत में निर्णायक साबित हुआ।

विश्व कप 2018 की उपविजेता क्रोएशिया ने इस जीत के साथ टूर्नामेंट के इस संस्करण में तीसरा स्थान हासिल कर लिया, जबकि मोरक्को चौथे स्थान पर रहा। विश्व विजेता का फैसला रविवार को अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच होने वाले खिताबी मैच से किया जायेगा।

लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचने का सपना टूटने के बाद क्रोएशिया ने यहां आक्रामक शुरुआत करते हुए बढ़त बना ली। जिसे इवान पेरिसिच ने सातवें मिनट में लोवरो मेजर की फ्रीकिक को हेडर मारकर ग्वार्डिओल तक पहुंचाया। क्रोएशिया के लिये मास्क पहनकर खेलने वाले ग्वार्डिओल ने बॉल को नेट में दागकर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी।

क्रोएशिया की यह खुशी कुछ देर तक ही रही क्योंकि दो मिनट बाद मोरक्को को फ्रीकिक मिली। दारी ने फ्रीकिक पर हकीम ज़ियेश के क्रॉस को गोल में पहुंचाकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

मोरक्को ने इस गोल से मिले आत्मविश्वास से पहले हाफ में दो मौके और बनाये लेकिन अफ्रीकी टीम उन्हें गोल में तब्दील नहीं कर सकी।

क्रोएशिया को हाफ टाइम से पहले एक मौका मिला जिसका फायदा उठाते हुए यूरोपीय टीम ने अपनी बढ़त दोगुनी कर ली।

ओर्सिच ने मोरक्को के बॉक्स के मुहाने पर खड़े होकर बॉल को गोल की ओर मारा जो रक्षण को भेदती हुई नेट में पहुंच गयी।

पहले हाफ में पिछड़ने के बाद मोरक्को दूसरे हाफ में क्रोएशिया पर कोई दबाव नहीं बना सकी। इंजरी टाइम में जियेश के क्रॉस से मोरक्को अपना दूसरा गोल करने के करीब आयी लेकिन गोल के करीब खड़े यूसुफ एन-नेसरी हेडर मारकर बॉल को नेट में नहीं पहुंचा सके।

उल्लेखनीय है कि मोरक्को फीफा विश्व कप के इतिहास में चौथा स्थान हासिल करने वाली पहली टीम है।

# फाइनल में इन खिलाड़ियों पर रहेगी नजर

दोहा, 17 दिसंबर। अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच रविवार को यहां होने वाले विश्वकप फाइनल में एक तरफ जहां लियोनेल मेस्सी होंगे वहीं दूसरी तरफ उन्हें टक्कर देने के लिए काइलियन एमबापे होंगे। मेस्सी इससे पहले भी फाइनल में खेल चुके हैं लेकिन उनकी टीम 2014 में जर्मनी से हार गई थी। एमबापे के रहते हुए फ्रांस ने 2018 में क्रोएशिया को हराकर विश्वकप जीता था। इन दोनों सहित जिन अन्य खिलाड़ियों पर विश्वकप फाइनल में नजर टिकी रहेगी, उनकी जानकारी इस प्रकार है।

**लियोनेल मेस्सी:** पैंतीस वर्षीय मेस्सी अर्जेंटीना की टीम के दिल और आत्मा दोनों हैं। वह टूर्नामेंट में अब तक पांच गोल कर चुके हैं और इस मामले में संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। जब भी गोल करने का मौका हो तब मेस्सी की फुर्ती देखने लायक होती है। विश्व कप का खिताब उन्हें डियागो माराडोना के समान 'आइकन' का दर्जा दिला देगा।

**जुलियन एल्वारेज :** एल्वारेज ने टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और उन्होंने अब तक चार गोल दागे हैं। मैनचेस्टर सिटी की तरफ से खेलने वाले इस 22 वर्षीय खिलाड़ी का तेज दौड़ लगाने में कोई सानी नहीं है। उन्होंने क्रोएशिया के खिलाफ सेमीफाइनल में टीम की 3-0 से जीत में मेस्सी के साथ शानदार जोड़ी बनाई थी।

**एमिलियानो मार्टिनेज :** अर्जेंटीना का यह गोलकीपर छह फुट चार इंच लंबा है। यदि फाइनल मैच पेनल्टी शूटआउट तक खिंचता है तो फिर मार्टिनेज की भूमिका अहम होगी। उन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल और पिछले साल कोपा अमेरिका के सेमीफाइनल में पेनल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

**नहुएल मोलिना:** मोलिना ऊर्जावान फुल बैक है और उनमें मजबूत डिफेंडर होने के सभी लक्षण मौजूद है। एटलेटिको मैड्रिड के 24 वर्षीय खिलाड़ी मोलिना को अपने आक्रामक रवैये के लिए भी जाना जाता है।

**एंजो फर्नांडीज :** फर्नांडीज ने टूर्नामेंट की शुरुआत स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में की थी लेकिन अर्जेंटीना के मैक्सिको पर जीत में गोल करने के बाद वह टीम के मुख्य खिलाड़ी बन गए। वह अर्जेंटीना की मध्य पंक्ति के प्रमुख खिलाड़ी हैं।

**काइलियन एमबापे :** अर्जेंटीना के लिए एमबापे सबसे बड़े खतरनाक खिलाड़ी हैं जो अपनी तेजी और गोल करने में महारत के लिए जाने जाते हैं। पेरिस सेंट जर्मेन की तरफ से खेलने वाला यह 23 वर्षीय स्ट्राइकर विश्व कप में अभी तक मेस्सी के समान पांच गोल दाग चुका है। अर्जेंटीना के खिलाफ जीत दर्ज करने पर वह महानतम खिलाड़ियों में शामिल हो जाएंगे।

**एंटोनियो ग्रीजमैन :** इकतीस वर्षीय ग्रीजमैन इस विश्वकप में फ्रांस के लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी साबित हुए हैं। एटलेटिको मैड्रिड के इस स्ट्राइकर ने अपने कौशल में रक्षात्मक गुण भी जोड़े हैं। फाइनल में मेस्सी के साथ उनका मुकाबला देखने लायक होगा।

**ह्यूगो लोरिस :** टोटेनहैम की तरफ से खेलने वाले 35 वर्षीय ह्यूगो लोरिस पहले ऐसे कप्तान बनने की राह पर हैं जिन्होंने दो विश्वकप जीते। वह मितभाषी हैं लेकिन अपने काम को अच्छी तरह से अंजाम देते हैं। फ्रांस की तरफ से सर्वाधिक मैच खेलने का रिकॉर्ड उन्हीं के नाम पर है।

**राफेल वरान :** फ्रांस की रक्षापंक्ति की मजबूत कड़ी हैं 29 वर्षीय राफेल वरान। वह अपने करियर में चोटों से जूझते रहे हैं लेकिन अब अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार हैं। रियाल मैड्रिड को चार बार चैंपियंस लीग का खिताब दिलाने में उनकी भूमिका अहम रही है।

**ऑरेलियन टचौमेनी:** टचौमेनी पिछले चार साल से पाल पोग्बा की जगह मध्य पंक्ति में अपनी भूमिका पूरी निष्ठा के साथ निभा रहे हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ गोल करके पोग्बा जैसे करारे शॉट जमाने की अपनी काबिलियत का अच्छा नमूना पेश किया था। अर्जेंटीना को मध्य पंक्ति में उनसे पार पाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ेगी।

## भारत ने तीसरा दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप जीता



बेंगलुरु, 17 दिसंबर। आशाओं और उत्साह से भरी भारतीय दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम ने आज तीसरे दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले में बंगलादेश को 120 रन से हराकर यह खिताब जीतने की हैट्रिक पूरी कर ली। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने सुनील रमेश (136 नाबाद) और अजय कुमार रेड्डी (100) के शतकों की बदौलत 277 रन बनाये। इसके जवाब में बंगलादेश 20 ओवर में 157 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजे गये सुनील ने टूर्नामेंट में लगातार तीसरा शतक जड़ते हुए 63 गेंदों पर 24 चौकों और एक छक्के की मदद से 136 रन बनाये, जबकि कप्तान अजय ने 50 गेंदों पर 18 चौकों की बदौलत 100 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगलादेश के लिये सलामी बल्लेबाज सलमान ने 66 गेंदों पर 77 रन बनाये, हालांकि उन्हें किसी का साथ नहीं मिला। भारत ने तीसरी बार दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप जीता है, जबकि इससे पहले टीम 2012 और 2017 में भी यह खिताब जीत चुकी है।

# ज़ाकिर का शतक पर अक्षर के करिश्मे से भारत जीत से चार विकेट दूर

चटगांव, 17 दिसंबर। युवा सलामी बल्लेबाज ज़ाकिर हसन (100) के शानदार शतक से बंगलादेश ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के चौथे दिन शनिवार को 272 रन बना लिये, हालांकि छह विकेट गंवाने के कारण उस पर हार का खतरा मंडरा रहा है। बंगलादेश को अब भी जीत के लिये 241 रन चाहिये, जबकि भारत विजय से सिर्फ चार विकेट दूर है।

बंगलादेश के सलामी बल्लेबाज ज़ाकिर और नजमुल हसन शान्तो ने चौथे दिन की शुरुआत 42 रन के स्कोर से करते हुए 124 रन की शतकीय साझेदारी की।

बंगलादेश ने पहले सत्र में कोई विकेट नहीं गंवाया, हालांकि लंच के फौरन बाद उमेश यादव ने शान्तो को 67 रन पर आउट करके भारत को पहली सफलता दिलाई। शान्तो ने 156 गेंदों की अपनी पारी में सात चौके लगाये।

पहली सफलता मिलने के बाद भारत ने बड़ी साझेदारी नहीं पनपने दी। अक्षर पटेल ने ज़ाकिर हसन को पांच रन पर बोल्ड किया, जबकि कुलदीप यादव ने लिटन दास (19) को फिरकी में फंसाकर उमेश के हाथों कैच आउट करवाया।

दूसरे छोर से ज़ाकिर ने अच्छे शॉट खेलना जारी रखा और अपने पदार्पण टेस्ट में सैकड़ा पूरा किया। ज़ाकिर ने 224 गेंदों पर 12 चौके और एक छक्का लगाकर 100 रन बनाये, हालांकि शतक पूरा करते ही वह



रविचंद्रन अश्विन का शिकार हो गये।

अक्षर पटेल ने इसके बाद मुश्फिकुर रहीम (23) और नूरुल हसन (तीन) को आउट किया। दिन का खेल खत्म होने तक शाकिब अल हसन ने 40 जबकि मेहदी हसन मिराज़ ने नौ रन बना लिये हैं।

## ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में अजेय बढ़त हासिल की

मुंबई, 17 दिसंबर (वार्ता) कप्तान हरमनप्रीत कौर (46) और ऋचा घोष (39 नाबाद) की विस्फोटक पारियों के बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को चौथे महिला टी20 में भारत को आठ रन से हराकर पांच मैचों की शृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली।

ऑस्ट्रेलिया ने एलिसे पेरी (72 नाबाद) के विस्फोटक अद्धर्शतक की बदौलत भारत के सामने 189 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में भारत 181 रन ही बना सका।

पेरी ने 42 गेंदों पर सात चौकों और चार छक्कों की बदौलत 72 रन बनाये। इसके अलावा एशले गार्डनर ने 42 रन जबकि ठोस हैरिस ने 27 रन का योगदान देकर ऑस्ट्रेलिया को 188 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया।

भारत के तीन विकेट 49 रन पर गिरने के बाद हरमनप्रीत ने पारी को संभाला और देविका वैद्या के साथ 72 रन की साझेदारी की। हरमनप्रीत भारत को जीत की ओर ले जा रही थीं लेकिन अलाना किंग ने उन्हें 15वें ओवर में आउट करके भारत को मुश्किल में डाल दिया। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरीं ऋचा ने 19 गेंदों पर चार चौके और दो छक्के लगाकर ताबड़तोड़ 40 रन बनाये लेकिन भारत को लक्ष्य तक नहीं पहुंचा सकीं।

भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए तेज शुरुआत की लेकिन पावरप्ले में दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिये।

## बाबर, सलमान के अद्धर्शतक, पाकिस्तान ने बनाये 304

कराची, 17 दिसंबर। इंग्लैंड ने जैक लीच (140/4) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान को तीसरे टेस्ट के पहले दिन शनिवार को 304 रन पर ऑलआउट कर दिया। दिन का खेल खत्म होने से पहले इंग्लैंड ने एक विकेट के नुकसान पर सात रन बना लिये।

पाकिस्तान के लिये कप्तान बाबर आज़म (78) और आगा सलमान (56) ने अद्धर्शतक जमाये। बाबर ने अपना आखिरी टेस्ट खेल रहे अज़हर अली (45) के साथ तीसरे विकेट के लिये 71 रन की साझेदारी की, जबकि सऊद शकील (23) के साथ 45 रन जोड़े। बाबर 123 गेंदों पर नौ चौकों के साथ 78 रन बनाकर अच्छी लय में दिख रहे थे लेकिन हैरी ब्रूक ने उन्हें रनआउट कर दिया। पाकिस्तान के छह विकेट 219 रन पर गिरने के बाद सलमान ने पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ साझेदारियां बुनते हुए टीम को 304 रन के स्कोर तक पहुंचाया। सलमान ने 93 गेंदों पर छह चौकों के साथ 56 रन बनाये। इंग्लैंड के लिये जैक लीच ने चार विकेट लिये। इंग्लैंड के लिये पदार्पण कर रहे रेहान अहमद ने दो विकेट लिये, जबकि जो रूट, ओली रॉबिनसन और मार्क वुड को एक-एक विकेट हासिल हुआ। पहले दिन का खेल खत्म होने से पूर्व अबरार अहमद ने ज़ैक क्रॉली को शून्य रन पर पगबाधा आउट कर दिया, जबकि बेन डकेट और ओली पोप विकेट पर मौजूद हैं।

## संक्षिप्त

### मंदिरों से चोरी करने वाला गिरफ्तार

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** नीमराणा थाना अधिकारी सूणीलाल मीणा के नेतृत्व में गठित टीम ने मंदिर से चोरी करने के दर्जनभर मामलों के आरोपी को गिरफ्तार किया गया। जिला पुलिस भिवाड़ी क्षेत्र के नीमराना कस्बे के नजदीकी ग्राम नाघोडी के बजरंगबली मंदिर से 5 नवंबर को म्यूजिक सिस्टम, बैटरी, इनवर्टर, लाइट केबल, सीसीटीवी केबल तथा मन्दिर के दो दान पात्रों की नगदी आदि सामान चोरी करने के दर्जन भर आपराधिक रिकॉर्ड के आरोपी ामकिशन उर्फ बिल्लू पुत्र मदनलाल ब्राह्मण निवासी खजूरी थाना फूल बाग को नीमराना पुलिस ने गिरफ्तार किया।

### भागवत कथा में झूमे श्रोता

**खैरथल, (निसं)।** स्थानीय झूलेलाल मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन शनिवार को श्रोता मंत्रमुग्ध हो कर झूम उठे। वृंदावन धाम से आए कथावाचक सच्चिदानन्द महाराज ने शनिवार को दुर्योधन द्वारा गुरु द्रोणाचार्य को दी गई जानकारी को संगीतबद्ध सुनाया तो खचाखच भरे पांडाल में श्रोता झूम कर नाचने लगे। सच्चिदानन्द महाराज ने कहा कि जिस स्थान पर श्रीमद्भागवत कथा हो वह स्थान स्वत: ही पावन हो जाता है। उन्होंने सांप्रदायिक सौहार्द के प्रतीक और अधर्म पर धर्म की विजय के अवतार भगवान झूलेलाल के जीवन पर आधारित भजनों की रसधार से भक्तों को भावविभोर कर दिया।

### 15 करोड़ की स्वीकृति जारी

**रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर नव स्वीकृत उप जिला अस्पताल एवं नव क्रमोन्नत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोल के भवन निर्माण आदि विकास कार्यों के लिए करीब 15 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा के निजी सहायक श्यामसुंदर मीणा ने बताया कि रामगढ़ पचवारा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से क्रमोन्नत हुए उप जिला अस्पताल के लिए दस करोड़ रुपये की स्वीकृति जारी की गई है। इसी तरह नव क्रमोन्नत उप जिला चिकित्सालय रामगढ़ पचवारा में 30 बेड से 100 बेड बढ़ाते ही स्वीकृति जारी की गई है।

# जैन समाज ने मौन जुलूस निकाल राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**निवाई, (निसं)।** जैन समाज के आस्था के केंद्र सम्मेद शिखरजी मधुबन तीर्थ स्थल को पर्यटन स्थल घोषित करने के विरोध में जैन समाज के हजारों लोगों ने मौन जुलूस निकालकर तहसीलदार प्रांजल कंवर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम ज्ञापन सौंपा है।

जुलूस जैन नसिया मंदिर से शुरू

■ सम्मेदशिखर जी तीर्थ स्थल को पर्यटन स्थल घोषित करने का विरोध

होकर मुख्य मार्गों से बाजार होती हुई अहिंसा सर्किल पहुंचा। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौला व राकेश संघी ने बताया कि जैन समाज की मुख्य आस्था का केंद्र सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल घोषित करने से सर्व समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है।

जिसके विरोध में शनिवार को सकल जैन समाज के तत्वावधान में मौन जुलूस निकाला गया। मौन जुलूस नसियां जैन मंदिर से आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के आशीर्वाद व प्रेरणा लेकर रवाना हुआ, अहिंसा सर्किल होते हुए पंचायत समिति पंहुचा। जहां पर तहसीलदार प्रांजल कंवर को ज्ञापन सौंपा। जैन समाज के मंत्री महावीरप्रसाद पराणा ने तहसीलदार प्रांजल कंवर एवं उपस्थित श्रद्धालुओं को ज्ञापन पढकर सुनाया।



जैन समाज के लोगों ने तहसीलदार प्रांजल कंवर को ज्ञापन दिया।

इस अवसर पर जैन समाज के कार्याध्यक्ष नेमीचंद गंगवाल, मंत्री महावीरप्रसाद पराणा, जितेन्द्र चंवरिया, विष्णु बोहरा, पारस पहाड़ी, हुकमचंद जैन, अशोक कटारिया, ज्ञानचन्द सोगानी, ताराचंद गोयल, सुशील कटारिया, शंभु कठमाणा, सुनील भाणजा, महेन्द्र सारसोप, रामपाल चंवरिया, दिलीप जैन, बंटी झांझरी, त्रिलोक सिरस, महेन्द्र जैन, सत्यनारायण मोठूका, राहुल बोहरा, अमित कटारिया, अशोक बिलाला सहित कई लोग मौजूद थे। जौला ने बताया कि मौन जुलूस से पूर्व सन्त निवास पर भारत गौरव गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ने धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए तीर्थ बचाओ धर्म बचाओ सम्मेदशिखर जी बचाओ आंदोलन में जुडकर एकता का परिचय देने के लिए प्रेरित किया। सभा का संचालन महावीरप्रसाद पराणा ने किया एवं मंगलाचरण महिला मण्डल की अध्यक्ष शशी सोगानी ने किया।

## 'किराएदार रखने से पहले पुलिस वेरिफिकेशन जरूरी'

**पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा थाना पुलिस अब अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए एकदम एक्शन में है। पुलिस ने अब किराए के मकान पर रहने वालों पर लगाम कसना शुरू करेगी। अब कोई मकान मालिक बिना सत्यापन कराए किरायेदार नहीं रख सकता है।

इसके लिए प्रागपुरा थाना पुलिस द्वारा जल्दी ही अभियान चलाया जायेगा। अभियान को लेकर संजीव चौधरी पुलिस उप अधीक्षक विराटनगर ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जितने भी मकान मालिक हैं, उनको ये बताया जा रहा है किसी भी व्यक्ति को पुलिस सत्यापन कराए बिना मकान न दिया जाए। सभी किरायेदारों का सत्यापन कर उनके आधार कार्ड और फोन नंबर लेकर उनकी जांच की जायेगी।

जो किरायेदार हैं, उनके घर की तलाशी और सत्यापन कर उनके बारे में पता लगाया जायेगा। किराएदार के घर कोई संदिग्ध तो नहीं आता है। आस पास के लोगों से बात कर जानकारी ली जायेगी। प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह ने बताया कि अभियान चला कर किरायेदारों का सत्यापन किया जायेगा। साथ ही मकान मालिक को हिदायत दी कि बिना पुलिस वैरिफिकेशन के किसी को न रखें, जिससे आप को दिक्कत न हो।

## सार-समाचार

### पाकिस्तान विदेश मंत्री का पुतला जलाया



**टोंक, (निसं)।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी, भाजपा के लिए आपत्तिजनक टिप्पणियां करने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा घण्टाघर पर पुतला जलाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र पराणा ने कहा कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री का बयान पूरी तरह अपमानजनक और कायरता से भरा हुआ है। जो कि असहनीय है इन सब इसका विरोध करते हैं। बिलावल भुट्टो के इस अपमानजनक बयान ने वैश्विक मंच पर पाकिस्तान की छवि को और कम कर दिया है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश चंदेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मी जैन, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री चंद्रवीर सिंह, जिला महामंत्री प्रभु बडोलिया, नरेश बंसल, मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष बबलू टैंकर, जिला उपाध्यक्ष हंसराज धाकड,बीना छामुनिया, रमेश गढवाल, मीडिया प्रभारी कमलेश यादव, सोशल मीडिया प्रभारी गणेश सैनी, पार्षद मनीष सिसोदिया, देवराज खाटरा,नंदलाल छान, रोबिन चांवला, शिवराज गोरा,ललित जगरवाल, सहित अन्य मौजूद रहे।

### महासभा में पहुंचने का दिया निमंत्रण

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** भाजपा की ओर से गांव-गांव, शहर-शहर चल रही जन आक्रोश यात्रा के समापन पर रविवार को एसडीएम कार्यालय के पास घंटाघर चौक पर आयोजित सुबह 11 बजे जन आक्रोश महासभा व रैली को लेकर पूर्व विधायक रामहेत यादव ने तिजारा रोड मुख्य बाजार अस्पताल के सामने से होते हुए उपखंड कार्यालय परिसर पहुंच कर अधिवक्ता एवं व्यापारियों को रैली में महासभा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। पूर्व विधायक रामहेत यादव ने बताया 4 दिसंबर से शुरू हुई जन आक्रोश यात्रा का समापन रविवार को किशनगढ़ बास मैं तिजारा रोड पेट्रोल पंप के पास से सुबह 10 बजे जन आक्रोश यात्रा शुरू होकर एसडीएम कार्यालय के पास घंटाघर चौक पर आयोजित महासभा स्थल पर पहुंचेगी। सभा को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओम प्रकाश माथुर संबोधित करेंगे। बाजार में जनसंपर्क कर निमंत्रण के दौरान पूर्व विधायक रामहेत यादव के साथ चेयरमैन तारामणि सिंघल के प्रतिनिधि सतीश सिंघल भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश कांत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### खिलाड़ियों का स्वागत

**टोंक, (निसं)।** तेलंगाना में हुई 41वीं जूनियर शूटिंग बाल नेशनल चैम्पियनशिप में राजस्थान जूनियर टीम ने आंध्रप्रदेश को फाइनल मुकाबले में हराकर गोल्ड मैडल पर कब्जा किया। जिस पर राजस्थान टीम में शामिल टोंक के दो खिलाड़ियों का टोंक पहुंचने पर स्वागत किया। जिला शूटिंग बाल संघ के सचिव अल्ताफ हुसैन ने बताया कि राजस्थान टीम में दो खिलाड़ी टोंक जिले के सर्वर खान और सरताज खान भी थे, जिनके टोंक पहुंचने पर अंबेडकर स्टेडियम में उनका स्वागत किया गया। इस टोंक जिला ओलंपिक संघ के सचिव मुमताज राही और टोंक जिला शूटिंग बाल संघ के अध्यक्ष के.आर.खान ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

### हेमराज सैनी तहसील अध्यक्ष बने

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के मुख्य बाजार में स्थित पटवार भवन कार्यालय पर प्रदेश ग्राम प्रत्याशी संघ राजस्थान की तहसील स्तरीय उपशाखा प्रदेश ग्राम प्रतिहारी संघ राजस्थान उपशाखा फुलेरा मुख्यालय सांभरलेक की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें उपशाखा के अध्यक्ष पद पर हेमराज सैनी, उपाध्यक्ष रामरतन गुर्जर, सचिव दुलीचन्द कुमावत, कोषाध्यक्ष रामधन प्रजापति, मीडिया प्रभारी के पद पर रविन्द्र बारेठ, मंत्री पुष्कर मल चौधरी, संगठन मंत्री शिवराम वर्मा, सलाहकार मुकेश चौधरी को नियुक्त किया गया। तत्पश्चात नवनियुक्त कार्यकारिणी का उपस्थित सदस्यों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। प्रदेशाध्यक्ष रामचन्द्र बुनकर, बोदूलाल मीणा उपशाखा अध्यक्ष माधोराजपुरा, प्रवक्ता गणेश नारायण चौधरी के सानिध्य में उपशाखा का संगठन तैयार किया गया।

### जन आक्रोश महासभा आज

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह तथा विशिष्ट अतिथि अलवर सांसद बालक नाथ योगी के नेतृत्व में अलवर जिले में बहरोड़ के कुंड रोड पर 18 दिसंबर को 10 बजे कांग्रेस सरकार के विरोध में विशाल जन आक्रोश महासभा के तहत जनसभा का आयोजन किया जाएगा।

### स्वैच्छिक सेवानिवृति पर स्वागत किया



**देवली, (निसं)।** प्रोफेसर विक्रम सिंह गुर्जर के स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति होने पश्चात यहां कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। वहीं युवा नेता गोलू मंगल ने जन्मदिन गौशाला में मनाया। शनिवार को यहां जनसेवा समिति देवली उनियारा के संयोजक-डॉ विक्रम सिंह गुर्जर का साथियों द्वारा माला व साफ़ा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान डॉ विक्रम सिंह गुर्जर ने स्थानीय गौशाला पहुंचकर गायों को दो सौ किलो लापसी खिलाकर इस मौके पर समाज सेवी गोलू मंगल का जन्मदिवस मनाया।

## बाइक रैली निकाल महासभा में आने का दिया न्यौता

**अलवर, (निसं)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के मालाखेडा में आयोजित होने वाली जनसभा एवं शहर में पदयात्रा से पूर्व युवाओं ने गांव पूनखर मोड से जनसभा स्थल तक विशाल बाईक रैली निकाल महासभा में आने का न्यौता दिया।

■ मालाखेड़ा में होने वाली महासभा की तैयारियां अंतिम चरण में

हजारों की संख्या में बाइक रैली में शामिल हुए युवाओं का भारत जोडों यात्रा के लिए जोश देखते ही बन रहा था। आगे-आगे खुली जीप में कांग्रेस का झण्डा लेकर चल रहे जोशीले कार्यकर्ताओं के पीछे हजारों की संख्या में बाईक जब मालाखेडा कस्बे के मुख्य बाजार से होते हुए कस्बे में पहुंची तो उन्हें देखने के लिए लोगों का हुजुम उमड पडा। बाईक रैली के बाद कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी की जनसभा स्थल का जायजा लिया। प्रभारी मंत्री बीडी कल्ला ने कहा कि कार्यकर्ताओं में राहुल गांधी की भारत जोडों यात्रा के लिए जबरदस्त उत्साह है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि राहुल की यात्रा के लिए आमजन लाखों की संख्या में आगे आ रहे हैं। जनता खुद यात्रा में जुडने के लिए उत्साहित है। केबिनेट मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि लोगों के चेहरे पर राहुल की यात्रा के प्रति जो उत्साह है वह देखते ही बन रहा है। दिल से लोग इस यात्रा शामिल हो रहे हैं। भारत जोडों यात्रा का यह कारवां दिन-प्रतिदिन बढता जा रहा है। उन्होंने कहा कि मालाखेडा में आयोजित होने वाली सभा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस अवसर पर एआईसीसी सचिव निजामुद्दीन कागजी, यूथ कांग्रेस कॉर्डिनेटर सिद्धार्थ व्यास, बाल सरंक्षण आयोग सदस्य वंदना व्यास, आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेन्द्र राठौड, विधायक जोहरीलाल मीना, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, डेयरी चेयरमैन विश्राम गुर्जर, समाजसेवी मुकेश जूली सहित बडी संख्या में युवा, कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# घर-घर कचरा संग्रह रथों को रवाना किया

**मालपुरा, (निसं)।** केन्द्र सरकार की स्वच्छ भारत मिशन योजना के अन्तर्गत मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र की 5 ग्राम पंचायतों को चिन्हित कर पहले चरण में जारी स्वच्छत्ता रथों को सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया व प्रधान सकराम चौपड़ा ने झण्डी दिखा रवाना किया।

पंचायत समिति विकास अधिकारी सतपाल कुमावत ने बताया कि योजना के अन्तर्गत 2 हजार से अधिक की आबादी वाली ग्राम पंचायत डिग्गी, लावा, लाम्बाहरिसिंह, टोरडी व पचेवर ग्राम पंचायतों के लिए जिला परिषद से आये 5 स्वच्छता रथों को शनिवार को सांसद व प्रधान द्वारा झण्डी दिखा पंचायत प्रशासन को सुपुर्द किया गया। दूसरे चरण में 15 पंचायतों को एवं तीसरे चरण में शेष पंचायतों को स्वच्छता रथ दिये जायेंगें।



स्वच्छत्ता रथों को सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया व प्रधान सकराम चौपड़ा ने झण्डी दिखा रवाना किया।

इससे पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने पंचायत समिति सभागार में क्षेत्र के सरपंच, जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्य एवं पार्टी पदाधिकारियों से ग्राम पंचायतों के विकास को लेकर चर्चा कर सरपंचों से अतिआवश्यक विकास कार्यों के प्रस्ताव लिये गये। बिना पूर्व घोषित कार्यक्रम के अचानक मालपुरा पहुंचे सांसद जौनापुरिया द्वारा पंचायत समिति में बैठक लेने की मिली सूचना पर आनन-फानन में सरपंचों को सभागार में बुलाया गया। जहां देशमा सरपंच रामचरण चौधरी, किरावल सरपंच गजराज सिंह, राजपुरा सरपंच धन्नालाल बैरवा, बरोल सरपंच हनुमान गुर्जर, इंदोली सरपंच प्रतिनिधि भागचन्द खटीक, सीतारामपुरा सरपंच प्रदीप शर्मा, चांदसेन सरपंच रामस्वरूप मीणा द्वारा सांसद को विकास कार्यों के प्रस्ताव स्वीकृति के लिए दिये गये।

# प्रदेश की कानून व्यवस्था बद से बदतर: सांसद राठौड़

**कोटपूतली, (निसं)।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कोटपूतली स्थित पुरानी सब्जी मण्डी पहुंचकर स्थानीय व्यापारियों से मुलाकात की और देर रात इलैक्ट्रॉनिक्स की दुकान में चोरी की घटना की जानकारी ली।

इस दौरान कर्नल राज्यवर्धन ने मीडिया से बात करते हुए कहा वर्तमान समय में प्रदेश की कानून व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही है। अपराधी बैखोफ होकर जनता की मेहनत की कमाई लूट रहें है और पुलिस हाथ मल रही है। यहां पर हुई घटना को देखकर लगता है अपराधी बड़ी फुरसत में थे और उन्हें पुलिस का कौई खौफ नहीं था। स्थिति यह रही है कि अपराधियों के फायर करने पर पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग भी नहीं की गई। सरकार ने पुलिस के हाथ बांधे हुए है और उनके पास साधनों का भी अभाव है, जनता की सुरक्षा छोड कर पुलिस मंत्रियों और विधायकों की सुरक्षा में लगी हुई है। कर्नल राज्यवर्धन ने कहा गहलोत सरकार ने राजस्थान को पांच साल पीछे धकेल दिया और अपराधों में टॉप पर पहुंचा दिया। राजस्थान में बहन-बेटियों को सम्मान की परम्परा रही है लेकिन आज यहां पर बहन बेटियां अकेली निकलने में भी घबराती है।

## कुश्ती प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन

**सांभरझील, (निसं)।** राजकीय शाकंभर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षक डॉ. सुरेंद्र सिंह राठौड के नेतृत्व में खिलाड़ियों की ओर से लगातार बेहतर प्रदर्शन किए जाने से जहां क्षेत्र का नाम लगातार रोशन हो रहा है साथ ही विभिन्न खेलों की खेल प्रतिभाओं का हुनर भी निखर कर सामने आ रहा है। राठौड़ ने बताया कि अन्तरमहाविद्यालय कुश्ती (महिला/ पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन पिछले 2 दिनों तक खेल बोर्ड, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में हुआ। इस प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय, साँभर की प्रतिभागी छात्राओं में बबली गुर्जर ने 72 किलो ग्राम भार वर्ग में ब्रान्ज मैडल, सीमा चौधरी ने 65 किलो ग्राम भार वर्ग में ब्रान्ज मैडल तथा छात्र सुरेन्द्र जाट ने 87 किलो ग्राम भार वर्ग में सिल्वर प्राप्त कर महाविद्यालय ही नही अपितु सांभर क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है।

## प्रतियोगिताओं का समापन

**राजगढ़, (निसं)।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में प्राचार्य डॉ. राव सज्जन सिंह की अध्यक्षता में महिला अध्ययन प्रकोष्ठ की विविध प्रतियोगिताओं का समापन हुआ। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. रजनी मीणा ने बताया कि प्रथम सत्र में महिला सुरक्षा :वर्तमान समाज की चुनौती और समाधान विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान तनुजा व्यास, द्वितीय स्थान निधि परेवा तथा तृतीय स्थान पुष्पा कुमारी शर्मा ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के द्वितीय सत्र में विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें प्रथम स्थान पूजा कुमारी शर्मा, द्वितीय स्थान तमन्ना शर्मा तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से प्रेरणा सोनी और मानसी शर्मा का रहा। तृतीय सत्र में एकल लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संजना मीणा, द्वितीय स्थान मानसी भारद्वाज तथा तृतीय स्थान तमन्ना शर्मा ने प्राप्त किया। इन सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

## लिंग आधारित हिंसा पर कार्यशाला आयोजित

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ लालसोट के तत्वावधान में लिंग आधारित हिंसा हिंसा को समाप्त करने का आव्हान करती कार्यशाला स्टॉप वयोलेन्स अगेंस्ट वुमन आयोजित की गयी।

कार्यशाला में बालिकाओं ने समाज में हिंसात्मक व्यवहार की अनेकों कहानियां सुनाई, जिसमें प्रमुखता से मनचलों द्वारा फब्तियां कसने, ट्रैक्टर में तेज आवाज में चलते अश्लील और फूहड़ गाने की समस्याओं को प्रमुखता से रखा, रेंजर बालिकाओं ने एक सुर में कहा कि अब लिंग के अनुसार भेदभाव बर्दास्त नहीं है। कार्यक्रम में नगरपालिका चेयरमैन रक्षा मिश्रा,स्काउट चेयरमैन और सीबीईओ गोविंद नारायण माली, सीबीईओ रामगढ़ पचवारा मुरारीलाल जाँगिड़, भारत स्काउट गाइड संगठन संघ प्रधान पुरुषोत्तम जोशी, प्रभारी गाइड कमिश्नर अंजना त्यागी,गाइड

■ बालिकाओं ने कहा, मनचलों पर हो कार्यवाही

कमिश्नर चेतना बंशीवाल की उपस्थिति में इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक एवं स्काउट सचिव श्रीकान्त शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम महिलाओं के खिलाफ हिंसा के प्रति जागरूक करने के लिये किया जा रहा है,जिसमें राजेश पायलट पीजी कॉलेज से खुशी शर्मा, राजकीय कन्या महाविधालय से स्नेहा खंडेलवाल, अपेल एकेडेमी स्कूल से रिशिका शर्मा प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर के रूप में भाग ले रही हैं।

विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि लिंग-आधारित हिंसा के अनुभव, व्यापकता और विचारों पर अपनी आवाज़ और कहानियों को साझा करने के लिए दुनिया भर की लड़कियों के संवाद स्थापित करने की आवश्यकता है।

# डाकघर के सामने खुला नाला दे रहा हादसे को न्यौता

**पावटा, (निसं)।** शहर में जगह-जगह हादसों को आमंत्रण देते खुले नाले व टूटे पड़े फेरोकवर की भरमार है, लेकिन जिम्मेदार इसकी सुध लेना मुनासिब नहीं समझ रहे।

बरसाती मौसम में पानी की सुचारू निकासी नहीं होने से बरसात के दौरान सड़कें लबालब हो जाती हैं और ऐसे में इन खतरों से राहगीर व वाहन चालक अनभिज्ञ रहते हैं और कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। खुले पड़े नालों से हो रहे हादसों के बाद भी प्रशासन सबक नहीं ले रहा है। नेशनल हाईवे सर्विस रोड स्थित डाकघर के सामने एक नाला काफी समय से खुला पड़ा है। एनएचएआई और नगर पालिका की तरफ से इसे फेरोकवर से नहीं ढका गया है। इस कारण इसमें गिरकर बड़ा हादसा होने का अंदेशा है। डाकघर के सामने फिलहाल रात को अंधेरा रहता है। ऐसे में खुले नाले से



पावटा में नेशनल हाईवे सर्विस रोड स्थित डाकघर के सामने एक नाला काफी समय से खुला पड़ा है।

हादसे होने का खतरा बढ रहा है। वहीं डाकघर से संबंधित अधिकारी भी इसे देख कर अनदेखा कर रहे हैं।

गुरुवार को इस खुले नाले के किनारे से गुजर रहे राहगीरों के अनुसार ऐसे मामलों में अधिकारियों की

■ शहर में जगह-जगह खुले नाले व टूटे पड़े फेरोकवर की भरमार

जवाबदेही तय होनी चाहिए। डाकघर के मुख्य द्वार के सामने नाले का फेरोकवर टूटा पडा है। लेकिन नगरपालिका ने इसकी सुध नहीं ली। शहर का यह एक व्यस्तम मार्ग है और यहां हर समय वाहन चालकों व राहगीरों की आवाजाही रहती है। वही एनएचएआई अधिकारियों व कर्मचारियो ने बताया कि खुले पडे नाले के बारे में जानकारी नहीं है। वही पावटा प्रागपुरा नगर पालिका ईओ मनीषा यादव ने एनएचएआई अधिकारियों व कर्मचारियों से बात कर जल्दी ही नाले को ढकवाने की बात कही।

## पेंशनर्स सम्मान समारोह सम्पन्न

**चौंमू/कालाडेरा, (निसं)।** राजस्थान पेंशनर्स मंच, उपशाखा चौमूं का 18वां वार्षिक पेंशनर्स सम्मान समारोह शहर के नगरपालिका सभा-भवन में विधायक रामलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

विधायक शर्मा ने आव्हान किया कि पेंशनर्स ने विपरीत परिस्थितियों में अपने सेवाकाल में कार्य किया है और समाज की सेवा की है।

सेवा कार्य के अनुभव का लाभ समाज को देकर लाभान्वित करें ताकि युवा पीढ़ी का भविष्य उज्जवल हो सके। मंच के मीडिया प्रभारी सीताराम बुनकर ने बताया कि समारोह में 70 व 80 वर्ष के 137 पेंशनर्स का शॉल ओढ़ाकर व श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंच की 18वां पुष्पा स्मारिका का विमोचन किया गया।

समारोह की अध्यक्षता राजस्थान पेंशन मंच के जिलाध्यक्ष गुलाब चन्द लाम्बा ने की तथा पेंशनर्स के जीवन प्रमाण पत्र व अन्य समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# राकेश मिस्टर व तनु मिस ताल चुने गए

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वेलकम पार्टी 'ताल 2022' का आयोजन धूम-धाम से किया गया।

कार्यक्रम प्रभारी विजेन्द्र पूनिया ने बताया कि मुख्य अतिथि डॉ. नरेश मलिक सहायक प्रोफेसर भूगोल व निदेशक स्टूडेंट वेलफेयर एंड कल्चरल अफेयर्स राजस्थान विश्वविद्यालय-जयपुर, विशिष्ट अतिथि डॉ. घनश्याम कच्छावा सहायक प्रोफेसर प्राणीशास्त्र राजस्थान विश्वविद्यालय-जयपुर, विशिष्ट अतिथि निशानेबाजी में अर्जुन अवार्ड प्राप्तकर्ता ओमप्रकाश मिठारवाल, विशिष्ट अतिथि कल्पेश चौधरी अध्यक्ष-स्टूडेंट वेलफेयर एंड कल्चरल अफेयर्स, राजस्थान विश्वविद्यालय-जयपुर, संस्थान की अध्यक्ष पार्वती देवी, निदेशक मोहर सिंह खर्रा, सचिव गीता खर्रा व प्राचार्य डॉ वी.के. सैनी ने दीप प्रज्वलित कर



महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वेलकम पार्टी 'ताल 2022' का आयोजन धूम-धाम से किया गया।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को अनुशासित रहते हुए लक्ष्य पर डटे रहने की सिख दी।परीक्षा की तैयारी में जोर शोर से उतरने पर जोर दिया। सभी को शिक्षा, खेल व समाज से जुड़ने की प्रेरणा की। कार्यक्रम में नेट, जे.आर.एफ., खेल प्रतिभा व कॉलेज मेरिट प्राप्त कर्ताओं को स्व. प्रताप सिंह खर्रा स्मृति योग्यता छात्रवृति से नवाजा गया, जिसमे चेक, स्वर्ण पदक, रजत पदक व कांस्य पदक प्रदान कर विधार्थीयो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम सचिव वीरेंद्र यादव ने बताया की कार्यक्रम में मिस्टर ताल राकेश सैनी व मिस ताल तनु स्वामी को चुना गया।


# जहां राहुल गांधी के खाना खाने का इंतजाम, उसी टैंट में धरने पर बैठे किरोड़ी मीणा

## किरोड़ी के धरना स्थल, अलवर-दौसा बॉर्डर पर सुरेर गांव में 19 दिसम्बर को पहुँचेंगे राहुल गांधी

अलवर/राजगढ़, 17 दिसम्बर (निसं)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौसा जिले के समापन व अलवर जिले के प्रवेश स्थल पर शनिवार को राज्यसभा सांसद व भाजपा नेता डॉ. किरोड़ी लाल मीणा बड़ी संख्या में लोगों के साथ पहुंच गए।

दौसा-अलवर बॉर्डर पर सुरेर गांव में जहां 19 दिसम्बर को राहुल गांधी के भोजन करने का इंतजाम किया गया था। उसी टैंट में डॉ. किरोड़ी बड़ी संख्या में युवाओं के साथ धरने पर बैठ गए। किरोड़ी अलग-अलग मुद्दों को लेकर राहुल गांधी को ज्ञापन देंगे।

डॉ. किरोड़ी शनिवार दोपहर अचानक सुरेर पहुंचे। उनके आने के कुछ देर बाद ही बड़ी संख्या में युवा वहां आ गए। देर शाम तक लोगों का आने का सिलसिला जारी है। उन्होंने कहा कि, राज्य सरकार ने कोविड हेल्थ वर्कर्स से काम लिया, बाद में हटा दिया। उनके लिए सरकार कुछ करे। किसानों की जमीन अवाप्त कर ली, मुआवजा नहीं मिला। शराब कारोबारियों को संकट में डाल दिया, प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार हुए हैं, कई अन्य मुद्दों को लेकर राहुल गांधी को ज्ञापन देकर अवगत कराएंगे। हो सकता है उनके संज्ञान में मामला आने के बाद सरकार बेरोजगारों के हित में कोई निर्णय लें। डॉ. किरोड़ी ने बड़ी संख्या में युवाओं के साथ धरने पर बैठने के बाद कहा कि वे उनको ज्ञापन देकर ही जाएंगे। चाहे राहुल गांधी दो दिन में आएं, तब तक यहां बैठे रहेंगे। उन्होंने प्रदेश भर के युवाओं को आव्हान भी किया कि वे भी



*आगामी 19 दिसम्बर को राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा जिस जगह पर पड़ाव डालने वाली है, भाजपा सांसद किरोड़ी लाल मीणा उस जगह पर पहले ही पहुँच गये हैं। दरअसल, दौसा -अलवर बॉर्डर पर राहुल गांधी की यात्रा के दौरान भोजन का इंतजाम किया गया है। शनिवार को किरोड़ी लाल मीणा उसी टैंट में पहुँच गये और अपने समर्थकों की अच्छी -खासी भीड़ के साथ डेरा डालकर धरने पर बैठ गये।*

पहुंचें। हालांकि डॉ. किरोड़ी के आने के बाद प्रशासन बहुत अधिक अलर्ट हो गया है। इससे पहले, करोना के समय शराब कम बेचने पर लगी पेनल्टी समाप्त करने एवं कोविड स्वास्थ्य सहायकों को नियमित करने सहित अपनी मांगों को लेकर पीड़ितों ने सिकंदरा-अलवर मार्ग पर थाना राजाजी के पास जाम लगाया। इसके कारण वाहन चालकों सहित आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शराब ठेकेदार यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष पंकज धनखड़ ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम ओमप्रकाश मीणा को ज्ञापन दिया। इस जाम के कारण प्रशासन व पुलिस को समझाइश करनी पड़ी मगर आंदोलनकारी टस से मस नहीं हुए। करीब 2 घंटे पश्चात पुलिस प्रशासन ने माइक से कानून को अपने हाथ में नहीं लेने की चेतावनी देते रास्ता अवरुद्ध नहीं करने की अपील की। बाद में पुलिस प्रशासन ने आंदोलनकारियों को सड़क मार्ग से खदेड़ दिया। इससे पूर्व डॉ. किरोडी लाल मीणा ने टहला जा रहे राज्य सरकार के मंत्री बी.ड़ी. कल्ला, पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह एवं कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली सहित अन्य प्रतिनिधियों से समस्याओं के बारे में वार्ता की। इस अवसर पर भाजपा के विजय समर्थ लाल मीणा, सुनीता मीणा एवं शिवलाल मीणा सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

- **शनिवार दोपहर अचानक किरोड़ी लाल मीणा सुरेर गांव पहुँचे, उनके साथ कई युवा भी आ गए और देर शाम तक लोगों के आने का सिलसिला जारी रहा।**
- **किरोड़ी ने कहा कि, वे कोविड हैल्थ वर्कर, महिलाओं पर अत्याचार व किसानों की जमीन अवाप्ति जैसे कई मुद्दों पर राहुल को ज्ञापन देंगे।**

## सरकार के 4 ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सिक्योरिटी लागू कीजिए। केंद्र 200 रुपए की बुजुर्ग पेंशन देता है, 200 रुपए में क्या होता है? पूरे देश में नीति बने और सबको कम से कम 2000 से 3000 रुपए पेंशन मिले। इसमें आधा पैसा केंद्र सरकार और आधा राज्य दे।गहलोत ने कहा कि कर्मचारियों के लिए हमने ओपीएस लागू की, इसका विरोध भी हो रहा है। नीति आयोग ने विरोध किया, वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह ने विरोध किया है। दुनिया के कई अर्थशास्त्री इसका विरोध कर रहे हैं। खुद प्रधानमंत्री ओपीएस के खिलाफ है। गहलोत ने कहा कि हिमाचल के मुख्यमंत्री दिल्ली में जाकर सबके सामने गिड़गिड़ाए है कि हमें ओल्ड पेंशन लागू करने दो, नहीं तो चुनाव हार जाएंगे। उनकी एक बात नहीं सुनी गई और हिमाचल के नतीजों के एक दिन बाद एनके सिंह का स्टेटमेंट आ गया इसके खिलाफ। पीएम तो इसके शुरू से खिलाफ हैं।

मनरेगा को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने मनरेगा को स्मारक कहा था। वो स्मारक ही मुश्किल वक्त में काम आया और आज भी काम आ रहा है। हमने मनरेगा से आगे बढ़कर शहरी नरेगा शुरू की है, राजस्थान पहला राज्य है, जहां शहरी रोजगार गारंटी योजना शुरू की गई है। गहलोत ने कहा कि राजस्थान में 25 एमपी जीताकर भेजे हैं। क्या वे ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं करवा सकते?

# महेन्द्र शांडिल्य हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्वाचित

## बलराम वशिष्ठ महासचिव चुने गए

जयपुर, 17 दिसंबर। राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर महेन्द्र शांडिल्य विजयी हुए हैं। उन्हें 1621 मत मिले और उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी प्रहलाद शर्मा को 542 मतों से हराया।

वहीं महासचिव के पद पर बलराम वशिष्ठ विजयी रहे। उन्होंने संजय खेदड को 108 मतों से पराजित किया। इसी तरह उपाध्यक्ष के दो पदों पर नरेन्द्र कुमार और श्रवण सैनी विजयी हुए। जबकि संयुक्त सचिव के पद पर देवांग चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष पद पर हितेश मिश्रा, सामाजिक सचिव के पद पर शिल्पा शर्मा, पुस्तकालय सचिव के पद पर प्रमिला शर्मा और संयुक्त पुस्तकालय सचिव के पद पर नरेन्द्र शर्मा विजयी हुए।

इसी तरह कार्यकारिणी के आठ पदों के लिए मनीष सिंह तोमर, अभिषेक शर्मा, अंजनी कुमार शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, कमलेश शर्मा, जगदीश नागर, सतीश कुमार बलवदा व समीर शर्मा को निर्वाचित किया गया। सुबह 11 बजे से शुरु होने वाली मतगणना तकनीकी कारणों के चलते करीब सवा बजे से शुरु हुई। वहीं पदाधिकारियों के मतों की गणना के दौरान कार्यकारिणी के पद के उम्मीदवार को मतगणना स्थल से बाहर निकालने के चलते वकीलों में तकरार हो गई। इस दौरान कुछ लोगों ने मतगणना हॉल की दो खिडकियों पर लगे कांच फोड दिए। इस पर पुलिस के आलाधिकारियों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।

- **शांडिल्य ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी संजय खेदड़ को 108 मतों से हराया।**
- **मतगणना के दौरान एक-दो बार टकराव के हालात भी पैदा हो गए थे।**

# 'तीन नेताओं की अनुशासनहीनता पर 23 दिसम्बर को कार्यवाही होगी'

## राजस्थान में कांग्रेस के नए प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा, खड़गे जी के पास रिपोर्ट है और उसी के आधार पर कार्यवाही होगी

जयपुर, 17 दिसम्बर (का.प्र.)। राजस्थान में 25 सितंबर को हुई समानांतर विधायक दल की बैठक और उसके बाद मिले तीन नेताओं के नोटिस को लेकर 23 दिसंबर को फैसला होने वाला है। राजस्थान में चल रही इसी राजनीतिक उठापटक को लेकर राजस्थान के प्रभारी बने सुखजिंदर सिंह रंधावा का कहना है कि वो तो नए आए हैं। पर खड़गे जी के पास अनुशासन समिति की जो रिपोर्ट गई है, उस पर 23 दिसंबर को बैठक में निर्णय लिया जाएगा। इसमें विधायकों के इस्तीफे के साथ ही तीन नेताओं को मिले कारण बताओ नोटिस का मसला भी शामिल होगा। राजस्थान में अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच चल रही राजनीतिक प्रतिद्वंदिता को लेकर रंधावा ने कहा कि राजस्थान में गहलोत और पायलट के बीच कोई झगड़ा नहीं है। अगर झगड़ा होता तो दोनों नेता राहुल गांधी के दाएं-बाएं चलकर भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने की बजाय गुटबाजी करते नजर आते। इसी के साथ रंधावा ने कहा कि कांग्रेस एक लोकतांत्रिक पार्टी है और नेताओं पर अपनी बात आलाकमान तक पहुंचाने में कोई रोक नहीं है, लिहाजा नेता भी अपनी बात खुलकर कहते हैं।

विधायक दल की समानांतर बैठक बुलाए जाने के आरोपी माने जा रहे तीन नेताओं पर कार्रवाई पर उन्होंने कहा कि

- **रंधावा ने राजस्थान में गहलोत-पायलट प्रतिद्वंदिता को सिरे से खारिज कर दिया और कहा, यह सिर्फ मीडिया के दिमाग में है।**
- **विधायकों के इस्तीफा प्रकरण पर रंधावा ने यह कह कर टिप्पणी करने से मना कर दिया कि, उन्होंने अभी इस्तीफे नहीं देखे हैं।**



*प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।*

23 दिसंबर को दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ होने वाली बैठक इन सभी बिन्दुओं पर बातें होंगी।

पायलट के सियासी स्टेटमेंट्स को लेकर उन्होंने कहा कि शुक्रवार को राहुल गांधी ने कहा था कि हमारी पार्टी में डैमोक्रेसी है ओर कोई भी अपनी बात बोल सकता है। हर नेता को उसके विचार रखने का अधिकार है। भाजपा में ऐसा नहीं है, क्योंकि वहां मुंह खोलने वालों को पार्टी से चलता कर दिया जाता है। लेकिन हमारी पार्टी आज तक नेताओं की बात सुनकर उसका सम्मान करती आई है। पार्टी शीर्ष नेतृत्व हमेशा से ही नेताओं की बातों व विचारों को तरजीह देते आई है और उसे इंप्लीमेंट भी करती है। हालांकि, जो गलत है उस पर चर्चा होती है और फिर एक्शन होता है।

प्रभारी रंधावा ने आगे कहा कि गहलोत और पायलट के बीच सियासी खींचतान केवल मीडिया में चल रही है। असल हकीकत में ऐसा कुछ है ही नहीं। उन्हें कोई ग्रुपिज्म दिखाई नहीं दे रहा है। जहां तक कांग्रेस की बात है तो पार्टी में विधायकों की राय को अधिक महत्व दिया जाता है। विधायकों के इस्तीफा प्रकरण पर उन्होंने कहा कि वो अतीत की बात नहीं करते हैं, बल्कि भविष्य पर ध्यान देते हैं और वर्तमान की बात करना पसंद करते हैं। विधायकों के इस्तीफे की तकलीफ मीडिया को अधिक है। आगे उन्होंने कहा कि उन्होंने अभी तक भी फिलहाल इस्तीफे की कॉपी नहीं देखी हैं और उसे देखने के बाद ही इस पर कोई टिप्पणी करेंगे। बावजूद इसके इस पर तो निर्णय स्पीकर को ही लेना है। ऐसे में उन्हें लगता है कि इस पूरे मसले पर स्पीकर ही बेहतर बता सकते हैं।

रंधावा ने राजस्थान और पंजाब में राजनीतिक परिस्थितियों में फर्क बताते हुए कहा कि पंजाब में आखिरी तीन महीने में संकट आया था। ऐसा राजस्थान में नहीं होगा। हमारे पास एक साल है। रंधावा ने कहा कि सबसे पहले उनका टास्क जिला, ब्लॉक और बूथ कमेटी के गठन का है। जिसे वो 10 से 15 दिन में पूरा करने की तैयारी में है। कांग्रेस में हर कम्युनिटी, हर वर्कर, किसने कितना काम किया है, उससे ज्यादा उसे रिवार्ड मिलेगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता कांग्रेस की बैकबोन हैं। चुनाव एम.एल.ए. नहीं, बल्कि कार्यकर्ता लड़ता है। अगर उसमें जोश है तो फिर जीत सुनिश्चित होती है।

## पंजाबी नुस्खा...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कितनी शराब की जरूरत होगी, ताकि यह शराब, गैर कानूनी शराब के प्रचलन वाले क्षेत्रों में उपलब्ध कराई जा सके।''

पंजाब सरकार ने कहा कि उसने इस अदालत के वे निर्देश क्रियान्वित कर दिये हैं, जो राज्य में अवैध शराब के उत्पादन को रोकने के लिये दिये गये थे।

अदालत ने 5 दिसम्बर को भगवंत मान सरकार की खिंचाई करते हुये कहा था कि वह राज्य में अवैध शराब के अत्यधिक उत्पादन एवं बिक्री के खिलाब कोई कार्यवाही नहीं कर रही है।

अदालत ने यह भी कहा था कि सरकार इस मामले में केवल केस दर्ज कर रही हैं, लेकिन उसके बाद की कार्यवाही नहीं कर रही।

गुरुवार को, पंजाब सरकार ने उसके द्वारा जारी किये गये उस सर्कुलर का हवाला दिया था, जिसमें कहा गया है कि अगर शराब बनाने वाली कोई ''भट्टी'' किसी क्षेत्र में पाई जाती है तो उसके लिये स्थानीय पुलिस अधिकारी जिम्मेदार होंगे। इसके अलावा, अवैध शराब निर्माण की सूचना देने वाले व्यक्ति को 50,000 रू. से लेकर 1 लाख रू. तक का इनाम दिया जायेगा। इनाम की राशि की मात्रा जब्त हुई अवैध शराब की मात्रा पर निर्भर होगी।

इसके अलावा, एक सजगता-अभियान भी चलाया जा रहा है ताकि लोगों को अवैध शराब पीने के दुष्परिणामों की जानकारी दी जा सके।

# अल्पसंख्यकों को दी जा रही मौलाना आज़ाद नैशनल स्कॉलरशिप बंद की सरकार ने

## यह छात्रवृत्ति एम. फिल व पी.एच.डी. की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को दी जाती है

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 दिसम्बर। केन्द्र सरकार के निर्णय ने एक विवाद को जन्म दे दिया है जिसके अन्तर्गत, एम.फिल. तथा पीएच.डी. कर रहे अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को दी जाने वाली मौलाना आज़ाद नैशनल फैलोशिप (एम.ए.एन.एफ.) तथा कक्षा 1 से 8 तक के अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को मिलने वाली प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति बंद कर दी गई है।

एम.ए.एन.एफ. को रोकने के पीछे केन्द्र का तर्क यह है कि उच्च शिक्षा के लिये इस स्कीम के अलावा भी अन्य कई फैलोशिप स्कीम चल रही हैं। जहाँ तक प्री-मैट्रिक छात्रवृत्तियों का संबंध है, अल्पसंख्यक मामलात मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा है कि 2009 के राइट टू एजुकेशन एक्ट ने सरकारों के लिये यह अनिवार्य कर दिया है कि वे कक्षा 8 तक के सभी बच्चों के लिये नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था करेगी।

लेकिन विद्यार्थी इन तर्कों को स्वीकार करते प्रतीत नहीं हो रहे तथा अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों में इस निर्णय के बाद विरोध-प्रदर्शन शुरु हो सकते है।

इस बीच, विभिन्न राजनैतिक दलों के सांसदों ने इस निर्णय को वापस लिये जाने की माँग की है। मजेदार बात यह है कि महाराष्ट्र की बीड़ सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे भाजपा सांसद प्रीतम मुन्डे भी इस निर्णय की वापसी की माँग से जुड़ गये हैं।

एम.ए.एन.एफ. स्कीम, जस्टिस सच्चर कमेटी की 2005 की रिपोर्ट, जिसमें भारत की सामाजिक-आर्थिक एवं शैक्षिक स्थितियों का आकलन शामिल था, की सिफारिशों के फलस्वरुप वर्ष 2009 में शुरु की गई थी। किन्तु, अन्य अल्पसंख्यक समुदाय, जिनमें ईसाई, बौद्ध, जैन, पारसी तथा सिख-शामिल हैं, भी एक पंचवर्षीय फैलोशिप प्रोग्राम के तहत वित्तीय अनुदान के पात्र थे।

स्वयं सेवी संगठन, जैसे पुणे का पहचान फाउन्डेशन, प्री-मैट्रिक छात्रवृत्तियों को रोक देने के सरकार के निर्णय पर सवाल उठा रहे हैं। इस संगठन के प्रवक्ता ने कहा, ''छात्रवृत्तियाँ सबसे पहले उन विद्यार्थियों की मदद के लिये शुरु की गई थीं, जो आर.टी. एक्ट का लाभ लेने की स्थिति में नहीं हैं। इस स्कीम को रोक देने का यह निर्णय समाज के एक वर्ग को शिक्षा से वंचित करने के समान है।''

जे.एन.यू. के प्रो. प्रवीण झा ने कहा कि शिक्षा के लिये भारत का बजट-आवंटन हर तरह से बहुत ही कम हैं। फैलोशिप तथा स्कॉलरशिप रोक देने के निर्णय से वे वर्ग निश्चित रूप से प्रभावित होंगे, जिन्हें इनसे कुछ न कुछ मिल रहा था।''

सरकार डेटा के अनुसार, 2014-15 से 2024-22 तक एम.ए. एन.एफ. फैलोशिप के लिये 6,722 विद्यार्थी चयनित किये गये थे।

- **यह छात्रवृत्ति प्री. मैट्रिक की पढ़ाई कर रहे मुस्लिम विद्यार्थियों को भी दी जाती थी।**
- **अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति इरानी ने इस बारे में कहा कि, ये विद्यार्थी, जो हायर एजुकेशन की पढ़ाई के लिये इस छात्रवृत्ति का उपयोग कर रहे थे, उन्हें कई और सरकारी योजनाओं के तहत स्कॉलरशिप मिल रही है और मिल सकती है।**
- **स्मृति इरानी का, प्री-मैट्रिक की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के बारे में भी यह भी कहना था कि, उन्हें शिक्षा का अधिकार (आर.टी.ई.) छात्रवृत्ति उपलब्ध है।**
- **पर, अल्पसंख्यक वर्ग इस स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं है तथा कई विश्वविद्यालय, जैसे अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी, सरकार के इस आदेश के खिलाफ धरने प्रदर्शन आयोजित कर रहे हैं।**

## 13 साल पहले रिश्वत ली, अब सजा मिली

जयपुर, 17 दिसंबर। एसीबी मामलों की विशेष अदालत ने बिजली का घरेलू कनैक्शन कराने के बदले 13 साल पहले 1100 रुपए की रिश्वत लेने के मामले में रंगे हाथों पकड़े गए जे.वी.वी.एन.एल. के रीडर जगदीश प्रसाद मीणा को एक साल की सजा सुनाई है।

इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर बीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया कि, 15 सितंबर 2009 को परिवादी रामसहाय मीणा ने एसीबी में रिपोर्ट दी थी। जिसमें कहा गया कि, उसने गोनेर रोड के अपने मकान में बिजली का कनेक्शन लेने के लिए अपनी पत्नी के नाम जेवीवीएनएल में आवेदन किया था।

- **ए.सी.बी. अदालत ने जयपुर विद्युत वितरण निगम के रीडर जगदीश मीणा को 13 साल पहले 1100 रू. रिश्वत लेने के मामले में एक साल की सजा सुनाई।**

## 'अशोक गहलोत स्कूल ऑफ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बताया कि जन घोषणापत्र में किये गये 70 फीसदी से अधिक वादे तथा 85 फीसदी से अधिक बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारा है। कुशल वित्तीय प्रबंधन के कारण संभव हुआ है, जबकि राज्य सरकार के पास बजट में की गई घोषणाओं को लागू करने के लिये वित्तीय प्रबंधन, आवंटन के लिये कोई कार्ययोजना नहीं है। पूनिया ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 2018 के विधानसभा चुनाव में व कांग्रेस के जनघोषणा पत्र में किसानों, युवाओं, महिलाओं, उद्यिमयों,व्यवसाइयों, बेरोजगारों से किये गये वादों का क्या हुआ? शहरों में नरेगा की तर्ज पर शहरी बेरोजगारों को रोजगार देने के लिये इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना की लॉन्चिंग वित्त वर्ष के 8 माह बाद में की, समन्वय समिति व कलेक्टरों को जो जिम्मेदारी दी,वो कागजों में ही है। करोनाकाल में पढ़ाई में हुये नुकसान की भरपाई के लिये स्कूली बच्चों को तीन माह की अवधि के ब्रिज कोर्स की बजट 2022-23 में घोषणा की, मुख्यमंत्री ने जुलाई 2022 में ब्रिज कोर्स की लॉन्चिंग की, लेकिन वर्तमान में किसी प्रकार से कोर्स स्कूलों में संचालित नहीं किया गया। पूनिया ने कहा कि मुख्यमंत्री का कहना है कि, निरोगी राजस्थान के संकल्प के लिये मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना, निशुल्क जांच योजना व मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने से राजस्थान यूनिवर्सल हेल्थ लागू करने वाला अग्रणी राज्य बन गया है, जबकि हकीकत में पीएचसी, सीएचसी, जिला अस्पताल, सेटेलाइट अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों में ना दवाई, ना जांचों की सुविधा, ऑपरेशन के लिये पर्याप्त मात्रा में सर्जिकल उपरकरण इत्यादि की उचित व्यवस्था नहीं है, ना डॉक्टर्स और ना पेरामेडिकल स्टाफ की व्यवस्था नहीं है। मरीजों के परिजनों को पर्ची पर लिखी हुई दवाइयां अस्पताल के बाहर से खरीदनी पड़ रही हैं,जांचें भी बाहर से करवानी पड़ रही है। जिससे महंगी दवाइयां और महंगी जांचें होने से मरीज के परिजनों पर आर्थिक भार पड़ रहा है। चिरंजीवी योजना में निजी अस्पतालों को समय पर इस योजना के क्लेम का भुगतान नहीं होने से अस्पताल कतरा रहे हैं, जिससे आमजन को परेशानी हो रही है। क्लेम के भुगतान में देरी होने व भ्रष्टाचार के कारण अस्पताल इलाज करने से दूरी बना रहे हैं। सम्पूर्ण किसान कर्जमाफी का राहुल गांधी ने 2018 में वादा किया था, कांग्रेस शासन में प्रदेश में 18817 किसानों की जमीनें कुर्क हो गई, 200 से अधिक किसानों ने सुसाइड कर लिया, सबसे अधिक किसानों की जमीनें अलवर में 04 हजार से अधिक किसानों की हुई हैं, जहां से 19 दिसंबर को राहुल गांधी यात्रा के जरिये जायेंगे, जिनके लिये कालीन बिछाने के लिये हरे पेड़ों तक को काट दिया गया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के संरक्षण में पेपर लीक का महाघोटाला हुआ, जिसमें कांग्रेस पार्टी से जुड़े राजीव गांधी स्टडी सर्किल के लोग भी इसमें शामिल हैं, जिससे प्रदेश की जनता वाकिफ है, सीबीआई जांच होगी तो बड़े चेहरों से नकाब उतर जायेगा। उन्होंने कहा कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में कहा कि, 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे, जबकि गर्मियों में घंटों तक बिजली कटौती हुई और कोयला का संकट राज्य सरकार ने स्वयं पैदा किया, कम से कम 12 बार फ्यूल चार्ज बढ़ाया गया। बिजली पर कृत्रिम कमी करके उसका पावर परचेज के नाम पर महंगी बिजली खरीदकर चांदी कूटने का कार्य इस कांग्रेस सरकार ने किया है। कम्पनियों ने 16 से 18 रुपये प्रति यूनिट बिजली कंपनियों ने परचेज की। प्रदेश में बिजली उपलब्धता के हालात ऐसे हैं कि मिस-मैनेजमेंट के कारण जनता को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है और किसान को कड़ाके की सर्दी में रात के समय सिंचाई के लिये बिजली मिलने से काफी संख्या में किसानों की मौत हो गई। कांग्रेस सरकार के 4 वर्ष के शासन में प्रदेश में 8 लाख 61 हजार से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हो चुके हैं, 7 हजार से अधिक हत्यायें, एक लाख 55 हजार से अधिक महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामले, 25 हजार से अधिक दुष्कर्म के केस, देशभर में दुष्कर्म के मामलों में राजस्थान पहले नंबर पर है, बच्चियों के तस्करी के मामले में नंबर वन, अवैध खनन में नंबर वन, महिला अपराध में दूसरे नंबर है।

## धर्मांतरण

कोलकाता, 17 दिसंबर (वार्ता)। ईसाइयों के एक मंच बंगिया ईसाई परिशेबा (बीसीपी) ने शनिवार को कहा कि वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन सौंपेगा और उनसे यह सुनिश्चित करने का आग्रह करेगा कि धर्म परिवर्तन कर अन्य धर्मों को ग्रहण करने वाले अनुसूचित जनजाति के लोगों को धर्मांतरण से पहले के मिले हुए अधिकार उन्हें धर्मांतरण के बाद भी अधिकार मिलते रहें।

बीसीपी के प्रदेश कार्यकारी सचिव हेरोड मुल्लिक ने यहां मीडियाकर्मियों से कहा, रूढ़िवादी समूह 1960 से मांग कर रहे हैं कि धर्मांतरण करने वाले एसटी समूह के लोगों के लोगों के लाभों को रद्द किया जाना चाहिए। इसी उद्देश्य से वे झूठे प्रचार और घृणा अभियान चला रहे हैं। वे कथित तौर पर ईसाई समुदाय और चर्चों पर जघन्य हमले भी कर रहे हैं। राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री को सौंपे जाने वाले ज्ञापन में हम उनसे कट्टरपंथी ताकतों के मंसूबों को विफल करने की अपील करेंगे।

- **क्रिश्चियन फोरम ने मांग की है कि 'धर्मांतरण के बाद ईसाई बनने वाले लोगों को आरक्षण व अन्य अधिकार मिलते रहें'।**

# 'मन की बात में चीन की बात करें, प्र.मंत्री'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 दिसम्बर। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता एवं पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 25 दिसम्बर को प्रसारित होने वाले अपने ''मन की बात'' कार्यक्रम में उनके द्वारा पूछे गए सात प्रश्नों पर बात करनी चाहिए। रमेश ने कहा कि ''यह उनका राजनीतिक कर्त्तव्य एवं नैतिक जिम्मेदारी है क्योंकि देश इस बारे में जानना चाहता है।''

जयराम ने निम्न सात प्रश्न सामने रखे हैं:

1. 20 जून 2020 को अपने यह क्यों कहा कि भारतीय क्षेत्र के पूर्वी लद्दाख में चीन ने कोई घुसपैठ नहीं की है?
2. आपने चीन को यह अनुमति क्यों दी कि वह पूर्वी लद्दाख के उन कई हजार किलोमीटर क्षेत्र में हमारी सेनाओं को आगे बढ़ने से रोके, जहां पर मई 2020 से पूर्व तक हमारे सैनिक नियमित पैट्रोलिंग कर रहे थे।
3. माउण्टेन स्ट्राइक कोर के गठन को लेकर 17 जुलाई 2013 को कैबिनेट में मंजूर योजना को आपने क्यों त्याग दिया?
4. आपने चीन की कम्पनियों को पी.एम. केयर्स फण्ड में अंशदान देने की अनुमति क्यों दी हुई है?
5. आपने पिछले दो वर्षों में चीन से रिकॉर्ड स्तर पर आयातों की अनुमति क्यों दी है?
6. आप इस पर क्यों जोर दे रहे हैं कि सीमा की स्थिति और चीन से मिल रही चुनौतियों पर संसद में बहाल नहीं होनी चाहिए।
7. आपने चीन के नेतृत्व से 18 बार मुलाकात की है, जो अभूतपूर्व है और आपने हाल ही बाली में शी ज़िनपिंग से हाथ मिलाया था। चीन ने उसके तुरंत बाद ही तवांग में घुसपैठ कर दी गई और वह सीमाई स्थिति को एकतरफा तरीके बदलना जारी रखे हुए है। आप देश को विश्वास में क्यों नहीं ले रहे हैं?

प्रधानमंत्री मोदी ने 3 अक्टूबर 2014 को ऑल इंडिया रेडियो (ए.आई.आर.) और दूरदर्शन पर जब पहली बार राष्ट्र के नाम संबोधन किया था।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908


MARUTI SUZUKI ARENA
कीमतें बढ़ने से पहले
खरीदने का आखिरी मौका.
अपनी पसंदीदा मारुति सुजुकी एरीना कार ख़रीदें अभी
S-PRESSO
WAGONR
ALTO
बड़ी बचत
S-PRESSO ₹61 000*
WAGONR ₹57 000*
ALTO ₹57 000*
ऑफ़र सिर्फ़ स्टॉक रहने तक मान्य है।
S-PRESSO WAGONR ALTO
E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership | For bulk orders, mail at: bharat.mittal@maruti.co.in
AUTHORISED DEALERS: JAIPUR CITY: PREM MOTORS PVT. LTD: CORPORATE PARK, GOPAL BARI, AJMER ROAD: CALL: 4511111, 9785034000. JAIPUR-VKI, ROAD NO.8: CALL: 4411111, 9785023000. AURIC MOTORS PVT LTD.: MANSAROVAR: CALL: 8929207471. KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.: VAISHALI MARG, VAISHALI NAGAR: CALL: 9209056789. VIPUL MOTORS PVT. LTD.: TONK ROAD: CALL: 2727000, 7340045958. AJMER ROAD: CALL: 4065555, 9660000363. K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.: ADARSH NAGAR: CALL: 4074444, 9549650361. BANIPARK: CALL: 4072222, 2201365, 8698003009. SATNAM MOTOCORP PVT. LTD.: MALVIYA NAGAR: CALL: 2523400, 8302890000. SANGA AUTOMOBILES PVT. LTD.: TONK ROAD: CALL: 2793924/5/6/7, 4110100, 9772210902. JAIPUR: VIPUL MOTORS PVT. LTD.: DAUSA: CALL: 9773364861. LALSOT: CALL: 9773364863. BANDIKUI: CALL: 9773364864. MAHWA: CALL: 9773364862. MEHANDIPUR BALAJI: CALL: 9773364865. UNIARA: CALL: 7742944482. KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.: PHULERA: CALL: 7412077062. SAMBHAR: CALL: 7412068410. ACHROL: CALL: 7412077078. FORTUNE CARS: KARAULI: CALL: 8875001175/ 8875005132. HINDAUN: CALL: 9214794314 / 8875007758. PREM MOTORS PVT. LTD.: BASSI: CALL: 8058794137. SAWAI MADHOPUR: CALL: 07462-220029 / 8058799005 / 8058794181. GANGAPUR CITY: CALL: 8058794021. BAGRU: CALL: 8058401166. KOTPUTLI: CALL: 8058794121. JOBNER: CALL: 8058796065. RENWAL: CALL: 8058600117. RENWAL-MANJHI: CALL: 8058794042. DUDU: CALL: 8058406655. PHAGI: CALL: 8058403338. KANOTA: CALL: 8058794167. TUNGA: CALL: 8058794137. K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.: TONK: CALL: 9549651924. CHAKSU: CALL: 9549651926. SHAHPURA: CALL: 8696925275. DEOLI: CALL: 8696934957. MALPURA: CALL: 9549650513. NIWAI: CALL: 9667777114. PAOTA: CALL: 9549650495. VIRATNAGAR: CALL: 6350612446. JAMWA RAMGARH: CALL: 6350612727. SANGA AUTOMOBILES PVT. LTD.: CHOMU: (MORIJA ROAD): CALL: 9772210096 / 9772210906. GOVINDGARH: CALL: 9772210451. AJMER: RELAN MOTORS: CALL: 0145-2610106, 9214444222. AJMER AUTO: CALL: 0145-2425200, 9314531845, 9314391004. ALWAR: MG MOTORS: CALL: 9001795515, 9001795517, 8003692651, 8003692652, 8003090466. BIKANER: DUDI AUTOMOBILES: CALL: 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: CALL: 7412075151. AURIC MOTORS: CALL: 0151-2251819, 9529251819, 9636045111. SRIGANGANAGAR: AURIC MOTORS: CALL: 8955559963. DUDI AUTOMOBILES: PADAMPUR: CALL: 7412075151. SIKAR: JAMU AUTOMOBILES: CALL: (01572) 245515 / 246219. NEEM KA THANA: JAMU AUTOMOBILES: CALL: 9785644715. JHUNJHUNU: AURIC MOTORS: CALL: 8955664400. CHURU: AURIC MOTORS: CALL: 01562-250696, 8875010502. KOTA: BHATIA & COMPANY: CORPORATE OFFICE: 23-24, INDUSTRIAL ESTATE: CALL: 0744-2365092, 9829035100. DAKANIYA SHOWROOM: G-11-12, AUTO MOBILE ZONE, NEAR DAKANIYA STATION: CALL: 0744-2439000, 9829799009. SUWALKA MOTORS PVT. LTD.: KUNHARI: CALL: 0744-2370272, 9116312345, 7300308888. SULTANPUR: CALL: 9116178527. BHAWANIMANDI: CALL: 9116178557. KHANPUR: CALL: 07430-299240, 8306333715. JODHPUR: AURIC MOTORS PVT LIMITED: SARASWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: CALL: 0291- 2722691, 9015900500. BALESAR: CALL: 6377715171. AHORE: CALL: 9015900500. SAYLA: CALL: 9015900500. SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.: PRATAP NAGAR: CALL: 0291-2762064/65, 9929244403, 9829144436. PHALODI: CALL: 9928841300, 9116150669, 9929244402. L.M.J. SERVICES LTD: A-11, INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWER HOUSE ROAD: CALL: 8094011123, 8094011151, 0291- 2630478/79/80. NAGAUR: MANGALAM MOTORS: CALL: 9116008626, 9116008630. PALI: L.M.J. SERVICES LTD.: CALL: 02932 - 256177, 8094011136. SIROHI: NAVNEET MOTORS: CALL: 02972-222917-18, 7665010638. UDAIPUR: NAVNEET MOTORS: MADRI: CALL: 0294-2494454, 7230046380. CITY STATION ROAD: CALL: 0294-2415142, 7230046381. TECHNOY MOTORS: GOVARDHAN VILLAS: CALL: (0294) 2485158, 2485738, 9982666809. BANSWARA: NAVNEET MOTORS: CALL: 9414159145, 7665010632, 7412074100. BHILWARA: LOHIA AUTOMOBILES: CALL: 01482-264061, 264144, 09799545333, 09950512555. CHAMPION CARS: CALL: 01482-267135, 9602892423, 7727863720. BHARATPUR: TM MOTORS: CALL: 05644-220970, 226392, 9251423393, 9251423395, 8094000626. CHITTORGARH: BHATIA & COMPANY: CALL: 9414130799, 9001791753, 9587208999, 9414179006, 9413316117.
*Offer includes consumer offer, retail support, exchange offer and ISL/ Rural offer (wherever applicable) on S-Presso (Petrol- all variants except AGS), WagonR (1.2 L Petrol- all variants except AGS) and Alto 800 (Petrol- all variant except STD). *Terms & Conditions apply. Creative visualization. The terms and conditions are subject to change without any prior notice. All offers are brought to you by Maruti Suzuki dealers only. Offers may vary from variant to variant. All offers shown are valid for limited period & for limited stock only. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Colors shown may vary from actual body colors due to printing on paper. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. Price applicable on the date of invoice shall be applicable. Above offers are valid till 31st December 2022 or till stocks last, whichever is earlier.